संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शनिवार 18 अप्रैल 2026 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 11 अंकः 108 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com

हरियाणा संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पर सांसद निशिकांद दुबे अपनी बात रखते हुए।

# लोकसभा में राहुल गांधी के बयान पर हंगामा, सत्ता पक्ष ने जताई कड़ी आपत्ति

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री के लिए एक शब्द के इस्तेमाल पर सत्ता पक्ष ने तीखी आपत्ति जताई, जिसके चलते सदन में जोरदार हंगामा देखने को मिला। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी के बयान को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि यह केवल प्रधानमंत्री का नहीं, बल्कि देश की जनता का अपमान है। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री को चुनकर इस पद पर बैठाया है और इस तरह की भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने मांग की कि राहुल गांधी द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटाया जाए और उन्हें देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करते हुए कहा कि संसद की गरिमा बनाए रखना सभी सदस्यों की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो बातें सार्वजनिक मंचों पर कही जाती हैं, उन्हें उसी रूप में संसद में दोहराना उचित नहीं है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी राहुल गांधी की भाषा पर सवाल उठाते हुए



**कड़ी निंदा की**

**140 करोड़ लोगों ने पीएम को चुना है और इस प्रकार की बयानबाजी लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ**

कहा कि प्रधानमंत्री के प्रति इस तरह की टिप्पणी करना उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि 140 करोड़ लोगों ने प्रधानमंत्री को चुना है और इस प्रकार की बयानबाजी लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है। विवाद के दौरान राहुल गांधी ने अपने बयान का बचाव करते हुए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ मुद्दों पर सच्चाई सामने लाने की जरूरत है और सरकार देश की राजनीति को प्रभावित करने के लिए कदम उठा रही है। हालांकि सत्ता पक्ष ने उनके तर्कों को खारिज करते हुए कहा कि इस तरह की भाषा और आरोप केवल राजनीतिक लाभ के लिए लगाए जा रहे हैं, जो सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि वर्तमान विधेयक का वास्तविक उद्देश्य परिसीमन के माध्यम से देश के राजनीतिक संतुलन को बदलना है।

# लोकसभा में गिरा महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान संशोधन बिल

- लोकसभा में गिरा 131वां संविधान संशोधन विधेयक 2026, पक्ष में 298, विरोध में पड़े 230 वोट
- पहली बार संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं करा पाई मोदी सरकार

**केंद्र को झटका**

**विपक्ष ने इसमें साथ नहीं दिया। बहुत खेद की बात है। आपने ऐतिहासिक मौका गंवा दिया : रिजिजू**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा में महिला आरक्षण और परिसीमन संशोधन विधेयक पर लंबी और गहन चर्चा के बाद शुक्रवार (17 अप्रैल) मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। कुल 528 सांसदों ने वोट डाला, जिसमें 298 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में और 230 ने विपक्ष में मतदान किया। हालांकि, संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत यानी 352 वोट प्राप्त नहीं हो सके। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घोषणा की कि यह विधेयक आवश्यक समर्थन नहीं जुटा सका, इसलिए आगे की विधायी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जा सकती। इसके बाद संबंधित दो अन्य विधेयकों पर भी सरकार ने मतदान कराने का निर्णय नहीं लिया। करीब 21 घंटे तक चली मैराथन चर्चा के बाद आए इस फैसले ने सदन की कार्यवाही को निर्णायक मोड़ पर पहुंचा दिया। उल्लेखनीय है कि पिछले 12 वर्षों में यह पहली बार है जब मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया कोई संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने से जुड़ा ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण विधेयक था। इसी पर यह नतीजा आया है। विपक्ष ने इसमें साथ नहीं दिया। बहुत खेद की बात है। आपने एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया। महिलाओं को सम्मान और अधिकार देने का हमारा अभियान जारी रहेगा और हम उन्हें अधिकार दिलाकर ही रहेंगे। चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर तीखा प्रहार किया और स्पष्ट किया कि जो लोग परिसीमन का विरोध कर रहे हैं, वे वास्तव में एससी-एसटी (रउ-रळ) समुदाय की सीटें बढ़ाने का विरोध कर रहे हैं। इसके साथ ही, धर्म के आधार पर आरक्षण की संभावना को सिरे से खारिज करते हुए शाह ने दक्षिणी और छोटे राज्यों को परिसीमन के बाद भी उनके उचित प्रतिनिधित्व का पूर्ण आश्वासन दिया है। वोटिंग से ठीक पहले गृह मंत्री के इस कड़े रुख ने इस विधेयक के ऐतिहासिक महत्व और राजनीतिक सरगर्मी को और बढ़ा दिया है। इस घटनाक्रम के बाद सरकार ने इससे जुड़े दो अन्य विधेयक केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 और परिसीमन विधेयक, 2026 को भी वापस लेने का निर्णय लिया। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि ये तीनों विधेयक आपस में गहराई से जुड़े हुए थे, इसलिए इन्हें अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। रिजिजू ने विधेयक को महिलाओं को विधायिकाओं में आरक्षण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम बताया। उसने महिलाओं को उनका अधिकार देने के प्रयास का समर्थन नहीं किया। विपक्ष ने साथ नहीं दिया बहुत खेद की बात है। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि सरकार महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।




## लोकसभा में अमित शाह बोलेः परिसीमन का विरोध एससी-एसटी सीटों का विरोध

**नई दिल्ली।** लोकसभा में परिसीमन और महिला आरक्षण पर शुक्रवार को जारी बहस के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि, इस संशोधन विधेयक का विपक्ष विरोध कर रहा है। इससे पहले लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार को घेरते हुए कहा था कि पार्टी महिलाओं के मुद्दे के पीछे छिपकर देश के चुनावी नक्शे को बदलने की कोशिश कर रही है।

**एससी-एसटी की सीटें बढ़ाने का भी विरोध कर रहा विपक्ष**

बिल पर चर्चा के दौरान जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, बोलने के समय सबने कहा कि हम पक्ष में हैं। इंडी अलायंस के सदस्यों ने अगर-मगर, किंतु-परंतु करके महिला आरक्षण का विरोध किया है। मुझे लगा कि इम्प्लीमेंटेशन के तरीके का विरोध हो है, लेकिन नहीं।

## हरिवंश तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति निर्वाचित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को हरिवंश लगातार तीसरी बार उपसभापति निर्वाचित हुए। विपक्ष की ओर से कोई उम्मीदवार नहीं उतारे जाने के कारण उनका निर्वाचन निर्विरोध हुआ। इसके साथ ही वह इस पद पर लगातार तीसरी बार आसीन होने वाले सदस्य बन गए हैं। नेता सदन जगत प्रकाश नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने उन्हें आसन तक पहुंचाया और उपसभापति की कुर्सी पर बैठाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरिवंश को पुनः निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए उच्च सदन के संचालन में उनके अनुभव और योगदान की सराहना की।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कबीर ने संत कबीर जी के जीवन एवं शिक्षाओं पर आयोजित एक सेमिनार का दीप प्रज्जवतिल कर उद्घाटन करते हुए।

राज्य सरकार ने इस नीति को सभी क्षेत्रों में जल्द और सख्ती से लागू करने की बात कही

## कर्नाटक में पीरियड लीव लागू करने की तैयारी तेज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कर्नाटक में कामकाजी महिलाओं के लिए पीरियड्स लीव नीति को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। कर्नाटक हाई कोर्ट के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने इस नीति को सभी क्षेत्रों में जल्द और सख्ती से लागू करने की बात कही है। राज्य के श्रम मंत्री संतोष लाड ने कहा कि वह हाईकोर्ट के इस निर्देश का स्वागत करते हैं और सरकार इसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू करेगी। उन्होंने बताया कि यह नीति कामकाजी महिलाओं के अधिकारों और सम्मान से जुड़ी एक अहम पहल है।

**प्रस्तावित नीति के तहत महिलाओं को क्या लाभ मिलेगा?** मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने बयान में कहा कि राज्य सरकार इस महत्वाकांक्षी पीरियड लीव नीति को व्यापक रूप से लागू करने के लिए ठोस कदम उठा रही है और इसे देश के लिए एक मॉडल के रूप में स्थापित करना चाहती है। प्रस्तावित नीति के तहत महिलाओं को हर महीने एक दिन का भुगतान सहित अवकाश दिया जाएगा, जो साल में कुल 12 दिन होगा। यह सुविधा सभी क्षेत्रों में लागू की जाएगी। हाईकोर्ट ने अपने हालिया आदेश में राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि प्रस्तावित कानून के औपचारिक रूप से लागू होने तक भी इस नीति को सख्ती




और ईमानदारी के साथ लागू किया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि पीरियड लीव महिलाओं की गरिमा, न्याय और उनके वास्तविक जीवन की परिस्थितियों की मानवीय स्वीकृति से जुड़ा मुद्दा है। कोर्ट ने सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा कि इस बीच नीति को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश, सर्कुलर और प्रशासनिक आदेश जारी किए जाए।

, ताकि सभी क्षेत्रों में इसका एक

## पवन खेड़ा की ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने की मांग खारिज

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि वे अपनी याचिका असम की अदालत में दाखिल करें। पवन खेड़ा की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी। उन्होंने कहा- असम की अदालतें बंद हैं, इसलिए उन्हें कुछ दिन का समय दिया जाए। क्या खेड़ा कोई अपराधी हूं, जो मुझे इतनी राहत भी नहीं मिल सकती? जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की बेंच ने यह मांग ठुकरा दी। कोर्ट ने उन्हें गलत डाक्यूमेंट देने के लिए फटकार भी लगाई। यह मामला असम सीएम हिमंता बिस्व सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा को लेकर दिए गए आरोपों से जुड़ा है। खेड़ा ने 5 अप्रैल को आरोप लगाया था।

## 48 दिन बाद खुला होमुर्जः वाणिज्यिक जहाजों को आने-जाने की मिली छूट

**टीम एक्शन इंडिया**

**तेहरानः** पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और 48 दिनों से जारी अनिश्चितता के बाद आखिरकार होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बड़ा फैसला सामने आया है। ईरान ने घोषणा की है कि इस रणनीतिक समुद्री मार्ग से अब वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही पूरी तरह से खुली रहेगी और उन्हें आने-जाने की पूर्ण छूट दी गई है। यह कदम लेबनान में सीजफायर लागू होने के बाद उठाया गया है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर जानकारी देते हुए कहा कि लेबनान में सीजफायर समझौते के अनुरूप होर्मुज जलडमरूमध्य से सभी वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही को पूरी तरह खोल दिया गया है।

लागू रहेगा और पहले से घोषित समन्वित मार्ग के तहत सभी व्यापारिक जहाजों को गुजरने की अनुमति दी जाएगी।

## महिला आरक्षण बिल नहीं, चुनावी नक्शा बदलने की कोशिशः राहुल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में संसद की तीन दिवसीय विशेष बैठक के दूसरे दिन महिला आरक्षण तथा परिसीमन से जुड़े संवैधानिक संशोधनों पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सरकार द्वारा लाया गया यह विधेयक महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित नहीं है, बल्कि यह देश के चुनावी नक्शे को बदलने की सोची-समझी कोशिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अधिकारों को कमजोर करने की दिशा में



काम कर रही है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में चर्चा के दौरान कहा कि देश के सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन में महिलाओं की भूमिका केंद्रीय रही है और प्रत्येक व्यक्ति ने अपने जीवन में मां, बहन या अन्य महिला सदस्यों से बहुत कुछ सीखा है। यह विधेयक महिला आरक्षण का वास्तविक विधेयक नहीं है, क्योंकि महिला आरक्षण से संबंधित कानून वर्ष 2023 में ही पारित हो चुका है। यदि वह वास्तव में महिलाओं को सशक्त बनाना चाहती है तो पूर्व में पारित विधेयक को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, विपक्ष उसका पूर्ण समर्थन करेगा। वर्तमान विधेयक का वास्तविक उद्देश्य परिसीमन के माध्यम से देश के राजनीतिक संतुलन को बदलना है।

**सरकार को घेरा**

**यह विधेयक महिला आरक्षण का वास्तविक विधेयक नहीं है : राहुल गांधी**

## संत कबीर के विचार आज भी मानवता को सही दिशा दिखाने वालेः सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत शिरोमणि कबीर दास जी के विचार और शिक्षाएं आज के दौर में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि कबीर जी ने 15वीं शताब्दी में समाज में व्याप्त धार्मिक कट्टरता, पाखंड और भेदभाव के विरुद्ध जो क्रांतिकारी आवाज उठाई थी, वह आज भी समाज को एकता, समरसता और विश्व बंधुत्व का मार्ग दिखाती है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पंजाब के मोहाली में संत कबीर जी के जीवन एवं शिक्षाओं पर आयोजित एक सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जहां संतों की वाणी गूंजती है, वह स्थान केवल सेमिनार नहीं बल्कि सत्संग का रूप ले लेता है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और अध्यात्म के माध्यम से शांति का अनुभव होता है। श्री सैनी ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में जब विश्व विभिन्न प्रकार के तनाव और संघर्षों से जूझ रहा है, ऐसे समय में संत कबीर जी का दर्शन और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। उनके विचार मानव समाज के लिए प्रकाश स्तंभ की तरह हैं, जो शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने संत कबीर जी को सच्चा मानवतावादी बताते हुए कहा कि उन्होंने जात-पात, ऊंच-नीच और हर प्रकार के भेदभाव का दृढ़ता से विरोध किया। उनकी वाणी की सरलता ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति थी, जो सीधे जन-मानस में उतर जाती थी और आज भी पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों को प्रेरित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार संत-

**प्रचार प्रसार**

**संतों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शुरू की संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रचार प्रसार योजना**

**मंत्रिमंडल के निर्णय**

*पुलिस विभाग में 1000 पुलिस कांस्टेबल के पद सृजित करने का निर्णय*

## प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य में की बढ़ोतरी

**कैबिनेट बैठक**

**वन विभाग में 500 सहायक वन रक्षकों की भर्ती करने का फैसला, वन मित्रों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण**

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंकज शर्मा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज यहां आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 60 रुपये से



बढ़ाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम, मक्की का एमएसपी 40 रुपये से बढ़ाकर 50 रुपये प्रति किलोग्राम, चंबा जिला की पांगी घाटी के जौ का एमएसपी 60 रुपये से बढ़ाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम, कच्ची हल्दी का एमएसपी 90 रुपये से बढ़ाकर 150 रुपये प्रति किलोग्राम तथा अदरक का एमएसपी 30 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित करने का निर्णय लिया गया।

मंत्रिमंडल ने पुलिस विभाग में 1000 पुलिस कांस्टेबल के पद सृजित कर इन्हें भरने का निर्णय लिया। बैठक में वन विभाग में 500 सहायक वन रक्षक के पद सृजित कर भरने का निर्णय लिया गया, जिसमें वन मित्रों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण रहेगा।

मंत्रिमंडल ने वन विभाग के लिए राजस्व विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से 8 नायब तहसीलदार, 20 कानूनगो और 44 पटवारियों को निश्चित मानदेय पर नियुक्त करने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त, विभाग के 10 क्षेत्रीय मंडलों में 10 विधि सलाहकार (लीगल कंसलटेंट) नियुक्त करने का भी निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल ने नए चिकित्सा महाविद्यालयों में क्लीनिकल और नॉन-क्लीनिकल विशेषज्ञता वाले शिक्षण स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए सेवानिवृत्त फैक्लटी मेम्बर्स को प्रोफेसर के रूप में नियुक्त करने को स्वीकृति प्रदान की। चिकित्सा महाविद्यालयों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित होगा। मंत्रिमंडल ने सिरमौर जिला में जल शक्ति विभाग के मण्डलों की प्रशासनिक व्यवस्था को निर्वाचन क्षेत्र के आधार पर पुनर्गठित करने का निर्णय लिया ताकि विभाग जनता को बेहतर सुविधाएं आसानी से उपलब्ध करवा सके।

बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन

## हसीना के प्रत्यर्पण का मामलाः कानूनी प्रक्रिया जारीः जायसवाल

**नई दिल्लीः** भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भारत अपने पड़ोसी देशों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, फिर चाहे वो श्रीलंका हो या मॉरीशस। वहीं, बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण और भगोड़े नीरव मोदी के मुद्दे पर सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। साथ ही, पश्चिम एशिया में शांति की बहाली का भारत ने स्वागत किया है।अपना रुख साफ कर दिया है। 'शेख हसीना के प्रत्यर्पण के संबंध में एक अनुरोध प्राप्त हुआ है, जिसकी हमारी न्यायिक और आंतरिक कानूनी प्रक्रियाओं के तहत जांच की जा रही है।




उत्तर भारत

ACTION INDIA

करनाल, 18 अप्रैल 2026

दैनिक एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com




# जिले की महिलाएं ड्रोन दीदी योजना से आर्थिक विकास की भरेगी उड़ान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रणजीता स्टेडियम जशपुर में जिला प्रशासन के द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया और 'लखपति दीदी' पहल के अंतर्गत ड्रोन दीदी एवं उन्नत सॉयल टेस्टिंग मशीन प्रदान की गई, महिलाओं के आय संवर्धन के साथ उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से सशक्त बनाना है।

**आर्थिक उन्नति**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिलाओं को ड्रोन प्रदान कर आर्थिक उन्नति करने का दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**जशपुरः** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रणजीता स्टेडियम जशपुर में जिला प्रशासन के द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया और 'लखपति दीदी" पहल के अंतर्गत ड्रोन दीदी एवं उन्नत सॉयल टेस्टिंग मशीन प्रदान की गई। इस अवसर पर जशपुर विधायक विधायक गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जुदेव, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जुदेव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक, सरगुजा कमिश्नर नरेन्द्र दुग्गा, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार झा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।






उल्लेखनीय है कि ग्रामीण महिलाओं के आय संवर्धन के साथ उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से सशक्त बनाना है। पूर्व में किसानों को मिट्टी की सही स्थिति की जानकारी के अभाव में उर्वरकों का अनुमानित उपयोग करना पड़ता था, जिससे लागत बढ़ती थी, उत्पादन प्रभावित होता था तथा भूमि की उर्वरता भी धीरे-धीरे कम होती थी। सॉयल टेस्टिंग मशीन के माध्यम से अब कम समय में मिट्टी के विभिन्न महत्वपूर्ण पैरामीटर्स की सटीक जांच संभव हो रही है, जिससे संतुलित उर्वरक उपयोग, भूमि गुणवत्ता में सुधार एवं फसल उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित की जा सकती है।

## बुनियादी ढांचे में सुधार स्थानीय सामुदायिक जुड़ाव को और सशक्त करेगा

इन कार्यों के लिए शासन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि बुनियादी ढांचे में यह सुधार स्थानीय सामुदायिक जुड़ाव को और सशक्त करेगा। इसी कड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विजन को याद करते हुए बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की दूरगामी सोच से आज बस्तर की तस्वीर बदल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य सड़कों के माध्यम से हर ग्रामीण तक शुद्ध पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना है। इस अवसर पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जगदलपुर नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। लोहंडीगुड़ा, दरभा, बास्तानार और तोकापाल जैसे क्षेत्रों में स्वीकृत सड़कों से कनेक्टिविटी की दशकों पुरानी आवागमन की दिक्कतें दूर होगी। इस अवसर पर कलेक्टर आकाश छिकारा, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

कार्यक्रम के समापन पर जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित अधिकारियों और इंजीनियरों को इन परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए, ताकि बस्तर का हर निवासी एक विकसित और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की दिशा में अपना योगदान दे सके। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने गरिमामयी वातावरण के बीच इन सड़कों के निर्माण का औपचारिक शिलान्यास किया, जो क्षेत्र की ग्रामीण कनेक्टिविटी को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प है। जगदलपुर में आयाजित समारोह के दौरान विधायक चित्रकोट विनायक गोयल ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि ये सड़कें केवल आवागमन का साधन नहीं बल्कि ग्रामीणों के जीवन में समृद्धि लाने का मार्ग बनेंगी।

## बस्तर में 235 किमी. की 86 सड़कों के लिए मुख्यमंत्री ने वर्चुअल भूमिपूजन किया



**जगदलपुर।** बस्तर के विकास पथ पर आज एक नया अध्याय जुड़ गया है, जहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस-4 के अंतर्गत बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्यों का शुभारंभ किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर से वर्चुअल माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ किया, जिसका सीधा प्रसारण जगदलपुर के कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के दौरान बस्तर जिले की कुल 86 महत्वपूर्ण सड़क कार्यों की आधारशिला रखी गई, जिनकी कुल लंबाई 235.45 किलोमीटर और अनुमानित लागत लगभग 250 करोड़ रुपये है। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने गरिमामयी वातावरण के बीच इन सड़कों के निर्माण का औपचारिक शिलान्यास किया, जो क्षेत्र की ग्रामीण कनेक्टिविटी को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प है। जगदलपुर में आयाजित समारोह के दौरान विधायक चित्रकोट विनायक गोयल ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि ये सड़कें केवल आवागमन का साधन नहीं बल्कि ग्रामीणों के जीवन में समृद्धि लाने का मार्ग बनेंगी।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बाबा हरिहर नाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**बाबा के दर पर**

सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने मंदिर परिसर के आसपास की प्रसाद दुकानों को अस्थायी रूप से बंद करा दिया था



**टीम एक्शन इंडिया**

**सारण।** सोनपुर में बिहार के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को ऐतिहासिक बाबा हरिहर नाथ मंदिर पहुँचकर भगवान शिव और विष्णु की विधिवत पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सारण जिले के सोनपुर में अपने पहले दौरे पर यहां पहुंचे सम्राट चौधरी ने सपरिवार बाबा का दूध एवं जल से अभिषेक किया और राज्य की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। मंदिर परिसर पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पश्चात एनडीए के जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं ने अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखा गया। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रमंडलीय आयुक्त, डीआईजी, जिलाधिकारी और एसएसपी स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे। चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने मंदिर परिसर के आसपास की प्रसाद दुकानों को अस्थायी रूप से बंद करा दिया था।

# बिहार में सत्ता परिवर्तन के साथ ही सुबह-सुबह कई जेलों में एक साथ छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटनाः** बिहार में नई सरकार के गठन के साथ ही शासन और प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। इसी कड़ी में पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर प्रदेश के सभी जेलों में एक साथ सघन तलाशी अभियान (सर्च ऑपरेशन) चलाया गया। उत्तर बिहार की सबसे महत्वपूर्ण जेलों में शुमार मुजफ्फरपुर स्थित शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में शुक्रवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब जिले के आलाधिकारी भारी पुलिस बल के साथ छापेमारी करने पहुंचे।

**तड़के 4:30 बजे शुरू हुआ ऑपरेशनः** जेल में यह छापेमारी अहले सुबह करीब 4:30 बजे शुरू हुई। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन और वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में दर्जनों थानों की पुलिस और भारी संख्या में

**अफरा-तफरी**

सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब जिले के आलाधिकारी भारी पुलिस बल के साथ छापेमारी करने पहुंचे

पुलिस लाइन के जवानों ने जेल परिसर को चारों तरफ से घेर लिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से जेल प्रशासन और कैदियों के बीच हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने एक-एक कर जेल के सभी वार्डों की बारीकी से तलाशी ली। अभियान की समाप्ति के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि यह कार्रवाई नियमित सुरक्षा समीक्षा और पुलिस मुख्यालय के दिशा-निर्देशों के आलोक में की गई थी।

# संभल में सरकारी जमीन पर बनी अवैध मस्जिद और 35 फीट ऊंची मीनार गिराई गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**संभल।** उत्तर प्रदेश के जनपद संभल के असमोली थाना क्षेत्र के मुबारकपुर बंद गांव में शुक्रवार को भी सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से बनी मस्जिद और अन्य निर्माण को गिरा दिया गया। इस 600 वर्गमीटर जमीन खेल के मैदान और खाद के गड्ढे के लिए थी। अब इस जमीन पर से अवैध कब्जा हटाया दिया गया है। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल के साथ जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी मौजूद थे। आज सुबह नौ बजे के लगभग सरकारी अमला जसीबी मशीन आदि के साथ मुबारकपुर गांव पहुंचे। सबसे पहले सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मस्जिद के बाहर की पांच दुकानों को तोड़ा गया। इसके बाद दोपहर डेढ़ बजे सरकारी जमीन पर

**कब्जामुक्त**

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक रहे मौजूद खेल के मैदान और खाद के गड्ढे के लिए जमीन कराई गई कब्जामुक्त

अवैध तरीके से बनी मस्जिद और 35 फीट ऊंची मीनार गिरा दी गई। किसी भी स्थिति से निपटनके के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इस मामले में जिलाधिकारी संभल राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि तहसील संभल के मुबारकपुर बंद गांव में ग्राम प्रधान ने तीन महीने पहले शिकायत करने के साथ ही 67 धारा में वाद दायर किया गया तहसीलदार के न्यायालय में सुनवाई की गई और सुनवाई के बाद 30 दिन अपील का समय दिया गया। उन्होंने बताया कि यहां दो अवैध निर्माण थे और यहां के लोगों से खुद हटाने के लिए कहा था, लेकिन वे लोग गिरा नहीं पाये और प्रशासन से गुहार लगाई कि प्रशासन ही अपने संसाधनों से गिराये। इसके बाद प्रशासन ने अपने स्तर से कार्यवाही अवैध निर्माण गिणा दिया गया। उन्होंने बताया कि यह जमीन खेल का मैदान ओर खाद के गड्ढे की थी और इसका रकबा 600 वर्गमीटर है और इसी जमीन पर किया गया कब्जा हटाया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशासन लैंड बैंक बनाने की कार्यवाही कर रहा है। जिले में रिजर्व लैंड ओर सरकारी भूमि पर किये गये सभी प्रकार के कब्जे हटाये जा रहे हैं।

# बाबा विश्वनाथ को भीषण गर्मी से शीतलता प्रदान करने के लिए लगेगा जलधारी फव्वारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी।** जग के पालनहार काशी विश्वनाथ को भीषण गर्मी और तपिश से बचाकर शीतलता प्रदान करने के लिए मंदिर के गर्भगृह में जलधारी फव्वारा लगाया जाएगा। परम्परानुसार पवित्र अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर विश्वेश्वर के लिए शीतलता प्रदान करने के लिए फव्वारा व्यवस्था प्रारंभ की जाएगी। यह पावन फव्वारा सेवा का शुभारंभ सायंकालीन सप्तऋषि आरती के साथ किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की ओर से दी गई। बताया गया कि यह व्यवस्था रक्षाबंधन तक प्रतिदिन निरंतर रूप से बाबा की सेवा में समर्पित रहेगी। मान्यता है कि ग्रीष्म ऋतु में यह फव्वारा विश्वेश्वर को शीतलता प्रदान करने के लिए स्थापित किया जाता है। यह केवल एक धार्मिक व्यवस्था ही नहीं, अपितु समस्त काशीवासियों एवं श्रद्धालु भक्तों की गहन आस्था एवं भावनाओं का प्रतीक भी है। मंदिर न्यास ने श्रद्धालु शिवभक्तों से अनुरोध किया कि वे इस दिव्य व्यवस्था के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# मऊः औद्योगिक पहचान को पुनर्जीवित करने की दिशा में बड़ा कदम

**टीम एक्शन इंडिया**

**मऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने शुक्रवार को मऊ जनपद के भ्रमण के दौरान लंबे समय से बंद पड़ी परदहा मिल का निरीक्षण किया। इस दौरान उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। मंत्री ने मिल परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर वहां चल रही तैयारियों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को औद्योगिक संकुल के विकास कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मंत्री शर्मा ने बताया कि परदहा मिल की लगभग 85 एकड़ भूमि पर एक आधुनिक औद्योगिक पार्क/क्लस्टर विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल मऊ की



औद्योगिक विरासत को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। वर्षों से बंद इस मिल को अब विकास के एक नए केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को हुनर और रोजगार से जोड़ने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ॡहर हाथ को हुनर और कामॡ के संकल्प के साथ इस औद्योगिक संकुल की योजना तैयार की जा रही है। इस परियोजना से स्थानीय युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसर भी मिलेंगे, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि औद्योगिक इकाइयों के आवंटन की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाएगा। इसके लिए जल्द ही ऑनलाइन व्यवस्था लागू की जाएगी, जिससे उद्यमियों को आवेदन और आवंटन में सुविधा मिल सके। यह औद्योगिक संकुल आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने में सहायक होगा।

**व्यवस्था**

ऑनलाइन व्यवस्था लागू की जाएगी, जिससे उद्यमियों को आवेदन और आवंटन में सुविधा मिल सके

# युवा प्रोफेशनल्स और एमबीए स्टूडेंट्स को सोमनाथ यात्रा कराएगी यूपी सरकार




**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत 19 अप्रैल को राजधानी लखनऊ के गोमती नगर स्टेशन से एक विशेष एसी ट्रेन सोमनाथ के लिए रवाना होगी। इस यात्रा में उत्तर प्रदेश के युवा प्रोफेशनल्स, एमबीए स्टूडेंट्स, स्टार्टअप्स के प्रतिनिधि, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, एमएसएमई और तकनीकी सेवाओं से जुड़े कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही इस यात्रा में समाज के हर वर्ग की भागीदारी भी देखने को मिलेगी। हॉकर्स, स्ट्रीट वेंडर्स और दुकानदारों से लेकर महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक और गिग वर्कर्स तक सभी इसमें शामिल हैं। प्रदेश के सभी जिलों से चुने गए कुल 1008 यात्री इस विशेष यात्रा का हिस्सा होंगे। यह सभी ॡअटूट आस्था के 1000 वर्षॡ कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सोमनाथ जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस यात्रा को हरी झंडी दिखा सकते हैं।

**युवा प्रतिभा और प्रदेश के कलाकार करेंगे** सोमनाथ यात्रा

इसके अलावा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों, वॉलंटियर्स, युवा प्रतिभाओं, गैर-तकनीकी क्षेत्र के सफल व्यक्तियों, अखाड़ों, शिव मंदिरों और आध्यात्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों को भी इस पहल का हिस्सा बनाया गया है। सीमावर्ती गांवों के निवासी, प्रदेश के कलाकार, तथा पोस्टमैन, रेलवे स्टाफ, सफाई कर्मचारी और ड्राइवर जैसे सेवा क्षेत्र से जुड़े लोग भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस भव्य आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा लगभग 1.5 करोड़ रुपये की धनराशि की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि यह पर्व भारत की आस्था, संस्कृति और आत्मगौरव का प्रतीक है, जिसे जन-जन की सहभागिता के साथ मनाया जा रहा है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु प्रदेश की 7 पवित्र नदियों का जल अपने साथ लेकर जाएंगे।

हमारी संस्कृति और पहचान पर हो रहे ऐसे प्रहारों के खिलाफ पूरे समाज को एकजुट होकर खड़ा होना होगाः विहिप

# बहनों-बेटियों की सुरक्षा समाज का पहला धर्म, धर्मांतरण पर सख्त कानून की मांग

**मांग**

सरकार को चाहिए कि इस पर सख्त कानून बनाए और दोषियों के खिलाफ त्वरित व कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुर। अपनी** बहनों-बेटियों की सुरक्षा करना सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज का पहला धर्म है। धर्मांतरण की घटनाएं अब छिटपुट नहीं रहीं, बल्कि एक सुनियोजित तरीके से बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा




सकता। हमारी संस्कृति और पहचान पर हो रहे ऐसे प्रहारों के खिलाफ पूरे समाज को एकजुट होकर खड़ा होना होगा। सरकार को चाहिए कि इस पर सख्त कानून बनाए और दोषियों के खिलाफ त्वरित व कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे। यह बातें शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री राजू पोरवाल ने कही। अवैध धर्मांतरण के मुद्दे पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने शुक्रवार को प्रदेश भर में एक साथ प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया।

**मांग**

सरकार को चाहिए कि इस पर सख्त कानून बनाए और दोषियों के खिलाफ त्वरित व कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे

इस अभियान के तहत कानपुर के बड़ा चौराहा पर कार्यकताओं ने नारेबाजी कर सरकार से कड़े कदम उठाने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान अवैध धर्मांतरण बंद करो और हमारी बहन-बेटियों की सुरक्षा करो जैसे नारों के साथ माहौल काफी देर तक गरमाया रहा। इस दौरान राजू पोरवाल ने कहा कि समाज को जागरूक रहकर अपनी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करनी होगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि धर्मांतरण के मामलों को अब अलग-थलग घटनाओं के रूप में नहीं देखा जा सकता, बल्कि यह एक संगठित पैटर्न के तौर पर सामने आ रहा है। उन्होंने फिल्म द केरला स्टोरी का जिक्र करते हुए कहा कि इस तरह के मामलों को गंभीरता से लेने की जरूरत है और सरकार को इस पर सख्त रुख अपनाना चाहिए। इस अवसर पर बजरंग दल के कई पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि अवैध धर्मांतरण को रोकने के लिए प्रभावी कानून बनाए जाएं और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ, हालांकि पुलिस की मौजूदगी में स्थिति नियंत्रित रही और कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हो गया।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने घर से शुरू की मकान सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया

## देश और राज्य के भविष्य की दिशा तय करने का आधार है जनगणना: मोहन लाल बड़ौली

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत (संजीव)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने मकानों की सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया के तहत सोनीपत स्थित अपने घर से स्व जनगणना की शुरूआत की।
उन्होंने स्वयं जनगणना प्रक्रिया में भाग लेते हुए प्रदेशवासियों को संदेश देते हुए कहा कि हर नागरिक की भागीदारी से ही यह अभियान सफल बनेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल समय की बचत करेगी, बल्कि पारदर्शिता और सटीकता भी सुनिश्चित करेगी। यह डिजिटल इंडिया और ईज ऑफ लिविंग के विजन को मजबूत करने वाला एक नायाब कदम है।
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि राज्य में जनगणना का पहला चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक चलेगा, जिसमें मकानों की गणना और सूचीकरण किया जाएगा। इससे पहले 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नागरिकों को स्व-जनगणना की सुविधा दी गई है, जिसके तहत वे घर बैठे मोबाइल, टैबलेट या कंप्यूटर के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज करा सकते हैं।
प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्व जनगणना की यह पहल डेटा की



सटीकता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि मकान सूचीबद्ध करने की यह प्रक्रिया आधुनिक है और आसान है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे इस प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और संबंधित अधिकारियों को सही व पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाएं।
मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि यह पहल केंद्र सरकार के डिजिटल इंडिया और ईज ऑफ लिविंग के विजन को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी। डिजिटल माध्यम से डेटा एकत्रित करने से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि भविष्य की योजनाओं के निर्माण में भी मदद मिलेगी। इससे सरकार को प्रदेश के हर नागरिक तक जनहित की योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में आसानी होगी।
उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी अपील की कि वे इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और लोगों को इसके महत्व के बारे में जागरूक करें।
प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह कदम न केवल वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करेगा बल्कि भविष्य के लिए एक मजबूत और व्यवस्थित डेटा प्रणाली तैयार करने में भी सहायक होगा, जिससे प्रदेश के समग्र विकास को गति मिलेगी।

## अन्नपूर्णा मुहिम से जरूरतमंद परिवार को मिला आशियाना



**रादौर, 17 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : उपमंडल के गांव बैंडी में मुनीन्द्र धर्मार्थ ट्रस्ट, कुरुक्षेत्र द्वारा संत रामपाल महाराज की प्रेरणा से चलाई जा रही अन्नपूर्णा मुहिम के तहत एक जरूरतमंद परिवार की सहायता करते हुए उन्हें नया मकान बनाकर दिया गया। साथ ही परिवार को घरेलू उपयोग का आवश्यक सामान भी भेंट किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट सदस्यों ने गांव के सरपंच बलवान सिंह के हाथों परिवार को मकान की चाबी सौंपीं। सरपंच बलवान सिंह ने इस सराहनीय कार्य के लिए ट्रस्ट और अन्नपूर्णा मुहिम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में जरूरतमंद लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव लाते हैं। जिला सेवादार मोहन दास ने बताया कि संत रामपाल महाराज के आशीर्वाद से यह सेवा कार्य संभव हुआ है और आगे भी जरूरतमंद परिवारों की सहायता इसी प्रकार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और ट्रस्ट का उद्देश्य जरूरतमंदों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है।

## न्यूज फ्लैश

### डीएवी पब्लिक स्कूल में हुआ आध्यात्मिक सत्र का आयोजन



**रादौर, 17 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में एक आध्यात्मिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी आश्रम से बीके सुमन व बीके आंचल ने विद्यार्थियों को राजयोग, सकारात्मक सोच और जीवन के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि मानव शरीर पांच तत्वों से बना है, जबकि आत्मा अजर-अमर है। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सकारात्मक सोच, मन और बुद्धि का संतुलन तथा निरंतर प्रयास आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने एक रोचक गतिविधि के माध्यम से मन और बुद्धि के तालमेल को भी समझाया। प्रधानाचार्य रमन शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक व प्रेरणादायक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने और सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### टेकहंट-2026 उत्साह के साथ संपन्न, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**रादौर, 17 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित तकनीकी उत्सव ह्यटेकहंट-2026ह्व उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. एस. के. सिंह ने किया और विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उत्सव में बीसीए, बी.ए. (कंप्यूटर साइंस), बी.कॉम व बी.एससी के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में कोड डिबगिंग में बलप्रीत कौर, पोस्टर मेकिंग में जेनिश विजेता रहीं। टेक्निकल क्विज में सलोनी, सोनम व शुभम की टीम ने बाजी मारी, जबकि मिस्टर व मिस डिजिटल स्टार का खिताब प्रिंस और बलप्रीत कौर ने जीता। समापन अवसर पर प्राचार्य सहित अन्य शिक्षकों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### कीट नियंत्रण के आधुनिक साधनों पर उद्यान विभाग देगा 75 प्रतिशत अनुदान- विरेंदर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 17 अप्रैल(बिजेंद्र सिंह)।** उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीट नियंत्रण के आधुनिक साधनों को अपनाने के लिए उद्यान विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान दिया जा रहा है। विभाग द्वारा एकीकृत कीट प्रबंधन योजना के तहत किसानों को विभिन्न उपकरणों एवं तकनीकों पर 75 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत सोलर पावर एलईडी लाइट ट्रैप पर प्रति इकाई 4,000 रुपये लागत के मुकाबले 3,000 रुपये अनुदान दिया जाएगा।

## भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर की पूजा-अर्चना



**टीम एक्श इंडिया**
**सोनीपत** भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अंतर्गत तीसरे दिन दिन श्री सत्यनारायण मंदिर साबुन दरवाजा छोटे शनि मंदिर के पास मे सुबह सबसे पहले पं अमित शौनक व बड़ौत शिव पंचमुखी संस्कृत पाठशाला से आये पंडितो ने अध्यक्ष मुकेश जी से गणपति पूजन व वेदी पूजन करवाया गया और उसके बाद परशुराम जी की मूर्ति को पुष्पो व विभिन्न फलो के अंदर रख कर पुष्पाधिवास व फलाधिवास करवाया गया व उसके बाद शाम को देवेंदर गौड़ के द्वारा भगवान की मूर्ति को महा स्नान करवाया गया और आरती

## पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए प्रत्येक गांव में मुहैया कराई जाए किट - एसडीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** एसडीएम प्रवेश कादियान की अध्यक्षता में लघु सचिवालय, सोनीपत में जिला जल एवं सीवरेज मिशन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान 13 मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई व एसडीएम के द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नल द्वारा जिला के सभी गांव में पीने का पानी, पीने के पानी की गुणवत्ता, ग्रामीण स्तर पर कमेटी, जल अर्पण दिवस, बैंक अकाउंट खुलवाना, शिकायत निवारण केंद्र व अन्य विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।
एसडीएम प्रवेश कादियान ने बैठक के दौरान पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए सभी गांव में किट मुहैया करवाए। गांव में किट आंगनवाड़ी, आशा वर्कर, सरकारी स्कूल, सरपंच व पंच को दी जाए। जिससे समय-समय पर ग्रामीण स्तर पर ही पानी की जांच की जा सके।

**चर्चा**
जिला जल एवं सीवरेज मिशन की बैठक का आयोजन किया गया। 13 मुद्दों पर विस्तार से चर्चा

उन्होंने निर्देश दिए कि ब्लॉक रिर्सोस कॉर्डिनेटर (बीआरसी) जिला के प्रत्येक गांव में सरंपच के सहयोग से ग्रामीणों को जल बचाव को लेकर जागरूक करें। उन्होंने बताया कि जिला में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत जल अर्पण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित पेयजल आपूर्ति योजनाओं का औपचारिक रूप से ग्राम पंचायतों एवं समुदाय को हस्तांतरण किया गया। यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन न होकर, सामुदायिक स्वामित्व और सहभागिता का प्रतीक है।

## फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**इन्द्री, (मैनपाल कश्यप)** एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत कृषि विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, बिजली निगम, पशुपालन विभाग व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फील्ड में रहकर निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे गांवों में समय-समय पर पेट्रोलिंग करें ताकि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर पूर्ण प्रतिबन्ध लग सके। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय व एनजीटी के दिशा



निदेशों के अनुसार सरकार द्वारा इस वर्ष फसल अवशेषों की आगजनी की घटनाओं में जीरो बर्निंग का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर नजर रखने के लिये सेटेलाइट तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। हरसेक हरियाणा की मदद से खेतों की निगरानी शुरू कर दी गई है। उन्होंने किसानों से अपील की कि खेतों में गेहूं की फसल कटाई के बाद फानों में आग न लगाएं, बल्कि उनका समुचित प्रबंधन करें।
उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से हमारा पर्यावरण दूषित होता है तथा फसल अवशेष जलाने से पैदावार पर भी असर पड़ता और उत्पादन लागत अधिक व आमदनी कम हो जाती है। फसल अवशेष जलाने से पोषक तत्वों का नुकसान होता है। फसल अवशेष जलाने से शत-प्रतिशत नाइट्रोजन व काफी मात्रा में सल्फर का नुकसान होता है तथा इसके साथ-साथ जैविक पदार्थ नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, राख, मीथेन व अन्य अशुद्धियाँ उत्पन्न होती है। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। बैठक में खंड कृषि अधिकारी डॉ. अश्वनी काम्बोज ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से भूमि की उपजाऊ शक्ति कम कम होने के साथ-साथ भूमि की उपरी सतह पर उपस्थित लाभदायक कीट नष्ट हो जाते है।

भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA
हमारी जनगणना हमारा विकास
गृह मंत्रालय भारत सरकार
सत्यमेव जयते
(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-2)
स्व-गणना क्या है?
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं
स्व-गणना के क्या लाभ हैं?
- अपनी सुविधा से जानकारी भर सकते हैं
- गोपनीयता सुनिश्चित
- जनगणना प्रक्रिया को तेज़ और कुशल बनाती है
स्व-गणना पोर्टल में लॉग-इन कैसे करें?
- राज्य / संघ राज्य क्षेत्र चुनें
- मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल (वैकल्पिक) भरें
- OTP द्वारा सत्यापन करें
- स्व-गणना शुरू करें
अपने घर का सही स्थान कैसे चिन्हित करें?
- जिला / पिनकोड चुनें
- क्षेत्र / लैंडमार्क दर्ज करें
- मैप पर ज़ूम करें और घर के पास लोकेशन मार्क करें (सटीक पता न दिखने पर घबराएं नहीं)
- सही लोकेशन चिन्हित करना आवश्यक है
क्या मैं अपनी जानकारी बाद में संशोधित कर सकता / सकती हूँ?
- सबमिट करने से पहले एडिट कर सकते हैं
- सबमिशन के बाद, प्रगणक के आने पर ही बदलाव संभव होगा
क्या स्व-गणना (SE) पोर्टल को भारत के बाहर से एक्सेस किया जा सकता है?
नहीं, यह सुविधा केवल भारत की भौगोलिक सीमा के भीतर उपलब्ध है
यदि सबमिशन के बाद गलती पता चले तो क्या करें?
प्रगणक के आने पर SE ID के साथ सुधार करवाया जा सकता है
क्या मैं फॉर्म सेव करके बाद में पूरा कर सकता / सकती हूँ?
हां, आप प्रोग्रेस सेव कर सकते हैं और निर्धारित समय के भीतर फॉर्म पूरा कर सकते हैं



टोल फ्री - 1855
CBC 19108/13/0033/2627
चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027

## अरनौली मंडी में डीएम कैथल का दौरा, किसानों व आढ़तियों की समस्याएं सुनीं

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** डीएम हैफेड अनूप नैन ने अरनौली अनाज मंडी का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर मौजूद किसानों, आढ़तियों एवं ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर किसानों व आढ़तियों ने अपनी समस्याओं को लेकर डीएम को एक ज्ञापन भी दिया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। दौरे के दौरान डीएम ने बताया कि मंडी में एजेंसी द्वारा गेहूं के कट्टों को स्टोर करने के लिए गेहूं लगाया जाना है। इसके लिए कुछ स्थान खाली करवाना



आवश्यक है, ताकि कार्य सुचारू रूप से किया जा सके। उन्होंने आढ़तियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे निर्धारित स्थान को खाली करवाने में प्रशासन का सहयोग करें। इस मौके पर अरनौली गांव के निवासियों ने शिकायत रखी कि यदि मंडी में लंबे समय तक गेहूं का भंडारण रहेगा, तो सुरसरियां (कीट) पैदा होने की आशंका है, जिससे आसपास रहना मुश्किल हो सकता है। वहीं किसानों ने चिंता जताई कि यदि मंडी समय पर खाली नहीं हुई, तो जब धान का सीजन आएगा, तो उस समय धान की फसल गेरने के लिए स्थान की कमी हो जाएगी।

## वैशाख अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने किया पिंडारा तीर्थ पर पिंडदान

**जींद।** पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर शुक्रवार को वैशाख अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान कर पितृ तर्पण किया और सुखद भविष्य की कामना की। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर गुरूवार शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्यान्ह के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आएं श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्यदेव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की।

# एसआईएएसटीई कुरुक्षेत्र में तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** एसआईएएटीई कुरुक्षेत्र में संस्थान के निदेशक डॉ. ऋषि गोयल जी के कुशल मार्गदर्शन तथा संस्थान प्रभारी डॉ. प्रवीण के निर्देशन में आयोजित संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास और साक्षात्कार की तैयारी पर केंद्रित तीन दिवसीय कार्यशाला का आज सफलतापूर्वक समापन किया गया। 15 अप्रैल, 2026 को शुरू हुई इस महत्वपूर्ण कार्यशाला ने विद्यार्थियों के कौशल को निखारने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
संस्थान के अकादमिक प्रकोष्ठ और प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और सक्रियता के साथ भाग लिया। कार्यशाला के समन्वयक गौतम दत्त द्वारा संचालित की गई कार्यक्रम की रूपरेखा ने छात्रों को तीन दिनों तक विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया।
कार्यशाला के पहले दिन, छात्रों ने साक्षात्कार की विभिन्न प्रक्रियाओं, प्रभावी बायोडाटा लेखन की कला और समूह चर्चा की बारीकियों को गहनता से समझा। जाने-माने शिक्षाविद श्री विनीत अग्रवाल जी, जिन्होंने इस सत्र के संसाधन व्यक्ति के रूप में अपनी



विशेषज्ञता साझा की, ने समूह चर्चा और साक्षात्कार प्रक्रियाओं पर अपने बहुमूल्य विचार रखे, जो प्रतिभागियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रहे।
दूसरे दिन का सत्र छात्रों के व्यक्तिगत विकास पर केंद्रित रहा। दिन के पहले सत्र में संसाधन व्यक्ति श्रीमती किरण लांबा ने अंतर्वैयक्तिक कौशल के विकास, शाब्दिक, अशाब्दिक और लिखित संप्रेषण कौशल को प्रभावी बनाने के तरीके, आत्मविश्वास में वृद्धि और आत्म-जागरूकता के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। दूसरे सत्र के मुख्य वक्ता प्रख्यात शिक्षाविद् श्री वीरेंद्र वालिया थे। उन्होंने 'भविष्य के शिक्षक के रूप में चुनौतियां और समाधान' विषय पर छात्र-अध्यापकों को संबोधित करते हुए शिक्षण के बदलते स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में श्री वालिया ने कहा कि आधुनिक युग में शिक्षक की भूमिका केवल सूचना देने तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि अब वह एक 'मार्गदर्शक' और 'सुविधादाता' के रूप में पहचाना जाता है। उन्होंने भविष्य की मुख्य चुनौतियों का उल्लेख करते हुए बताया कि तकनीकी विस्फोट और सूचनाओं की बाढ़ के बीच छात्रों का ध्यान केंद्रित करना एक कठिन कार्य होगा। इसके अतिरिक्त, कक्षा में बढ़ती विविधता और नैतिक मूल्यों के ह्रास को उन्होंने गंभीर चुनौती बताया। सत्र के अंत में में विद्यार्थियों ने समूह चर्चा के माध्यम से अपने कौशल को और अधिक परिष्कृत किया।
कार्यशाला का अंतिम दिन छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर लेकर आया, जिसमें मॉक इंटरव्यू का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, इस्माईलबाद के प्राचार्य श्री भीम सेन तथा डी. ए. वी. विद्यालय सेक्टर-13 कुरुक्षेत्र की प्राचार्या मनीषा लांबा को विषय-विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### पानीपत के आर्य बाल भारती स्कूल का सीबीएसई कक्षा दसवीं का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 17 अप्रैल( बिजेंद्र सिंह)।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें नैना ने 96 प्रतिशत, साक्षी ने 94.8 प्रतिशत और अंशु ने 94.4 प्रतिशत नंबर हासिल किये। स्कूल के 14 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 52 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक और 130 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की। इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय उनकी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया जा रहा है। प्राचार्य डॉ अशोक आर्य ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की निरंतर मेहनत और अनुशासित अध्ययन का परिणाम है। विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने सभी विद्यार्थियों के उज्व्वल भविष्य की कामना की है और उनकी निरंतर प्रगति की आशा व्यक्त की है। प्रबंधक सुखबीर जागलान ने कहा कि हमारा विद्यालय आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक शिक्षा पर भी बल देता है। प्रबंधन समिति ने उत्कृष्ट परिणाम आने पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा अध्यापकों को बधाई दी।

### आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 10वीं का परीक्षा परिणाम शानदार आने पर विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 17 अप्रैल।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पानीपत में कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधान भारत भूषण, प्रबंधक अजय गोयल, प्रबंधक समिति सदस्य कृष्ण आर्य तथा प्राचार्य मनीष घणघस ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को निरंतर परिश्रम करने और जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल एक पड़ाव है और आगे उन्हें और बड़े लक्ष्य हासिल करने हैं। इस अवसर पर कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों प्रियांशु, सिद्धार्थ, महासर झा, दीपिका आदि को सम्मानित किया गया। साथ ही उनके अभिभावकों और शिक्षकों को भी बधाई दी गई। समारोह में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पानीपत के गीता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शेरा का सीबीएसई 10वीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, 17 अप्रैल। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित किए गए 10वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणामों में गीता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शेरा (पानीपत) के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा का लोहा मनवाया है। स्कूल का कुल परीक्षा परिणाम बेहद सराहनीय रहा, जिसमें सभी 85 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। परीक्षा परिणाम की विशेषताएं इस प्रकार है, इस वर्ष स्कूल से कुल 85 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें स्कूल की छात्रा नैंसी ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि मेधावी छात्र वंशिका ने 95 प्रतिशत और रुद्राक्ष ने 94 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के 40 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जो स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है।

# इसराना मार्केट कमेटी के नौल्था खरीद केंद्र को गेहूं आने का इंतजार



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 17 अप्रैल( बिजेंद्र सिंह)। पानीपत** जिला में पानीपत, मतलौडा, इसराना, समालखा, बाबरपुर व बापौली की अनाज मंडियों और बबैल, उरलाना कलां, सनौली, अहर व नौल्था खरीद केंद्रों पर हैफेड व एचडबल्यूसी द्वारा गेहूं की खरीद की जा रही है। इसराना मार्केट कमेटी के अंतगर्त अहर और नौल्था खरीद केंद्र आते है। मैन पानीपत-रोहतक हाईवे से डिडवाडी की तरफ जाने वाली सडक पर जवाहर नवोदय विद्यालय के पास इसराना मार्केट कमेटी का गांव नौल्था मे ग्राम पंचायत की करीब चार एकड जमीन पर गेहूं खरीद केंद्र है। नौल्था में बनाया गया यह गेहूं खरीद केंद्र वर्षो से चल रहा है और पिछले गेहूं के सीजन अप्रैल 2025 में भी नौल्था खरीद केंद्र पर एक क्विंटल भी गेहूं नही आया था। हालांकि नौल्था खरीद केंद्र पर अप्रैल 2024 में 19 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हुई थी। इसराना मार्केट कमेटी द्वारा गेहूं के सीजन में नौल्था खरीद केंद्र पर लाखों रुपए खर्च किये

**इंतजार...**

**पिछले गेहूं के सीजन अप्रैल 2025 में भी नौल्था खरीद केंद्र पर एक क्विंटल भी गेहूं नही आया था**

जाते है। जिसमें खरीद केंद्र की साफ सफाई, हर बार गेहूं के सीजन में बिजली का अस्थाई कनेक्शन लेना और बिजली का बिल शामिल है। किसानों के लिये अस्थाई टॉयलेट व पीने के पानी का प्रबंध करना पडता है। इसराना मार्केट कमेटी द्वारा अब नौल्था खरीद केंद्र पर बलजीत सिंह रांगी ऑक्शन रिकार्डर, अशोक कुमार मंडी सुपरवाईजर, अलग-अलग शिफ्टों में तीन अप्रेंटिस कृष, कृष्ण पांचाल व मोहित कुमार और रात को चौकीदार रोहित चमराडा की डयूटी लगाई गई है। पहले नौल्था गेहूं खरीद केंद्र के लिये 5-6 लोगों द्वारा गेहूं के सीजन में आढत का लाइसेंस लिया जाता था लेकिन अब उन लोगों ने भी इसराना मंडी में आढती का काम करना शुरू कर दिया है।

# चीका मंडी में सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड का उठान धीमा होने से आढ़ती परेशान

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** एशिया की प्रमुख अनाज मंडी चीका में हरियाणा सरकार की खरीद एजेंसी हैफेड का उठान का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है, जिससे आढ़तियों को तो परेशानी हो ही रही है, मंडी में हर समय जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। इस सम्बन्ध में हैफेड के मैनेजर राज हंस ने सम्बन्धित ठेकेदार को एक पत्र लिखकर चेताया है कि वह जल्द ही लदान के कार्य में तेजी लाए अन्यथा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पत्र की एक एक कापी स्थानीय एसडीएम व अन्य अधिकारियों को भी भेजी गई हैं। मैनेजर राजहंस ने बताया कि अब तक हैफेड ने गेहूं के 6 लाख 17 हजार 520 कट्टे खरीदे हैं परंतु उनमें से मात्र 5 हजार 200 कट्टों का ही उठान हो सका है, जो



कि अत्यंत अपर्याप्त एवं असंतोषजनक कार्य है। राज हंस ने बताया कि उक्त ठेकेदार को धीमे लदान को लेकर पहले भी तीन-चार बार पत्र लिखकर सूचित किया जा चुका है परंतु उसके बावजूद लदान प्रक्रिया काफी धीमी है। उन्होंने बताया कि यदि अब भी लदान प्रक्रिया में तेजी नहीं आई, तो ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने बारे उच्च अधिकारियों को लिख दिया जाएगा। आढ़ती ऐसोसिएशन ने भी दर्ज करवाई आपत्तिः
हैफेड के धीमे लदान के बारे में स्थानीय आढ़ती ऐसोसिएशन चीका ने भी आपत्ति दर्ज करवाई है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए ऐसोसिएशन के एक वरिष्ठ पदाधिकारी राज कुमार जखोली ने बताया कि उन्होंने हैफेड के मैनेजर को एक लिखित शिकायत भेजी है, जिसमें हैफेड द्वारा खरीदे गए गेहूं के लदान का कार्य काफी धीमा चल रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त दूसरी सरकारी खरीद एजेंसियों का लदान तेज व संतोषजनक रूप से चल रहा है।

**जाम**

**जल्द ही लदान के कार्य में तेजी लाए अन्यथा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी**

उन्होंने बताया कि सैकड़ों आढ़तियों ने किसानों की फसलें न केवल तोल रखी हैं अलबत्ता गेहूं की बोरियां रेडी टू लिफ्ट भी कर रखी हैं परंतु उनका उठान नहीं हो रहा है। जाखोली ने कहा कि जब तक गेहूं सरकारी खरीद एजेंसियों के भंडारण स्थल पर नहीं पहुंचेंगी, तब तक किसानों को बेची हुई फसल का भुगतान भी नहीं मिलेगा, जिसके चलते मंडी में आढ़तियों व किसानों दोनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## नशा तस्कर की 70 लाख की अवैध संपत्ति फ्रीज

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ अपनी कार्रवाई को और अधिक सख्त कर दिया है। पुलिस की रणनीति अब केवल तस्करों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी अवैध कमाई से अर्जित संपत्तियों को जब्त कर उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर करना भी है। एसपी निकिता खट्टर के नेतृत्व में चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने खुनन निवासी आदतन

# किसान कष्ट निवारण समीक्षा शिविर का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत में डॉ. नवीन नैन भालसी के नेतृत्व में सेक्टर 13-17 स्थित उनके कार्यालय में किसान कष्ट निवारण समीक्षा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों, किसान संगठनों व युवाओं ने भाग लेकर अपनी समस्याएं एवं विचार रखे। इसका उद्देश्य किसानों की जमीनी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करना था। कार्यक्रम में एसआरएम यूनिवर्सिटी एनसीआर, दिल्ली के विद्यार्थी और विशेषज्ञों ने किसानों के साथ संवाद कर खेती से जुड़ी वास्तविक चुनौतियों को समझा। शिविर में किसानों और विशेषज्ञों ने मंडियों में खरीद से



जुड़ी समस्याएं, फसल के उचित मूल्य की कमी, सरकारी योजनाओं की जानकारी का अभाव तथा कृषि से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। विशेषज्ञों एवं उपस्थित प्रतिनिधियों ने सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाधान के सुझाव भी दिये। कार्यक्रम में भाकियू, किसान संगठनों, किसान नेता एवं जागरूक किसानों ने भाग लिया। डॉ. नवीन नैन भालसी ने कहा कि यह शिविर किसानों की आवाज को एक मंच देने का प्रयास है। इनेलो किसान सैल के प्रधान महासचिव प्रेम सिंह भालसी, एसआरएम यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार वी. सेमयूल राज, भाकियू जिला अध्यक्ष दिलबाग बिंझौल, भाकियू प्रवक्ता मनोज जागलान, राजेश धनखड़, ऑस्ट्रेलिया से मोहित नैन, राम किशन राठी, राम भगत रूहल, एसआरएम यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर, विद्यार्थी, पीएचडी छात्र, किसान नेता आदि उपस्थित रहे।

# वित्तीय साक्षरता एवं करियर काउंसलिंग कार्यशाला आयोजित

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** डीएवी कालेज चीका के करियर एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा वाणिज्य एवं अंग्रेजी विभाग के सहयोग से वित्तीय साक्षरता एवं करियर काउंसलिंग कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन प्रख्यात वक्ता धर्मिंदर कुमार कथूरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता के महत्व से अवगत करवाना तथा उन्हें करियर निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था।
कार्यशाला के दौरान वक्ता ने बचत, निवेश, बजट प्रबंधन एवं वित्तीय योजना जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिससे विद्यार्थियों को उपयोगी व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की सफलता का श्रेय संयोजकों एवं



आयोजन समिति के समर्पित प्रयासों को जाता है। संयोजक प्रो. राजिंदर गोयल (संयोजक, वाणिज्य विभाग) एवं प्रो. नेहा बंसल (संयोजक, करियर एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ) ने कार्यक्रम की रूपरेखा सावधानीपूर्वक तैयार की तथा उसके सुचारु संचालन को सुनिश्चित किया, जबकि आयोजन समिति के सदस्य डा. सीमा देवी एवं प्रो. कुनाल वर्मा ने कार्यशाला के समन्वय एवं प्रबंधन में सक्रिय योगदान दिया। उनके सामूहिक प्रयासों से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य जसबीर ने विभागों के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों के आयोजन की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर एकता, प्रोफेसर वैशाली एवं प्रोफेसर पूर्णिमा भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं।
उन्होंने विद्यार्थियों को सत्र में

# कांगथली में रंजिशन हमला करने के मामले में पुलिस द्वारा तीन आरोपी गिरफ्तार

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला हलका के गांव कांगथली में रंजिशन हमला करने के मामले में एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता बताया कि गांव कांगथली निवासी राकेश कुमार कि शिकायत के अनुसार 15 अप्रैल को शाम करीब 7.30 बजे वह घर से जा रहा था। रास्ते में पहले से योजना बनाकर बैठे बोबी, गुरुचरण व राजू ने उसे रोक लिया। उनके पास टकूआ व कृपाण जैसे हथियार थे, जिनसे उन्होंने उस पर हमला कर दिया तथा हमले में वह घायल हो गया और किसी तरह जान बचाकर अपने घर पहुंचा। घटना के बाद जब उसके परिजन शिकायत लेकर आरोपियों के घर पहुंचे, तो वहां पहले से ही कई लोग एकत्रित थे। वहां भागा राम भी बंदूक लेकर खड़ा था तथा उसके साथ बोबी, बंटी,



फत्ता राम, पप्पू राम, कूटा राम उर्फ देसराज, सुखा राम, राजू राम, बिट्ठू राम व ज्ञानी राम सहित अन्य मौजूद थे। उसके परिजनों को देखते ही आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। बताया गया कि भागा राम ने दो फायर किए जबकि बंटी ने बंदूक लेकर एक ओर फायर किया। जिससे उसके परिवारजन मौके से जान बचाकर भागे और तुरंत 112 नंबर पर सूचना दी।
पुलिस के आने के बाद जब उसके परिवारजन दोबारा मौके पर पहुंचे, तो अर्जुन राम, गुरुचरण, श्रवण, हरीश व हिन्दू राम सहित अन्य ने फिर से हमला कर दिया। हमले में काबल के सिर में गंभीर चोट लगी। जिस बारे थाना सीवन में मामला दर्ज कर लिया गया।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708

वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राश 9815119633, 9855577523

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# भिवानी में हर्षोल्लास से मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव, निकाली शोभा यात्रा

जन्मोत्सव

**परशुराम ने धर्म की स्थापना के लिए लड़ी थी अन्याय के खिलाफ लड़ाई : विधायक कुलदीप**



**टीम एक्शन इंडिया**
**भिवानी, वंदना शर्मा**
**भिवानी, 17 अप्रैल** : भिवानी में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा शुक्रवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय परशुराम चौक पर स्थित भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा हवन कर स्वच्छ पर्यावरण की कामना की गई। इस दौरान शहर में विराट शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें अनेक देवी देवताओं व भगवान परशुराम की झांकियां निकाली गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के बादली से विधायक कुलदीप वत्स ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यअतिथि का समिति सदस्यों कमल शर्मा, भारत शर्मा, जितेंद्र, मुकेश प्रधान, नीतू ने स्वागत किया तथा मंच का संचालन सुनील शास्त्री ने किया।

इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक कुलदीप वत्स ने कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम सर्व समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है, जिन्होंने धर्म की स्थापना के लिए अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि आज भी समाज में अनेक प्रकार की बुराइयां जन्म ले रही ह, जिसको खत्म करने के लिए हमें आगे आना चाहिए। वही युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आज युवा नशे जैसी अनेक बुराइयों व अनेक प्रकार के अपराधों में शामिल हो रहे हैं। इसलिए उन्हें अच्छी शिक्षा के साथ आगे आना चाहिए। उन्होंने अपील की है कि हम अपने बच्चों में अच्छी शिक्षा का समावेश कर उन्हें उच्च अधिकारी बनने के लिए प्रेरित करें, ताकि समाज व राष्ट्र की तरक्की सुनिश्चित की जा सकें। विधायक ने कहा कि समाज में अलग-अलग प्रकार की गिरावट आ रही है। इसलिए आज हमें एकता के साथ आगे आकर समाज को संभालने की जरूरत है। उन्होंने सर छोटू राम की उक्ति बोलते हुए कहा की आज समाज को बोलने की जरूरत है और अपने-पराए को पहचानने की जरूरत है, यदि समाज ऐसा करता है तो वह कभी चोट नहीं खाएगा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि भगवान परशुराम हमारे लिए आदर्श हैं और ब्राह्मण सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाला समाज है। ब्राह्मण कभी भी तोड? की बात नहीं करता, बल्कि ब्राह्मण जोड? की बात करता है। इसलिए ब्राह्मण समाज 36 बिरादरी को साथ लेकर चले।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, ब्राह्मण नेता नवीन जयहिंद, प्रदीप जोगी, सुनील शास्त्री, पन्नू मस्ता, सियाराम शर्मा, समाजसेवी राजू नांगल, उमेश भारद्वाज, सुधीर सरपंच, कमल कुमार, जयभगवान शर्मा, देवकांत शर्मा, केडी कुलदीप कौशिक, कालू कुडल, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, जेके शर्मा, रामबीर शर्मा, रविन्द्र शर्मा, सुधीर सरपंच सहित अनेक गणमान्य व युवा उपस्थित रहे।

# बिजली कर्मियों का एसडीओ के खिलाफ प्रदर्शन

मांग

**अनुभवहीन वर्करों को फील्ड में भेजने का विरोध आदेश वापस लेने की मांग**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। जिले के कस्बा घरौंडा में हरियाणा बिजली वितरण निगम के अनुबंधित कर्मचारियों ने सब डिविजन-सब अर्बन के एसडीओ के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर नारेबाजी की और आरोप लगाया कि बिना अनुभव वाले कर्मचारियों को फील्ड में भेजा जा रहा है, जिससे उनकी सुरक्षा और बिजली व्यवस्था दोनों पर खतरा मंडरा रहा है। प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष दिनेश राणा, जिला उपाध्यक्ष सुनील हुड्डा, जिला सचिव सुमित मक्कड़, उपमंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, उपमंडल उपाध्यक्ष अमित, सचिव सचिन पुनिया, वीरेंद्र सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।
एसडीओ द्वारा असिस्टेंट लाइनमैन (एएलएम) कर्मचारियों को उनकी जॉइनिंग की तारीख से ही शिफ्ट अटेंडेंट (एसए) के रूप में काम करने के आदेश दिए गए हैं, जबकि इन कर्मचारियों को फील्ड का अनुभव नहीं है।
कर्मचारियों का कहना है कि यह फैसला न केवल अनुचित है, बल्कि इससे कर्मचारियों की जान को भी खतरा है। साथ ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है। उन्होंने बताया कि एएलएम को एसए पद पर भेजने का मामला अभी यूएचबीवीएन पंचकूला के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के विचाराधीन है, इसके बावजूद आदेश लागू करना मनमानी है।
प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि एचकेआरएन के तहत काम करने वाले कर्मचारियों को जोखिम भरे कामों में लगाया जा रहा है, जबकि पक्के कर्मचारियों को दफ्तरों में बैठाया जा रहा है। इससे विभाग की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ यूनियनों के दबाव में यह निर्णय लिया गया है, जो गलत है।
कर्मचारियों ने कहा कि इस समय धान का सीजन चरम पर है। ऐसे में अनुभवहीन कर्मचारियों को फील्ड में भेजना उनके जीवन को खतरे में डालने जैसा है और इससे विभागीय कार्य भी प्रभावित होगा।

## घरौंडा में नेशनल हाइवे पर चलाया सफाई अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के सर्विस लेन पर वीर राइस मिल से घरौंडा टोल टैक्स के बीच सडक किनारे लगे कूड़े के ढेर को लेकर क्षेत्र में लोगों की परेशानी पर आज स्वच्छ भारत मिशन के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कड़ा संज्ञान लिया।
जनहित और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्होंने तुरंत संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर तलब किया और स्थिति को दिखाया। उनके निर्देश पर नगर पालिका सचिव रवि शर्मा, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के एसडीओ भानू प्रताप की ओर से सुपरवाइजर कुलदीप तथा मार्केट कमेटी उप सचिव सुनील कुमार और सफाई एजेंसी के निरीक्षक को मौके पर बुलाया गया।
निरीक्षण के दौरान वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि लापरवाही बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखना संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है।
सुभाष चंद्र ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन केवल कागजों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि धरातल पर साफ सुथरा वातावरण दिखाई देना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसलिए नियमित निगरानी के साथ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इसकी तुरंत सफाई कराकर उन्हें फोटो भेजना सुनिश्चित करें। जनता को शिकायत करने का अवसर ही नहीं मिलना चाहिए। इसके बाद मौके पर ही सफाई अभियान शुरू किया गया। लोगों ने चेयरमैन की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रियता और दृढ़ नेतृत्व के कारण ही समस्या का तुरंत समाधान संभव हो पाया।

## अभय चौटाला के प्रयासों से सरकारी रेट पर खरीदी जा रही सरसों की फसल

**सिरसा (रणबीर खटक)** द सिरसा कॉर्पेटिव मार्केटिंग सोसायटी सिरसा के चेयरमैन रोहताश पूनिया ने बताया कि इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के प्रयासों से सिरसा अनाजमंडी में सरसों उत्पादक किसानों की सरसों की फसल सरकारी रेट 6200 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदी जानी शुरू हो गई है। इस सिलसिले में अपने बयान में चेयरमैन रोहताश पूनिया ने कहा कि बीती 15 अप्रेल को इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला के सिरसा अनाजमंडी में दौरे के दौरान अनेक जमींदार उनसे मिले थे और उनसे शिकायत की थी कि उनकी सरसों की फसल को सरकारी रेट से कहीं नीचे खरीदा जा रहा है जिससे उन्हें काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस पर इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने तत्काल प्रभाव से संबद्ध विभाग के अधिकारियों से संपर्क साधकर उन्हें सरकारी रेट पर किसानों की सरसों की फसल खरीदने को कहा।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल**। जिला में ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक के पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिला, लेकिन कपड़ों से मिली कार की चाबी के आधार पर उसकी पहचान की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।
मृतक की पहचान 33 वर्षीय सोहन लाल के रूप में हुई है।
वह करनाल के शुगर मिल का रहने वाला था। जीआरपी करनाल के सब इंस्पेक्टर ऋषि कुमार ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे सूचना मिली थी कि बजीदा फाटक के पास एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची।
मौके पर शव की तलाशी लेने पर कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे पहचान हो सके।
हालांकि, कपड़ों से एक कार की चाबी जरूर मिली। इसके बाद पुलिस ने आसपास गाड़ी की तलाश शुरू की। कुछ दूरी पर एक स्विफ्ट कार खड़ी मिली। जब उस चाबी से कार को खोला गया तो वह खुल गई। कार की तलाशी लेने पर उसमें कुछ दस्तावेज मिले, जिनके आधार पर मृतक की पहचान सोहन लाल के रूप में की गई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर घटना की सूचना दी।
पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोच्युरी हाउस भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि अभी

न्यूज फ्लैश

## जेल में हवालाती की हार्टअटैक से मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल**। जिला जेल में बंद एक हवालाती की दिल का दौरा पडे से मौत हो गई। अचानक तबीयत बिगडे पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
मृतक की पहचान 25 वर्षीय सोनू उर्फ बाला पुत्र बलिराम निवासी गांव नलीपार, थाना कुंजपुरा के रूप में हुई है, वह अविवाहित था। जानकारी के मुताबिक सोनू को 31 जुलाई 2022 को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। वह बीती 31 मार्च से करनाल जेल में अंडर ट्रायल कैदी के रूप में बंद था। बीती 13 अप्रैल को उसकी कोर्ट में पेशी भी हुई थी। आज सुबह करीब 10 बजे जेल में उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई और उसे दिल का दौरा पड़ा। जेल प्रशासन ने तुरंत उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने घटना की सूचना रामनगर थाना पुलिस को दी।
सूचना मिलने पर रामनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच अधिकारी टेकचंद ने बताया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट और अस्पताल के बोर्ड की निगरानी में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा और मामले की जांच जारी है।

## भिवानी पहुंचे बादली के कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स, पत्रकार वार्ता को किया संबोधित



**भिवानी, वंदना शर्मा**
**भिवानी, 17 अप्रैल** : शुक्रवार को भिवानी में भगवान परशुराम जयंती के मौके पर पहुंचे बादली से कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स ने बीजेपी सरकार के साथ-साथ अपनी ही पार्टी पर भी कई बड़े सवाल खड़े किए। इस दौरान स्थानीय आजाद नगर स्थित डालमिया बगीची के नजदीक स्थित जयकिशन शर्मा के आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में अहम मुद्दों पर अपनी राय रखी। इस दौरान कुलदीप वत्स ने मंडियों में लगाए गए नए नियम किसान विरोधी हैं, सरकार किसानों को परेशान करना चाहती है। विधायक कुलदीप वत्स ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार की नीतियां किसानों के हित में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मंडियों में बनाए गए नए नियम किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। उन्होंने समाज के युवाओं से जागरूक होने और अपनी पहचान मजबूत करने की अपील भी की। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण बिल पर उन्होंने कहा कि यह पहल पहले कांग्रेस ने की थी, जिसे अब भाजपा ने नए नाम से लागू किया है। नहीं झुकूंगा, सच्चाई सामने आएगी। इस अवसर पर जिला शहरी अध्यक्ष प्रदीप जोगी, ईश्वर शर्मा प्रधान, धीरज अखरिया, चेयरमैन ओमप्रकाश भारद्वाज, उमेश भारद्वाज, रेणु बाला, सतीश शर्मा, राकेश वत्स, संजय गांधी, अधिवक्ता कुलदीप बापोड़ा, तारकेश्वर सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पिता ने नाबालिग बेटियों से की छेड़छाड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल**। घरौंडा थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति पर मारपीट, धमकी देने और नाबालिग बेटियों के साथ छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत मिलने के बाद महिला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पानीपत क्षेत्र में होने के कारण जीरो एफआईआर दर्ज कर केस संबंधित थाना को भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।
शिकायतकर्ता पत्नी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी शादी करीब 17 साल पहले पानीपत जिला के एक गांव में वीरेंद्र के साथ हुई थी। उनके चार बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटियां और एक बेटा शामिल है। पत्नी ने आरोप लगाया कि उसका पति वीरेंद्र अक्सर उसके साथ मारपीट करता है। इसके अलावा उसकी नाबालिग बेटियां (16 वर्ष) और (14 वर्ष) के साथ भी छेड़छाड़ करता है। सास-ससुर भी आरोपी का साथ देते हैं और उसे धमकाते हैं।
पीड़िता ने बताया कि वह पिछले तीन महीनों से अपने मायके में रह रही है। बीती 12 अप्रैल को उसका पति वीरेंदर उसके मायके पहुंचा और उसके साथ तथा उसकी मौसी के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपी ने आत्महत्या करने की कोशिश की और धमकी दी कि वह खुदकुशी कर उसे झूठे केस में फंसा देगा।
मामले में 14 अप्रैल को महिला थाना में शिकायत दी। शिकायत की जांच के दौरान सामने आया कि घटना का स्थान थाना ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया, पानीपत क्षेत्र में आता है। महिला थाना में तैनात पीएसआई नेहा की ओर से जीरो एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद केस की शिकायत आगे की कार्रवाई के लिए थाना ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया, पानीपत भेज दी गई। पत्नी ने पुलिस से आरोपी पति वीरेंद्र के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही कहा है कि यदि भविष्य में आरोपी कोई गलत कदम उठाता है, तो इसकी जिम्मेदारी उसी की होगी।

# छात्रों से लाखों हड़प रातों-रात कोचिंग सेंटर बंद

धोखाधड़ी

**वॉट्सएप पर मैसेज भेज संचालक फरार**
**यूपीएससी-एसएससी की करवाते थे तैयारी**




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। शहर में सरकारी नौकरी दिलाने की गारंटी के नाम पर चल रहे एक कोचिंग संस्थान द्वारा कथित तौर पर बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। संस्थान ने छात्रों से मोटी फीस लेकर चयन न होने पर पैसे लौटाने का भरोसा दिया था। अचानक 16 अप्रैल की रात संस्थान बंद कर दिया गया और अगली सुबह पहुंचे छात्रों को वहां कोई नहीं मिला, जिससे मामला खुलकर सामने आया। अब छात्रों ने मामले की शिकायत पुलिस को की है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।
छात्रों के अनुसार 16 अप्रैल की रात करीब 9 बजकर 50 मिनट पर उन्हें वॉट्सएप पर मैसेज मिला, जिसमें मालूका आइएएस और एस्पीरेशन अकादमी को बंद करने की सूचना दी गई। इस मैसेज के बाद छात्रों में हडकंप मच गया और अगले दिन 17 अप्रैल की सुबह 10 बजे सभी छात्र संस्थान के बाहर इका हो गए।जब छात्र मौके पर पहुंचे, तो संस्थान पूरी तरह खाली मिला। वहां कोई स्टाफ या संचालक मौजूद नहीं था। छात्रों ने संस्थापक नितेन तंवर, मैनेजर गुरप्रीत कौर और रिसेप्शनिस्ट पवित्रा को फोन करने की कोशिश की, लेकिन संस्थापक के अलावा सभी के फोन बंद मिले। संस्थापक से बात करने पर भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।
आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला कि 16 अप्रैल की रात को ही संस्थान का सारा सामान निकाल लिया गया था। इससे साफ हो गया कि संस्थान को पहले से बंद करने की योजना बनाई गई थी। छात्रों ने आरोप लगाया कि संस्थान यूपीएससी और एसएससी जैसी परीक्षाओं की तैयारी के नाम पर अलग-अलग फीस वसूलता था। यूपीएससी के लिए 95 हजार से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक और एसएससी के लिए 25 हजार से लेकर सवा लाख रुपए तक फीस ली गई। ज्यादा फीस देने वालों को चयन न होने पर पूरी फीस वापस करने का लालच दिया गया।
शिकायतकताओं में अकांशी, शीतल, मुस्कान, खुशी, ऋतिक, अंशुल, तन्नु, महक और रजनी सहित अन्य छात्र शामिल हैं। उनका कहना है कि संस्थान ने सरकारी नौकरी का सपना दिखाकर उन्हें अपने जाल में फंसाया और अब पैसे लौटाने से साफ मना कर रहा है।
संस्थापक ने छात्रों को संस्थान बंद करने का कारण भारी नुकसान बताया है। साथ ही कुछ छात्रों को फीस वापस न देने की बात भी कही, जिससे छात्रों में भारी रोष है। वही छात्रों ने बताया कि नितिन से फोन पर बात हुई, तो उन्होंने आश्वासन दिया है कि वे सभी बच्चों का पैसा लौटाएंगे और उसके लिए उन्हें एक दो दिन का टाइम चाहिए।
गुस्साए छात्रों ने सिविल लाइन थाना में शिकायत देकर संस्थान संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## पशुपालन एवं डेरिंग विभाग स्वयं रोजगार के लिए दे रहा है 25 से 90 प्रतिशत सब्सिडी: संदीप कुमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**तोशाम, वंदना शर्मा**
**तोशाम 17 अप्रैल।** एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि पशुपालन एवं डेरिंग विभाग स्वयं रोजगार के लिए बेरोजगार युवक और युवतियों को 25 से 90 प्रतिशत सब्सिडी दे रहा हे। संदीप कुमार बताया कि महिलाओं, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और जनरल वर्ग के लोगों को अलग-अलग सब्सिडी दी जा रही है।
उपमण्डल अधिकारी, पशुपालन एवं डेरिगं, डॉ सुनील शर्मा द्वारा दी गई विस्तृत जानकारी के अनुसार प्रति भैंस पर एक लाख रुपये तक, प्रति गाय पर 90 हजार तक और भेड़ बकरी फार्म पर 98000 रुपए तक की कीमत पर सब्सिडी दी गई है। उन्होंने बताया कि एससी वर्ग के लिए 90 प्रतिशत सब्सिडी दी गई है और बैकवर्ड तथा सामान्य वर्ग के लिए 25 प्रतिशत सब्सिडी दी गई है।
डॉ सुनील शर्मा ने बताया कि उपमंडल तोशाम के अंतर्गत आने वाले गांवों में विभाग द्वारा दुग्धारू पशुओं की डेयरी ईकाई व भेड बकरी व सुअर की ईकाई स्थापित करवाई गई है।
उनमें राजकीय पशु चिकित्सालय तोशाम के अंतर्गत आने वाले गांवों में 07 ईकाई स्थापित करवाई गई है। इनमें 02 दुधारू पशु ईकाई की 02, 04 दुधारू पशु ईकाई की 01 और 10 दुधारू पशु ईकाई की 01, 20 दुधारू पशु ईकाई एक यूनिट है। वहीं 6 भेड बकरी ईकाई तथा 01 सूअर ईकाई स्थापित की गई है। राजकीय पशु चिकित्सालय सागवान के अंतर्गत जाने वाले गांवों में 02 दुधारू पशु ईकाई स्थापित करवाई गई है, इनमें 02 दुधारू पशु ईकाई 01, 04 दुधारू पशु इकाई एक और 01 भेड़ बकरी ईकाई स्थापित की गई है। राजकीय पशु चिकित्सालय रिवासा के अंतर्गत वाने वाले गांवों में एक 02 दुधारू पशु ईकाई व 02 भेड़ बकरी ईकाई स्थापित की गई है। राजकीय पशु चिकित्सालय बजीना के अंतर्गत आने वाले गांवों में 02 दुधारू पशु ईकाई व 02 भेड बकरी ईकाई स्थापित की गई है।
राजकीय पशु चिकित्सालय ढाणी माहू के अंतर्गत आने वाले गांवों में 02 भेड़ बकरी ईकाई स्थापित की गई है।
राजकीय पशु चिकित्सालय खरकडी माखनान के अंतर्गत आने वाले गांवों में 05 दुधारू पशु ईकाई स्थापित करवाई गई हैं। इनमें 02 दुधारू पशु ईकाइ की 01, 01 दुधारू पशु ईकाई एक,04 दुधारू पशु ईकाई एक व 10 दुधारू पशु ईकाई एक तथा 02 भेड बकरी ईकाई स्थापित की गई है। राजकीय पशु चिकित्सालय पटोदी के अंतर्गत आने वाले गांवों में 09 दुधारू पशु ईकाई स्थापित करवाई गई हैं। इनमें 02 दुधारू पशु ईकाई, 10 दुधारू पशु ईकाई व 01 भेड बकरी ईकाई स्थापित की गई है।
राजकीय पशु चिकित्सालय कैरु के अंतर्गत आने वाले गांवों में 01 दुधारू पशु ईकाई, एक 01 भेड बकरी ईकाई स्थापित की नई है।

# चोरी का आरोपी काबू, 50 ग्राम 550 मिलीग्राम सोना व मोटरसाइकिल बरामद



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। जिला पुलिस की सीआईए-1 टीम ने सोना चोरी के मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी तालिब हुसैन पुत्र जाकिर हुसैन निवासी मोहल्ला मदीना कॉलोनी लहसवाड़ा, कस्बा देवबंद, जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) को कोर्ट परिसर से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर विधि अनुसार गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा 50 ग्राम 550 मिलीग्राम सोना व वारदात में प्रयोग की गई एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। जांच अधिकारी के अनुसार इस संबंध में शिकायतकर्ता जिसकी करनाल में माया ज्वैलर्स के नाम से दुकान हैं, ने थाना शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार 5 जून 2025 को एक अज्ञात व्यक्ति ज्वैलरी देखने के बहाने दुकान में आया और मौका पाकर सोना चोरी कर फरार हो गया। घटना का खुलासा दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर हुआ।
इस शिकायत पर थाना शहर में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। टीम द्वारा जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। टीम द्वारा न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट हासिल कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसे अदालत में पेश करने पर 5 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया था।
रिमांड अवधि समाप्त होने पर आज आरोपी को पुनः न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## संपादकीय

# अंतरिक्ष में भारत का अगला कदम अब कुछ ही दूर है!

**भारत की** अंतरिक्ष यात्रा अब एक नए युग में प्रवेश कर रही है, जहां उसके सपने उपग्रह प्रक्षेपण या चंद्रमा-मंगल तक सीमित नहीं रह गए हैं, लक्ष्य है; अंतरिक्ष में अपना स्थायी ठिकाना बनाना। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा प्रस्तावित भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) इसी महत्वाकांक्षा का प्रतीक है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा अब एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है, जहां वह उपग्रह प्रक्षेपण और चंद्र मिशनों के आगे मानव अंतरिक्ष अन्वेषण में उड़ान भरने को उद्यत है, इसलिए भारत आज इसके अगले चरण स्वदेशी स्पेस स्टेशन की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स के निदेशक ए. पकीराज के अनुसार, भारत इसके लिए रूस के दशकों पुराने अनुभव का लाभ उठाना चाहता है। विशेष रूप से कंट्रोल सिस्टम, पावर सप्लाई, कम्युनिकेशन और ट्रैकिंग जैसे महत्वपूर्ण सब-सिस्टम में दोनों देशों के बीच सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं। निश्चित ही यह सहयोग विज्ञान में सामरिक और दीर्घकालिक साझेदारी का संकेत भी है। कोई प्रश्न खड़ा कर सकता है कि रूस का सहयोग ही क्यों लेना? तब इसका सीधा उत्तर यह है कि भारत और रूस के बीच अंतरिक्ष सहयोग का इतिहास अत्यंत समृद्ध और भरोसेमंद रहा है। वर्ष 1975 में भारत का पहला उपग्रह आर्यभट सोवियत संघ की सहायता से ही प्रक्षेपित किया गया था। इसके बाद 1984 में राकेश शर्मा को अंतरिक्ष में भेजने में भी सोवियत संघ (अब रूस) ने अहम भूमिका निभाई थी। यह भारत के अंतरिक्ष इतिहास का गौरवपूर्ण क्षण था। इसके अलावा क्रायोजेनिक इंजन तकनीक के विकास में रूस का सहयोग भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। वर्तमान में चल रहे गगनयान मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों (व्योमयानियों) के प्रशिक्षण में भी रूस की भूमिका निर्णायक रही है। यह दीर्घकालिक सहयोग अब इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन परियोजना के माध्यम से एक नए आयाम में प्रवेश कर सकता है। फिलहाल इसरो की योजना के अनुसार, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन वर्ष 2035 तक तैयार हो जाएगा। इसे पृथ्वी से लगभग 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित किया जाएगा और इसका झुकाव 51.6 डिग्री होगा। यह संरचना काफी हद तक रूस के प्रस्तावित रशियन ऑर्बिटल स्टेशन (आरओएस) के समान होगी। क्योंकि इस ऊंचाई और झुकाव का चयन वैज्ञानिक अनुसंधान, पृथ्वी अवलोकन और अंतरिक्ष प्रयोगों के लिए उपयुक्त माना जाता है। यहां सबसे अधिक इस सफलता के साथ जुड़ी अच्छी बात यह है कि भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण भारत को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में खड़ा करेगा, जिनके पास अपना स्वतंत्र मानवयुक्त अंतरिक्ष स्टेशन हैं। वर्तमान में चीन के पास ही सक्रिय मानवयुक्त स्पेस स्टेशन है, जबकि इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन को 2030-31 तक डीकमीशन किए जाने की योजना है।

# महिला आरक्षणः संवैधानिक जरूरत या राजनीतिक रणनीति?

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

> "राजनीतिक दृष्टिकोण से इस प्रावधान का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि परिसीमन के साथ महिला आरक्षण को जोड़ना सत्ताधारी दलों के लिए एक रणनीतिक लाभ प्रदान करता है। वर्तमान लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग 15 प्रतिशत के आसपास है, जबकि राज्य विधानसभाओं में यह और भी कम है। यदि 33 प्रतिशत आरक्षण को तत्काल लागू किया जाता, तो बड़ी संख्या में वर्तमान पुरुष सांसदों की सीटें प्रभावित होतीं, जिससे राजनीतिक असंतोष और विरोध उत्पन्न होना स्वाभाविक था"

**संसद** में महिला आरक्षण का प्रश्न भारतीय लोकतंत्र के विकास और उसकी समावेशी प्रकृति से गहराई से जुड़ा हुआ है। स्वतंत्रता के बाद से ही यह अपेक्षा की जाती रही है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में समाज के सभी वर्गों को समान और न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व मिले, किंतु वास्तविकता यह है कि महिलाओं की भागीदारी लंबे समय तक सीमित रही। इसी पृष्ठभूमि में 2023 में पारित 106वां संविधान संशोधन अधिनियम, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम कहा जाता है, एक ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आया। इस अधिनियम के तहत लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में कुल सीटों का एक तिहाई हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उनके अनुपात में उप-आरक्षण भी शामिल है। यह व्यवस्था भारतीय संविधान में नए अनुच्छेद 330अ, 332अ और 334अ जोड़कर की गई है, जो न केवल आरक्षण के दायरे को परिभाषित करते हैं बल्कि उसकी अवधि और क्रियान्वयन की प्रक्रिया को भी निर्धारित करते हैं। हालांकि इस अधिनियम की सबसे महत्वपूर्ण और विवादास्पद विशेषता यह है कि इसके क्रियान्वयन को अगली जनगणना और उसके बाद होने वाली परिसीमन प्रक्रिया से जोड़ दिया गया है। इस प्रावधान ने एक महत्वपूर्ण बहस को जन्म दिया है कि क्या महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना वास्तव में संवैधानिक आवश्यकता है या यह एक सोची-समझी राजनीतिक रणनीति है। इस प्रश्न का उत्तर सरल नहीं है, क्योंकि इसमें संवैधानिक व्याख्या, राजनीतिक हित और प्रशासनिक व्यवहार्यता तीनों ही तत्व शामिल हैं। संवैधानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो संसद को महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान करने का अधिकार अनुच्छेद 15(3) के तहत प्राप्त है। इसके अतिरिक्त, लोकसभा और विधानसभाओं की सीटों के पुनर्वितरण के लिए अनुच्छेद 82 और 170 में परिसीमन की व्यवस्था की गई है, जो जनगणना के आधार पर होती है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम में



जोड़ा गया अनुच्छेद 334अ यह स्पष्ट करता है कि महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का रोटेशन प्रत्येक परिसीमन के बाद किया जाएगा। यह व्यवस्था पहली दृष्टि में तार्किक प्रतीत होती है, क्योंकि इससे यह सुनिश्चित होता है कि आरक्षण का लाभ विभिन्न क्षेत्रों तक समान रूप से पहुंचे और किसी एक क्षेत्र तक सीमित न रह जाए। फिर भी यह प्रश्न बना रहता है कि क्या इस पूरी प्रक्रिया को अनिवार्य रूप से परिसीमन से जोड़ना आवश्यक था। यदि हम स्थानीय निकायों के स्तर पर लागू 73वें और 74वें संविधान संशोधनों को देखें, तो वहां महिलाओं के लिए आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया था, भले ही परिसीमन की प्रक्रिया बाद में हुई हो। इससे यह संकेत मिलता है कि महिला आरक्षण को लागू करने के लिए परिसीमन एक अनिवार्य शर्त नहीं है, बल्कि इसे प्रशासनिक सुविधा के लिए जोड़ा गया है। इसके अलावा, 1996 से 2010 के बीच कई बार प्रस्तुत महिला आरक्षण विधेयकों में इस प्रकार की कोई शर्त नहीं थी, जो यह दर्शाता है कि यह प्रावधान बाद में एक विशेष राजनीतिक संदर्भ में जोड़ा गया।

राजनीतिक दृष्टिकोण से इस प्रावधान का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि परिसीमन के साथ महिला आरक्षण को जोड़ना सत्ताधारी दलों के लिए एक रणनीतिक लाभ प्रदान करता है। वर्तमान लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग 15 प्रतिशत के आसपास है, जबकि राज्य विधानसभाओं में यह और भी कम है। यदि 33 प्रतिशत आरक्षण को तत्काल लागू किया जाता, तो बड़ी संख्या में वर्तमान पुरुष सांसदों की सीटें प्रभावित होतीं, जिससे राजनीतिक असंतोष और विरोध उत्पन्न होना स्वाभाविक था। परिसीमन के माध्यम से सीटों की संख्या बढ़ाकर इस समस्या को कम किया जा सकता है, क्योंकि नई सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जा सकता है, बिना मौजूदा सांसदों को सीधे तौर पर विस्थापित किए। इसके अतिरिक्त, परिसीमन की प्रक्रिया स्वयं में एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील विषय है, क्योंकि यह विभिन्न राज्यों के बीच प्रतिनिधित्व के संतुलन को प्रभावित करती है। दक्षिण भारत के कई राज्यों ने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि जनसंख्या नियंत्रण में उनकी सफलता के बावजूद परिसीमन के बाद उनकी सीटों की संख्या अपेक्षाकृत कम हो सकती है, जबकि उत्तरी राज्यों को अधिक लाभ मिल सकता है। इस संदर्भ में महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना एक व्यापक राजनीतिक समीकरण का हिस्सा प्रतीत होता है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों और वर्गों के हितों को संतुलित करने का प्रयास किया जा रहा है। एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि इस अधिनियम में अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से कोई उप-आरक्षण नहीं किया गया है। यह सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण कमी मानी जा रही है, क्योंकि इससे आरक्षण का लाभ मुख्य रूप से अपेक्षाकृत सशक्त वर्गों की महिलाओं तक सीमित रह सकता है। इसके अतिरिक्त, यह प्रावधान राज्यसभा और विधान परिषदों पर लागू नहीं होता, जिससे उच्च सदनों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने का अवसर भी सीमित हो जाता है। इस पूरी व्यवस्था का एक और व्यावहारिक पहलू यह है कि जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया में देरी होने के कारण महिला आरक्षण का वास्तविक लाभ भी टलता जा रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि यह आरक्षण 2029 के आम चुनावों या उसके बाद ही प्रभावी हो पाएगा। इसका अर्थ यह है कि जिन महिलाओं के लिए यह अधिनियम एक आशा का स्रोत बना, उन्हें अभी भी अपने अधिकारों के लिए प्रतीक्षा करनी होगी। यह स्थिति इस प्रश्न को और अधिक प्रासंगिक बना देती है कि क्या इस प्रकार का विलंब वास्तव में आवश्यक है या इसे टाला जा सकता था। फिर भी इस अधिनियम के सकारात्मक पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह पहली बार है जब संसद और विधानसभाओं के स्तर पर महिलाओं के लिए इतनी बड़ी संख्या में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इससे न केवल महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि नीति निर्माण की प्रक्रिया में भी उनके दृष्टिकोण और अनुभवों को स्थान मिलेगा। पंचायत स्तर पर महिला आरक्षण के सकारात्मक परिणाम पहले ही देखे जा चुके हैं, जहां महिलाओं ने न केवल प्रशासनिक क्षमता का प्रदर्शन किया है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान भी दिया है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना एक जटिल निर्णय है, जिसमें संवैधानिक प्रावधानों, प्रशासनिक आवश्यकताओं और राजनीतिक रणनीतियों का मिश्रण है। इसे पूरी तरह से संवैधानिक बाध्यता कहना उचित नहीं होगा, क्योंकि इसके वैकल्पिक उपाय संभव थे। वहीं इसे केवल राजनीतिक रणनीति कहना भी एकतरफा दृष्टिकोण होगा, क्योंकि इसमें कुछ व्यावहारिक और तार्किक आधार भी मौजूद हैं।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# परिसीमन 2026 से क्यों चिंतित हैं दक्षिण भारतीय राज्य?

**महेन्द्र तिवारी**

**भारत** के लोकतांत्रिक इतिहास में वर्ष 2026 एक निर्णायक मोड़ के रूप में अंकित होने जा रहा है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 82 के प्रावधानों के अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया जिसे परिसीमन कहा जाता है वह अब एक राष्ट्रीय विमर्श का विषय बन चुकी है। यह प्रक्रिया केवल भौगोलिक सीमाओं के अंकन तक सीमित नहीं है अपितु यह भारतीय संघवाद की आत्मा और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व के मूल सिद्धांतों को प्रभावित करने वाली है। वर्तमान परिसीमन विधेयक 2026 ने देश के राजनीतिक मानचित्र को पुनः परिभाषित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। इस विधेयक के केंद्र में जनसंख्या के आधार पर सीटों का पुनर्वितरण है। पिछले कई दशकों से भारत में लोकसभा की सीटों की संख्या 543 पर स्थिर रही है जिसका आधार 1971 की जनगणना थी। उस समय की जनसंख्या और वर्तमान समय की जनसंख्या के बीच का अंतराल इतना विशाल हो चुका है कि एक सांसद के लिए अपनी विशाल जनता का प्रभावी प्रतिनिधित्व करना कठिन हो गया है। इसी समस्या के समाधान हेतु नए विधेयक में निचले सदन की सीटों की संख्या को बढ़ाकर लगभग 850 करने का प्रस्ताव है। यह विस्तार नए संसद भवन की क्षमता और भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए आवश्यक माना जा रहा है। परिसीमन की इस यात्रा को समझने के लिए इसके ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर दृष्टि डालना अनिवार्य है। भारत में 1976 में आपातकाल के दौरान संविधान के 42वें संशोधन के माध्यम से सीटों के पुनर्वितरण पर रोक लगा दी गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य उन राज्यों को सुरक्षा प्रदान करना था जिन्होंने परिवार नियोजन और जनसंख्या नियंत्रण के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक लागू किया था। सरकार का मानना था कि यदि केवल जनसंख्या के आधार पर सीटें बढ़ाई गईं तो जनसंख्या नियंत्रण करने वाले राज्य राजनीतिक रूप से कमजोर हो जाएंगे। इस रोक को पहले वर्ष 2001 तक और फिर 84वें संशोधन द्वारा वर्ष 2026 तक के लिए बढ़ा दिया गया था। अब जबकि यह समय सीमा समाप्त हो रही है सरकार ने इस प्रक्रिया को पुनः सक्रिय करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय इसलिए भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि इसे महिला आरक्षण विधेयक के क्रियान्वयन से जोड़ दिया गया है। वर्ष 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अनुसार संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जानी हैं। हालांकि इस आरक्षण के प्रभावी होने की पूर्व शर्त परिसीमन की प्रक्रिया का पूर्ण होना है। इस प्रकार परिसीमन अब केवल जनसंख्या का गणित नहीं बल्कि लैंगिक न्याय और महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी का प्रवेश द्वार भी बन गया है।

## विचार

# नारी शक्ति वंदन अधिनियमः याचक से नायक बनने की ओर

**अंजनी सक्सेना**

**भारत का** लोकतंत्र एक ऐतिहासिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। दशकों से लंबित महिला आरक्षण का सपना अब साकार होता दिख रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति, सामाजिक संरचना और सत्ता संतुलन में एक गहरे बदलाव का संकेत है। यह वह क्षण है, जब देश की आधी आबादी जो अब तक निर्णय प्रक्रिया में सीमित भूमिका निभा रही थी वह अब सत्ता के केंद्र में अपनी निर्णायक उपस्थिति दर्ज कराने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह अधिनियम भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी और प्रतिनिधिक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। वहीं मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में इस कानून को लेकर जो सक्रियता और राजनीतिक वातावरण तैयार किया जा रहा है, वह इसे जमीनी स्तर तक प्रभावी बनाने की मंशा को दर्शाता है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा की वरिष्ठ महिला नेता अर्चना चिटनीस ने इसे देश का भाग्य बदलने वाला कानून बताया, जो इस अधिनियम की व्यापकता और महत्व को स्पष्ट करता है। महिला आरक्षण का मुद्दा न तो नया है और न ही आज का है। स्वतंत्रता के बाद से ही संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की मांग समय-समय पर उठती रही। 1990 के दशक में यह मुद्दा गंभीर राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बना, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में महिला आरक्षण विधेयक लाने का प्रयास हुआ लेकिन उस समय राजनीतिक सहमति के अभाव और विरोध के कारण यह विधेयक पारित नहीं हो सका। इसके बाद भी कई सरकारों ने इस विषय को अपने एजेंडे में शामिल किया, लेकिन ठोस परिणाम सामने नहीं आए। यही कारण है कि वर्तमान सरकार इस अधिनियम को केवल विधायी सफलता नहीं, बल्कि दशकों की प्रतीक्षा के अंत के रूप में प्रस्तुत कर रही है।

सरकार के प्रतिनिधियों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को बहुआयामी दृष्टिकोण से आगे बढ़ाया गया है। पहले चरण में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, मुद्रा योजना जैसी पहलों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया। अब दूसरा चरण राजनीतिक सशक्तिकरण का है, जिसमें महिलाओं को सीधे सत्ता और नीति निर्माण में भागीदारी दी जा रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। यह कदम केवल प्रतिनिधित्व बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राजनीति की दिशा और प्राथमिकताओं को भी बदलने की क्षमता रखता है। मध्यप्रदेश इस परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बनकर उभर रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य में नगरीय निकायों में पहले से ही महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। उल्लेखनीय बात यह है कि महिलाओं का वास्तविक प्रतिनिधित्व इससे भी अधिक, लगभग 54 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि जब महिलाओं को अवसर मिलता है, तो वे न केवल भागीदारी करती हैं, बल्कि नेतृत्व में भी आगे आती हैं। अर्चना चिटनीस का भी कहना है कि यह अधिनियम महिलाओं को ह्ययाचक नहीं, बल्कि नायकह्न बनाएगा। यदि यह कथन केवल राजनीतिक बयान नहीं है तो यह एक बड़े सामाजिक परिवर्तन के संकेत दे रहा है। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का सबसे बड़ा प्रभाव नीति निर्माण पर पड़ेगा। यह माना जाता है कि महिलाएं अधिक संवेदनशील और समावेशी दृष्टिकोण के साथ निर्णय लेती हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, महिला सुरक्षा और सामाजिक कल्याण जैसे मुद्दों पर उनकी प्राथमिकताएं स्पष्ट रूप से सामने आएंगी। इससे शासन की गुणवत्ता में सुधार होगा और नीतियों का प्रभाव अधिक व्यापक और संतुलित होगा। यह अधिनियम सामाजिक न्याय की उस अवधारणा को भी मजबूत करता है, जिसमें हर वर्ग और हर लिंग को समान अवसर मिले।

हालांकि इस अधिनियम को लेकर राजनीतिक सहमति पूरी तरह एक जैसी नहीं है। विपक्ष का कहना है कि इसे जनगणना और परिसीमन से जोड़कर लागू करने में देरी की जा रही है। वहीं भाजपा का तर्क है कि यह प्रक्रिया आवश्यक है ताकि आरक्षण का लाभ सही और संतुलित तरीके से सभी क्षेत्रों तक पहुंच सके।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर - 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# अपनों के बीच भी अजनबी बनकर दम तोड़ती एक जिंदगी

**प्रो. आरके जैन**

**मध्यप्रदेश** के इंदौर शहर के नगीन नगर (चंदन नगर थाना क्षेत्र) की तंग गलियों में जब लंबे समय से जमी खामोशी अचानक दरक गई, तो उसके भीतर छिपा भयावह सच पूरे इलाके को भीतर तक हिला गया। एक बंद और उपेक्षित मकान से निकली सड़न और रहस्य ने वहां मौजूद हर व्यक्ति को सन्न कर दिया। इसी मकान के भीतर 65 वर्षीय वृद्ध का निर्जीव शरीर कुछ दिनों (लगभग दो दिन) से पड़ा हुआ था, और समय के साथ वह उपेक्षा की भयावह तस्वीर बन चुका था। यह घटना केवल मृत्यु की सूचना नहीं थी, बल्कि टूटते रिश्तों, बिखरते परिवार और संवेदनहीन होते समाज का दर्दनाक दर्पण थी। बंद दीवारों के भीतर दबी यह चुप्पी अब एक कठोर प्रश्न बनकर खड़ी है—क्या इस आधुनिक युग में इंसान अपने ही घर के भीतर इतना अकेला और असहाय हो सकता है?

सन्नाटे में दबी हुई सच्चाई जब अचानक सांस लेने लगती है, तो उसका पहला स्पर्श ही पूरे वातावरण को हिला देता है। कॉलोनी के बच्चे गली में क्रिकेट खेल रहे थे, तभी गेंद अचानक उसी बंद पड़े पुराने मकान के भीतर जा गिरी। गेंद लेने गए बच्चों ने जैसे ही अंदर झांका, तेज दुर्गंध और सड़न की भयावह स्थिति ने उन्हें भयभीत कर दिया। भीतर का दृश्य अत्यंत भयावह था—चूहों द्वारा क्षत-विक्षत शव और मौत का गहरा सन्नाटा। यह सच शायद और भी दिनों तक छिपा रहता, यदि वह गेंद उस बंद मकान में न जाती, जिसने एक अनदेखी और उपेक्षित त्रासदी को उजागर कर दिया। सूचना मिलते ही चंदन नगर थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची, जहां भीतर का दृश्य अत्यंत भयावह और दिल दहला देने वाला था—कमरे में फैली सड़ांध, जड़ हो चुकी खामोशी और लंबे समय से उपेक्षित वातावरण यह स्पष्ट संकेत दे रहे थे कि मृत्यु कई दिन पहले हो चुकी थी और किसी ने उसकी सुध नहीं ली थी; शव काफी विकृत अवस्था में था, जिससे यह घटना केवल एक पुलिस जांच का विषय न रहकर समाज की संवेदनहीनता और टूटते पारिवारिक संबंधों का कठोर दर्पण बन गई, और सबसे बड़ा प्रश्न यही रह गया कि तीन पुत्रों के होते हुए भी यह व्यक्ति अपने अंतिम समय में इस तरह पूर्णतः अकेला क्यों रह गया।

# कफन की जेब और नैतिकता का स्विस बैंक

**डॉ. सुरेश कुमार**

**सेठ ल**क्ष्मीचंद ने अपनी वसीयत में साफ लिखा था कि उनके कफन में कम से कम दस जेबें होनी चाहिए। उनके बेटों ने अपनी बुद्धि लगाई और कफन को डिजिटल वॉलेट और स्मार्ट चिप्स से लैस कर दिया। जब सेठ जी की आत्मा ऊपर पहुंची, तो उन्होंने देखा कि स्वर्ग के द्वार पर एंट्री फीस का बोर्ड लगा है। सेठ जी ने अपनी कफन की जेब से पुण्य-कार्ड निकाला और मशीन पर स्वाइप किया। मशीन ने आवाज दी– "एरर! आपका पुण्य बैलेंस नकारात्मक है।" तभी एक यमदूत आया और बोला, "सेठ जी, यहाँ पुराने नोट नहीं चलते। आपने पृथ्वी पर जो अस्पताल बनवाए थे, उनका उद्घाटन टैक्स बचाने के लिए किया गया था, इसलिए वह डिस्काउंट में चला गया। जो भंडारे करवाए थे, उनमें आपने सड़ा हुआ अनाज बांटा था, उसका पेनल्टी लगा है।" सेठ जी घबरा गए, "पर मैंने स्विस बैंक में जो जमा किया है, क्या वह यहाँ ट्रांसफर नहीं हो सकता?" यमदूत ने ठहाका लगाया, "स्विस बैंक का डेटा तो चित्रगुप्त ने हैक कर लिया है। वहां का सारा पैसा अब नर्क के सौंदर्यीकरण में लग रहा है।" सेठ जी ने देखा कि उनके साथ आए एक गरीब मजदूर को बिना किसी पूछताछ के वीआईपी प्रवेश मिल रहा है। सेठ जी ने विरोध किया, "इसने तो कभी दान नहीं दिया!" यमदूत ने शांति से कहा, "सेठ जी, इसने अपनी जेब नहीं, बल्कि अपना खून और पसीना दूसरों के लिए खर्च किया था। इसके पास पासवर्ड नहीं, बल्कि दुआएं हैं।" सेठ जी अपने कफन की खाली जेबों को टटोलने लगे, जो अब केवल उनके पापों के बोझ से फटने लगी थीं। उन्हें समझ आया कि कफन में जेब तो हो सकती है, पर उनमें भरा हुआ सामान ऊपर जाकर रद्दी बन जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### डी बी के विद्यालय की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन, दसवीं बोर्ड परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान

**नरवाना 17 अप्रैल राहुल**
डी बी के विद्यालय, नरवाना की छात्राओं ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।
विद्यालय की छात्रा दीया एवं अंशिका ने 97-97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त यंशिका ने 95 प्रतिशत अंक अर्जित किए, जबकि अवनी, सारिका एवं कनिष्का ने 94-94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
विशेष बात यह रही कि दसवीं कक्षा के कुल 45 विद्यार्थियों में से 24 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।
इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रीटा वालिया तथा निदेशक राजेश शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।
विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नगर निगम ने वार्ड 2 में लगाया शिविर, लाल डोरा क्षेत्रवासियों ने जमा करवाए दस्तावेज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। नगर निगम की ओर से शुक्रवार को वार्ड नम्बर 2 के गांव बूढ़ाखेड़ा स्थित गुरूद्वारा में लाल डोरा क्षेत्र के लोगों के लिए एक शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न वार्डों से करीब 80 लोग आए। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में आए नागरिकों को प्रॉपर्टी शाखा की टीम द्वारा एक फोर्म दिया गया, जिसके साथ दस्तावेज संलग्न कर लोगों ने उसे जमा करवाया। जिन लोगों के पास दस्तावेजों पूरे नहीं थे, उन्हें सोमवार को नगर निगम कार्यालय के 114 नम्बर कमरे में सभी सम्बंधित दस्तावेज लेकर आने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त जिन लोगों को दस्तावेज मालूम नहीं थे, उन्हें दस्तावेजों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अब सम्पत्ति कर शाखा द्वारा दस्तावेजों को सत्यापित किया जाएगा। इसके बाद एनडीसी पोर्टल पर उनकी सही जानकारी दर्ज कर उसे स्वयं सत्यापित करवाया जाएगा, जिसके बाद सम्बंधित लोगों को सम्पत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो भी लोग नगर निगम कार्यालय में अपना फोर्म जमा करवाने आते हैं, तो वह सम्बंधित दस्तावेजों के साथ अपना आधार कार्ड व परिवाहन पत्र पत्र की फोटोप्रति साथ लेकर अवश्य आएं।
उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा लाल डोरा क्षेत्र की 6989 सम्पत्तियों को स्व सत्यापित किया जा चुका है, जबकि 2066 लोगों को सम्पत्ति प्रमाण पत्र भी जारी किए जा चुके हैं। शेष लोगों को जल्द ही सम्पत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिए जाएंगे।
उन्होंने लाल डोरा क्षेत्रवासियों से अपील करते कहा है कि जिन लोगों ने अभी तक सम्पत्ति प्रमाण पत्र लेने के लिए दस्तावेज जमा नहीं करवाए हैं, वह जल्द से जल्द नगर निगम कार्यालय के कमरा नम्बर 114 में फोर्म के साथ दस्तावेज जमा करवाएं, ताकि उनकी सत्यापन प्रक्रिया के बाद उन्हें सम्पत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की कार्यवाही जल्द से जल्द शुरू की जा सके। इसके बाद वह अपनी सम्पत्ति की रजिस्ट्री करवाकर मालिकाना हक प्राप्त कर सकेंगे। यह देने होंगे दस्तावेज- उन्होंने बताया कि इसके लिए सम्बंधित नागरिक को राजस्व प्राधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित दावेदार का शपथपत्र जिसमें आबादी देह, लाल डोरा पर स्वामित्व या कब्जे का स्पष्टद्द उल्लेख हो, पिछले 10 वर्षों का बिजली व जल बिल, सरकार द्वारा जारी कोई भी दस्तावेज जैसे ईपीआईसी, ड्राईविंग लाईसेंस, पासपोर्ट, जीएसटी पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि जिसमें पता हो, पिछले 10 वर्षों के कब्जे का पता, पिछले 10 वर्षों के कब्जे का विवरण देने वाली सम्पत्ति कर रसीदें तथा निर्मित संरचना का प्रमाण जो पिछले 10 वर्षों के कब्जे का प्रमाण हो जैसे दस्तावेज लाने होंगे।

# गेहूं खरीद को लेकर मंत्री का सख्त रुख, किसानों को मिलेगा समय पर भुगतान

**दौरा**

कैबिनेट मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसानों की मेहनत का पूरा सम्मान होना चाहिए



**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना 17 अप्रैल राहुल**
हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने शुक्रवार को नरवाना की नई अनाज मंडी मेला ग्राउंड का दौरा कर गेहूं खरीद व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने खरीद एजेंसियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा ट्रांसपोर्टरों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर मौजूदा स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। कैबिनेट मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसानों की मेहनत का पूरा सम्मान होना चाहिए और उनकी फसल खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में चल रही खरीद प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और सुचारू ढंग से संचालित किया जाए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री ने बताया कि नरवाना की विभिन्न मंडियों में अब तक लगभग 21 लाख क्विंटल से अधिक गेहूं की आवक हो चुकी है, जिसमें से करीब साढ़े आठ लाख क्विंटल गेहूं की खरीद भी की जा चुकी है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि खरीद कि गयी गेहूं का 10 प्रतिशत से अधिक उठान (लिफ्टिंग) कार्य भी पूरा किया जा चुका है। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिये कि पोर्टल और तकनीकी व्यवस्थाओं में आ रही खामियों को तुरंत प्रभाव से दूर किया जाए, साथ ही उठाना प्रक्रिया में तेजी लायी जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रणाली का उद्देश्य प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना है, इसलिए किसी भी तकनीकी समस्या के कारण किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कहीं भी लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और उनकी आय को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। समय पर भुगतान सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि किसानों को आर्थिक रूप से कोई दिक्कत न आए।

## मातृशक्ति उद्यमिता योजना दे रही महिलाओं को आर्थिक सहायता: डा. आनंद कुमार शर्मा

**टीम ,क्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को बैंक के माध्यम से पांच लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना का लाभ महिलाओं को केवल तभी प्रदान किया जाएगा, जब उनकी पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो, साथ ही महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह पूर्व के किसी ऋण मामले में बकायादार नहीं होनी चाहिए। महिला का हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से महिलाओं को 5 लाख रुपये तक का ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर की छूट पर उपलब्ध कराया जाता है। इस ऋण के माध्यम से महिलायें स्वरोजगार स्थापित करके दूसरे लोगों को भी रोजगार प्रदान कर सकेंगी।
उन्होंने बताया कि महिलाएं इस योजना के तहत ऋण लेकर यातायात वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, छोटा सामान ढोने के वाहन, थ्री व्हीलर, ई रिक्शा, टैक्सी, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, फोटोस्टेट की दुकान, पापड़ बनाना, अचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टॉल, आइसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट बनाना, टिफिन सर्विस, मिट्टी के बर्तन आदि बनाने का काम शुरू कर सकती हैं।
योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित दस्तावेज आवेदन के साथ जमा कराने होंगे। इन दस्तावेजों में आवेदन पत्र के साथ परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार फोटो, परियोजना रिपोर्ट, ट्रेनिंग प्रमाण पत्र-अनुभव प्रमाण पत्र आदि शामिल है।

### 5 लाख रुपए रिश्वत लेते हुए बीडीपीओ चीका गिरफ्तार

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका**। आज यहां देर सांय विजिलेंस विभाग कैथल की टीम ने बीडीपीओ चीका जगजीत ङ्क्षसह गुहला हलका के गांव बदसूई के एक व्यक्ति संदीप कुमार से 5 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए विजिलेंस अधिकारी सूबे ङ्क्षसह ने बताया कि आज सुबह ही संदीप कुमार उनसे मिला था और लिखित शिकायत देते हुए उन्हें बताया कि बीडीपीओ चीका की ओर से कुछ समय पहले यह कहते हुए कि उसके मकान पंचायती जगह में बने हुए हैं, जिसके चलते मकान गिराए जाने का नोटिस दिया गया था

## 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया, बाल विवाह को लेकर रहें अलर्ट : राहुल

**जागरूकता**

आमजन 1098, 112, 181, 70150-06490 तथा 94661-25250 नंबरों पर बाल विवाह की दें सूचना



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
एडीसी डॉ. राहुल रईया ने कहा कि 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर बड़ी संख्या में विवाह ध् शादियों का आयोजन किया जाता है। सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिला में किसी भी परिस्थिति में कोई बाल विवाह न हो। बाल विवाह निषेध अधिनियम के अनुसार बाल विवाह करना कानूनन अपराध है। इसे लेकर गांव, वार्ड, खंड स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाएं। इसके साथ ही संबंधित एसडीएम व डीएसपी फील्ड विजिट भी सुनिश्चित करें। अगर आमजन को बाल विवाह से संबंधित कोई सूचना मिलती है तो वे जिला प्रशासन को सूचित करें।
एडीसी डॉ. राहुल रईया शुक्रवार को अपने कार्यालय में अक्षय तृतीया को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि लडकी की शादी 18 वर्ष व लडके की शादी 21 वर्ष से पहले की जाती है तो वह कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सामूहिक विवाह आयोजित करने वाली सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से भी समन्वय स्थापित करें और उन्हें बताएं कि इस प्रकार के सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित करने से पहले कार्यालय को जरूर सूचित करें। एडीसी ने संबंधित अधिकारियों को अक्षय तृतीया को लेकर सतर्क रहने तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से भी आह्वान किया कि जिला में कहीं पर भी बाल विवाह जानकारी मिलती है तो 1098, 112, 181, 70150-06490 तथा 94661-25250 नंबरों पर सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### विकास कार्यों में अनियमितताओं को लेकर हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़**। नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी द्वारा नगर में विकास कार्यों में सामने आ रही अनियमितताओं एवं गुणवत्ता संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक कंवर सिंह यादव एवं एसडीएम योगेश सैनी के साथ पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक द्वारा नगर पालिका अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए गए कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता एवं गुणवत्ता में कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम द्वारा भी अब तक पूर्ण किए गए विकास कार्यों, वर्तमान में चल रहे कार्यों तथा जारी टेंडरों की विस्तृत सूची तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान चेयरमैन रमेश सैनी द्वारा नगर में विकास कार्यों की गुणवत्ता, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था तथा स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में आ रही कमियों एवं अनियमितताओं के मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। विधायक एवं एसडीएम द्वारा इन सभी विषयों पर उचित एवं शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। साथ ही, चेयरमैन द्वारा पूर्व में लिखे गए सभी पत्रों पर भी तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

## सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में स्वगणना 2027 पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना 17 अप्रैल राहुल**
सनातन धर्म महिला महाविद्यालय के सभागार में आज इलेक्ट्रोल बोर्ड द्वारा स्वगणना जनगणना 2027 के अंतर्गत छात्राओं को डिजिटल पोर्टल के माध्यम से स्वयं की गणना करने की प्रक्रिया से अवगत कराने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से स्वगणना पोर्टल पर पंजीकरण और आवश्यक जानकारी भरने की



विस्तृत प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजना लोहान ने की। इलेक्ट्रोल बोर्ड सेल प्रभारी डॉ. शालू सचदेवा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना किसी भी देश की आधारभूत आवश्यकता है, जिसके माध्यम से देश की जनसंख्या, संसाधनों और आवश्यकताओं का सटीक आंकलन किया जाता है। उन्होंने बताया कि परिवार या समाज में सदस्यों की संख्या के अनुसार ही सरकार द्वारा विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, इसलिए प्रत्येक नागरिक का सही और समय पर पंजीकरण अत्यंत आवश्यक है।डॉ. सचदेवा ने छात्राओं को स्वगणना पोर्टल पर पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया और वीडियो के माध्यम से हर चरण का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया, जिससे छात्राएं डिजिटल माध्यम से स्वयं की गणना करने के लिए प्रेरित हुईं।इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. अंजना लोहान ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लहमारी जनगणना, हमारा विकासह्व केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे जागरूक नागरिक बनते हुए स्वगणना पोर्टल पर अपना पंजीकरण अवश्य करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि देश के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम में डॉ. नयन दीप, डॉ. अनीता छाबड़ा, रुक्मणी सैनी, सुमन गर्ग, डॉ. कांता जागलान, रितु, रेनू सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।
वहीं संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल, उपप्रधान राजकुमार गोयल तथा महासचिव जियालाल गोयल ने इस सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय परिवार को बधाई प्रेषित की।

## समाजसेवी बेनू राव ने वार्ड नंबर 3 से पार्षद पद के लिए पेश की है अपनी दावेदारी

**पंचकूला।**
शहर की जानी-मानी समाजसेवी बेनू राव ने वार्ड नंबर 3 से पार्षद पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। शुक्रवार को उन्होंने अपना ज्ञापन पत्र भाजपा के जिला अध्यक्ष, पंचकूला को सौंपा। इस अवसर पर उनके समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला।
बेनू राव लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रही हैं। उन्होंने शहर में कई महत्वपूर्ण पहलें की हैं, जिनमें रक्तदान शिविरों का आयोजन, पौधारोपण अभियान और



जरूरतमंद लोगों की सहायता जैसे कार्य शामिल हैं। उनके इन प्रयासों ने उन्हें स्थानीय स्तर पर एक मजबूत पहचान दिलाई है। मीडिया से बातचीत करते हुए बेनू राव ने कहा कि वह भाजपा की नीतियों और विचारधारा से प्रेरित होकर जनसेवा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी उन्हें पार्षद पद के लिए अवसर देती है, तो वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ क्षेत्र की सेवा करेंगी और वार्ड के विकास को प्राथमिकता देंगी।
स्थानीय लोगों का कहना है कि बीनू राव की सामाजिक सक्रियता और जनसेवा का अनुभव उन्हें इस पद के लिए एक मजबूत उम्मीदवार बनाता है। अब देखना होगा कि पार्टी आगामी चुनाव में किसे टिकट देती है।

### नूंह में चार बड़े विकास प्रोजेक्ट्स को मंजूरी

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिला उपायुक्त अखिल पिलानी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर परिषद (एमसी) के चार महत्वपूर्ण विकास प्रोजेक्ट्स को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनकी कुल लागत लगभग 60 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि इन प्रोजेक्ट्स में एक भव्य ऑडिटोरियम एवं म्यूजियम कॉम्प्लेक्स का निर्माण शामिल है, जो शहर के पुराने कार्यालयों वाली सड़क पर बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण पलवल टी-पॉइंट के पास, मेवात मॉडल स्कूल के समीप उपलब्ध भूमि पर किया जाएगा।

## नगर निगम चुनावों के मद्देनजर गतिविधियां तेज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला मैनपाल** । नगर निगम चुनावों के मद्देनजर वार्ड नंबर 3 से राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में पूर्व पार्षद रितु गोयल ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय, पंचकूला में अपनी दावेदारी की है और जिला अध्यक्ष को सौंपा। नामांकन के दौरान पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों की अच्छी-खासी उपस्थिति देखने को मिली, जिससे उनके प्रति समर्थन का अंदाजा लगाया जा सकता है। रितु गोयल इससे पहले भी वार्ड नंबर 3 से पार्षद रह चुकी हैं और करीब चार वर्षों तक उन्होंने क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों को अंजाम दिया। अपने कार्यकाल के



दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सड़कों की मरम्मत, जल निकासी की समस्याओं के समाधान और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला।
रितु गोयल ने नामांकन के बाद बातचीत में कहा कि उन्हें वार्ड के लोगों और पार्टी कार्यकताओं का लगातार समर्थन मिल रहा है, जिससे वे दोबारा चुनाव मैदान में उतरी हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि जनता ने उन्हें फिर मौका दिया तो वे पहले से अधिक जोश और समर्पण के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगी।
इस अवसर पर मौजूद कार्यकताओं ने भी उनके पिछले कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वार्ड नंबर 3 के लोग उनके काम से संतुष्ट हैं और यही वजह है कि उन्हें दोबारा चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अब देखना होगा कि आगामी चुनाव में जनता किसे अपना प्रतिनिधि चुनती है।

## नरवाना में मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने 82 लाख 63 हजार 900 रूपए के चेक वितरित किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना 17 अप्रैल राहुल**
हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने नरवाना की गौशालाओं का दौरा कर प्रदेश सरकार की ओर से 82 लाख 63 हजार 900 रूपए के चेक वितरित किए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 से 2014 तक गौ सेवा आयोग के गठन को लेकर प्रदेश में व्यापक आंदोलन चला, लेकिन उस समय यह संभव नहीं हो पाया। वर्ष 2014 में सरकार बनने के बाद पहली बार हरियाणा में गौ सेवा आयोग का गठन किया गया, जिससे गौ माता की सुरक्षा और संरक्षण को संस्थागत मजबूती मिली। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि हरियाणा देश का



ऐसा राज्य है जहां गौ माता की सुरक्षा के लिए सबसे सख्त कानून लागू किया गया है, जिसे विधानसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया था। उन्होंने बताया कि सरकार केवल कानून बनाकर ही नहीं रुकी, बल्कि गौशालाओं में रह रहे पशुओं के भरण-पोषण के लिए भी ठोस व्यवस्था की गई है। इसके तहत नंदी के लिए 25 रुपये, गाय के लिए 20 रुपये और बछड़े के लिए 10 रुपये प्रतिदिन की दर से सहायता राशि निर्धारित की गई है। यह राशि हर तीन से चार महीने के अंतराल पर गौशालाओं को चेक के माध्यम से प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि इस बार प्रदेश की पंजीकृत गौशालाओं के लिए लगभग 70 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जिससे हजारों गौवंश को सीधा लाभ मिलेगा।
उपमंडल में वितरित की गई राशि का उल्लेख करते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि श्री राधे श्याम गौशाला को 6 लाख 7 हजार 200 रुपये तथा श्री कृष्ण गौशाला को 22 लाख 24 हजार 560 रुपये के चेक भेंट किए गए हैं। इसके अलावा गौशाला दनौदा में भी 54 लाख 32 हजार 140 रुपए का चेक गौशाला समिति को भेंट किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार द्वारा गौशालाओं के लिए की गई सभी घोषणाओं को मार्च और अप्रैल माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि राज्य सरकार संत समाज और महापुरुषों के सम्मान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सन्त कबीर, गुरु रविदास, महर्षि वाल्मीकि, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, भगवान विश्वकर्मा, भगवान परशुराम तथा महाराजा अग्रसेन का उल्लेख करते हुए कहा कि इन महान विभूतियों की विरासत को सम्मान देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने जींद गवर्नमेंट कॉलेज का नाम संत समाज के नाम पर रखने के मुद्दे पर भी सकारात्मक रुख व्यक्त किया और कहा कि सरकार सभी वर्गों की भावनाओं का सम्मान करती है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई घोषणाओं के पूरा होने पर संतोष जताते हुए वर्तमान सरकार के प्रयासों की सराहना की।

## समाजसेवा के दम पर दावेदारी: प्रदीप गोयल ने भाजपा जिला अध्यक्ष को सौंपा आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला:**
स्थानीय राजनीति में सक्रिय समाजसेवी प्रदीप गोयल ने अपने पद के लिए दावेदारी पेश करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल को आवेदन सौंपा। इस कदम के साथ ही क्षेत्र में उनकी उम्मीदवारी को लेकर चर्चा तेज हो गई है।
प्रदीप गोयल लंबे समय से समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सहायता कर अपनी अलग पहचान बनाई है। उनके समर्थकों का कहना है



कि गोयल का जनसंपर्क मजबूत है और वे आम जनता की समस्याओं को बेहतर तरीके से समझते हैं।
आवेदन सौंपने के दौरान प्रदीप गोयल ने विश्वास जताया कि यदि पार्टी उन्हें मौका देती है, तो वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ समाज सेवा के कार्यों को और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना और क्षेत्र के विकास को नई दिशा देना है।

## न्यूज फ्लैश

### जिला की मंडियों व खरीद केन्द्रों पर हुई 1 लाख 92 हजार 3 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**सोनीपत।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि जिले की विभिन्न मंडियों व खरीद केन्द्रों में गेहूं की आवक व खरीद कार्य जारी है। गुरुवार देर सायं तक जिले की 21 मंडियों व खरीद केंद्रों में कुल 01 लाख 92 हजार 3 मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज की गई, जिसे विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। उपायुक्त ने बताया कि इन 1 लाख 92 हजार 3 मीट्रिक टन गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 25 हजार 209 मीट्रिक टन, हैफेड ने 71 हजार 775 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयरहाउसिंग कारपोरेशन(एचडब्ल्यूसी) ने 95 हजार 19 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। उन्होंने बताया कि गांव बरोदा स्थित खरीद केन्द्र पर 1 हजार 60 मीट्रिक टन, गांव भैंसवाल स्थित खरीद केन्द्र पर 1 हजार 655 मीट्रिक टन, गांव बिचपड़ी स्थित खरीद केन्द्र पर 375 मीट्रिक टन, गांव दातौली स्थित खरीद केन्द्र पर 4 हजार 267 मीट्रिक टन, गांव फरमाणा स्थित खरीद केन्द्र पर 4 हजार 223 मीट्रिक टन, गन्नौर अनाज मण्डी में 13 हजार 4 मीट्रिक टन, गोहाना अनाज मण्डी में 87 हजार 207 मीट्रिक टन, गांव कांसड़ी स्थित खरीद केन्द्र पर 4 हजार 665 मीट्रिक टन, गांव कथूरा स्थित खरीद केन्द्र पर 2 हजार 398 मीट्रिक टन, गांव खानपुर स्थित खरीद केन्द्र पर 2 हजार 604 मीट्रिक टन, खरखौदा अनाज मण्डी में 17 हजार 352 मीट्रिक टन, गाँव मुडलाना स्थित खरीद केंद्र पर 3 हजार 215 मीट्रिक टन, गांव मुरथल स्थित खरीद केन्द्र पर 3 हजार 430 मीट्रिक टन, गांव नाहरा स्थित खरीद केंद्र पर 2 हजार 70 मीट्रिक टन, गांव पुगथला स्थित खरीद केन्द्र पर 7 हजार 620 मीट्रिक टन, गांव पुरखास स्थित खरीद केन्द्र पर 3 हजार 560 मीट्रिक टन, गांव रूखी स्थित खरीद केन्द्र पर 3 हजार 352 मीट्रिक टन, गांव सनपेड़ा स्थित खरीद केंद्र पर 3 हजार 364 मीट्रिक टन तथा सोनीपत अनाज मण्डी में 26 हजार 578 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अब तक जिले की मंडियों में 11 हजार 902 किसान अपनी फसल लेकर पहुंचे हैं, जिनसे 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीद की गई है।

### दंपति को बंधक बनाकर मारपीट का आरोप, सात के खिलाफ केस दर्ज

**रादौर, 17 अप्रैल (कुलदीप सैनी)** : गांव हड़तान निवासी एक महिला ने गांव के ही सात लोगों पर मारपीट, बंधक बनाने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुलशन, राजेश, उर्मिला, सोनू, अंजू बाला, कार्तिक और नेहा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता बरखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका उक्त लोगों के साथ पहले से विवाद चल रहा था, जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस को दी थी। इसी शिकायत के चलते पुलिस राजेश को अपने साथ ले गई थी। आरोप है कि इसके बाद अन्य आरोपित गुस्से में आ गए और गुलशन ने अपने साथियों के साथ मिलकर बरखा और उनके पति कर्मचंद के साथ मारपीट शुरू कर दी। महिला के अनुसार, आरोपितों ने दोनों को एक कमरे में बंधक बना लिया और उनके साथ लगातार मारपीट करते रहे। साथ ही जान से मारने की धमकियां भी दी गईं। किसी तरह उन्होंने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दंपति को आरोपितों के चंगुल से छुड़ाया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी आरोपित मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपितों की तलाश जारी है।

# संघ द्वारा प्रस्तुत मांग-पत्र की विभिन्न मांगों पर की गई विस्तारपूर्वक चर्चा

**जिन विद्यालयों के नामों के आगे अब भी हरिजन शब्द अंकित है, उसे हटाने के संबंध में तत्काल पत्र जारी करने पर सहमति प्रदान की**

**गुणवत्तापूर्ण**

**रजिस्टर लगाने एवं उसे नियमित रूप से संधारित करने हेतु आवश्यक निर्देश करने का आश्वासन दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार बाद दोपहर राज्य प्रधान डॉ. दिनेश निम्बड़िया के नेतृत्व में निदेशक, माध्यमिक शिक्षा हरियाणा की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित बैठक में सम्मिलित हुआ। बैठक सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई, जिसमें संघ द्वारा प्रस्तुत मांग-पत्र की विभिन्न मांगों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में विभाग में रोस्टर रजिस्टर लागू करने की मांग पर निदेशक महोदय ने शीघ्र विभागीय बैठक बुलाकर रोस्टर रजिस्टर लगाने एवं उसे नियमित रूप से संधारित करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया। प्रथम एवं द्वितीय पदोन्नति/वित्तीय श्रेणियों में आरक्षण के विषय पर निदेशक महोदय ने संघ से विस्तृत प्रतिनिधित्व पत्र देने का आग्रह किया, जिसे विभाग की ओर से आगामी कार्यवाही हेतु अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार को भेजा जाएगा। सेवा नियमावली 2012 में संशोधन के संबंध में निदेशक महोदय ने बताया कि इस विषय में विभाग द्वारा पहले ही सरकार को पत्र भेजा जा चुका है। उन्होंने संघ से भी इस विषय पर सरकार स्तर पर अनुरोध करने को कहा तथा स्पष्ट किया कि वर्ष 2012 से पूर्व नियुक्त कर्मचारियों पर उक्त नियम प्रतिगामी रूप से लागू नहीं होते। अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन योजनाओं की राशि बढ़ाने तथा समय पर खातों में भेजने की मांग पर निदेशक महोदय ने बताया कि सत्र 2025-26 की दो किश्तें जारी की जा चुकी हैं तथा शेष राशि भी शीघ्र विद्यार्थियों के खातों में भेज दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आधार व बैंक खातों के अद्यतन न होने के कारण तकनीकी समस्याएं आती हैं, इसलिए विद्यालय स्तर पर अभिभावकों को जागरूक किया जाए। जिन विद्यालयों के नामों के आगे अब भी हरिजन शब्द अंकित है, उसे हटाने के संबंध में निदेशक महोदय ने तत्काल आवश्यक पत्र जारी करने पर सहमति प्रदान की। मेडिकल रीइम्बर्समेंट के मामलों में माता-पिता की आय संबंधी आपत्तियों के समाधान हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने पर भी सहमति बनी, ताकि कर्मचारियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। छळउ बजट के विषय में निदेशक महोदय ने बताया कि बजट जारी कर दिया गया है तथा जिन कर्मचारियों के प्रकरण लंबित हैं, वे अब इसका लाभ ले सकते हैं। विभाग में अनुसूचित जाति अध्यापकों एवं कर्मचारियों के उत्पीड़न, भेदभाव एवं शिकायतों के निस्तारण हेतु के गठन पर निदेशक महोदय ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र समिति गठन की प्रक्रिया प्रारम्भ करने का आश्वासन दिया।

राज्य प्रधान डॉ. दिनेश निम्बड़िया ने निदेशक महोदय का धन्यवाद करते हुए कहा कि संघ सदैव शिक्षा हित, सामाजिक न्याय, कर्मचारियों के अधिकारों तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने हेतु प्रतिबद्ध रहेगा।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सुप्रीम कोर्ट द्वारा कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने बारे दिए गए फैसले का कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कौशल रोजगार निगम के प्रधान गुरदीप तंवर ने जोरदार स्वागत किया तथा इसे ऐतिहासिक करार दिया तथा समस्त संघ कार्यकारिणी ने अपार खुशी प्रकट की ' प्रधान गुरदीप तंवर ने कहा यह फैसला कच्चे कर्मचारियों के हितों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा ' उन्होंने कहा की जिस प्रकार से सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया की लगातार 10 साल से सेवाएं देने वाले कर्मियों को नियमित होने का पूरा हक है ऐसे मे उन्होंने सरकार से तुरंत मांग की कि कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों को भी सरकार नियमित करे जिन्होने अपनी सर्विस लगातार दस साल पूरी की हो और अभी भी सेवा में हैं । उन्होंने सरकार से यह भी मांग की सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार सभी हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत काम कर रहे सभी कर्मचारियों को सामान काम सामान वेतन का लाभ तुरंत दिया जाए ताकि वो अपनी आजीविका सुचारु रूप से चला सकें ' प्रधान गुरदीप तंवर ने बताया की वो जल्दी ही हरियाणा के मुख्य मंत्री नायब सैनी को एक प्रतिनिधि मण्डल को साथ लेकर उक्त मांगों को लागू करवाने को लेकर अपना मांग पत्र सौंपगे ' इस अवसर पर प्रधान महासचिव दिनेश कुमार, सारांक्षक रामआसहरे शर्मा, मेजर तंवर, राजीव सैनी, साहब सिंह पेहवा, रवि बातान, प्रदीप शर्मा, कमल सैनी. सोनू पबनावा सुरेश बेदी. राजेश बेदी, पवन रंग. सुभम कल्याण, महिपाल ढिल्लों, संजय सेन. सोनू मेहला. सुखविंद कादयान, प्रदीप रोड, विकास कश्यप. सोनू जाम्बा. विकास सैनी, गुरदेव शर्मा. रवि मिजापुर. रवि कश्य,. गुरनाम सारसा सालिन्दर, गौरव राणा प्रवीण कश्यप समशीपुर. संदीप सैनी लाडवा, विनोद गिल, राहुल सैनी आदि सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## चुनाव प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न करवाई जाएगी: सुभाष चंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** हरियाणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत नगर निगम सोनीपत के सभी वार्डों के लिए आम चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में रिटर्निंग अधिकारी उपमंड़ल अधिकारी (ना.), सोनीपत सुभाष चंद्र द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि चुनाव प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र 21 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित स्थानों पर स्वीकार किए जाएंगे। वार्ड नंबर 1 से 7 के लिए जिला राजस्व अधिकारी के कोर्ट रूम, वार्ड 8 से 14 के लिए उपमंडल अधिकारी (ना.) के कोर्ट रूम, सोनीपत तथा वार्ड 15 से 22 के लिए बीडीपीओ, सोनीपत कार्यालय में नामांकन पत्र जमा किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 27 अप्रैल 2026 को प्रातः 11:30 बजे से उपमंड़ल अधिकारी (ना.) सोनीपत के कोर्ट रूम में की जाएगी। उम्मीदवार 28 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नामांकन वापस ले सकते हैं।

## पंवार ने बाबा साहब की मूर्ति स्थापना दिवस पर कई नए कार्यों का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा (संजय नरवाल)** बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जयंती कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक समिति समालखा के चेयरमैन अकुंश चोपड़ा द्वारा की गई। हरियाणा सरकार में केबिनेट मंत्री व कई विभागों के मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने इस अवसर पर विधिवद की गई मूर्ति स्थापना और कई विकास कार्यों का भी अनावरण किया। जिला परिषद की चेयरमैन ज्योति शर्मा ने भी इस ऐतिहासिक अवसर पर अपने कर कमलों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री कृष्ण छोकर ने भी कार्यक्रम को चार चांद लगाने का प्रयास किया। हल्के के सैंकड़ों समाजसेवी और भामाशाह व पार्टी के शुभचिंतकों ने कार्यक्रम में उपस्थित दर्ज करवाई। समालखा थाना प्रभारी दीपक ने कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था को बारीकी से संभाला। चेयरमैन ब्लॉक समिति अंकुश चौपड़ा ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आए हुए सभी मेहमानों एवं, पार्टी कार्यकताओं और ग्रामीणों का धन्यवाद किया।



कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि बाबा साहब का जन्मदिन हमे बिना भेदभाव के कुछ अच्छा करने की प्रेरणा देता है। मंत्री जी ने कहा कि हम पश्चिमी बंगाल में सरकार बनाने जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल के लोगों का मन ममता सरकार से भंग हो चुका है वे भी अब प्रदेश में विकास और शांति चाहते हैं और ये केवल भाजपा सरकार ही दे सकती है। जिला परिषद अध्यक्ष ज्योति शर्मा ने कहा कि आप मै जो अध्यक्ष बनी हूं यह बाबा साहब की ही देन हैं क्योंकि वे अगर संविधान में महिला आरक्षण का प्रावधान नहीं करते तो शायद में जिला परिषद की अध्यक्ष नहीं बनी होती। लाखों महिलाओं का जीवन उन्होंने सुधारा है इसलिए मैं उनको बार बार नमन करती हूं प्रणाम करती हूं। भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्ण छोकर ने कहा कि यह लोगों ने गलत धारणा पाल रखी है कि बाबा साहब भीम राव अंबेडकर केवल एक वर्ग के नेता हैं लेकिन मेरा मानना है कि जिसके साथ भी किसी प्रकार का अत्याचार हुआ है भेदभाव हुआ है वह बाबा साहब का सहित और इनकी जीवनी पढ़े आधा सुधार तो तभी हो जाएगा। इस अवसर पर सोनू चोपड़ा, इकबाल चोपड़ा, महा सिंह चौहान, कुलदीप जांगड़ा, पार्षद सुंदर छोकर, जयपाल छोकर सहित गांव गोहांड के प्रबुद्धजन, समाजसेवी व अनेक सरपंच उपस्थिति थे।

# 30 अप्रैल तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का भरें विवरण: विश्राम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जनगणना 2027 के पहले चरण में नागरिक स्वयं भी अपनी जनगणना कर सकेंगे। आमजन 30 अप्रैल तक ऑनलाइन पोर्टल एसई डॉट सीईएनयूएस डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से अपने परिवार का विवरण भर सकेंगे। स्व गणना के माध्यम से नागरिक अपनी जानकारी स्वयं प्रस्तुत कर सकते हैं। यह खासकर उन लोगों के लिए है जो किसी कार्यवश दिनभर अपने घरों से दूर रहते हैं।



**जनगणना**

**ऑनलाइन पोर्टल एसई डॉट सीईएनयूएस डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से परिवार का विवरण भर सकेंगे**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जनगणना 2027 को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने स्वयं भी स्वगणना पोर्टल पर जाकर अपना विवरण भरा। उन्होंने कहा कि यह जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का होगा। इसे 1 से 30 मई 2026 तक कराया जाना प्रस्तावित है। इस चरण के अंतर्गत गांवों एवं शहरों के आवासीय, गैर-आवासीय तथा सह-आवासीय भवनों की गणना की जाएगी। इसी प्रकार दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना 9 से 28 फरवरी 2027 तक की जाएगी।

# आबकारी अधिनियम के तहत पकड़ी गई शराब को किया नष्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**

**पुलिस** प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के कुशल मार्गदर्शन में थानों में पड़े माल मुकदमों का निपटारा करवा कर नष्ट किया जा रहा है। इसी कड़ी में निपटान मामलों की शराब को नष्ट किया गया है। यह कार्रवाई डी.एस.पी. मुख्यालय कवलजीत सिंह, थाना प्रबंधक निरीक्षक कमलजीत सिंह व एक्साईज इंस्पैक्टर गुरमीत सिंह गोयत की देखरेख में हुई। जानकारी देते हुए डीएसपी कवलजीत सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रबंधक थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए कि जिस भी थाना का माल मुकदमा पेंडिंग है उन सभी का माननीय अदालत के माध्यम से निपटारा करवा कर माल मुकदमों को नष्ट करवाया जाए ताकि थानों की साफ-सफाई को भी दुरुस्त करवाया जा सके। इसी कड़ी में वीरवार को आबकारी अधिनियम के तहत पकड़ी गई कुल 352 बोतल देसी शराब, 1060 बोतल अंग्रेजी शराब को थाना सदर यमुनानगर के पिछले प्रांगण में बुल्डोजर के माध्यम से क्षतिग्रस्त किया गया है। ये निर्णय पुलिस कर्मचारियों की स्वास्थ्य को देखते हुए लिया गया है। पुरानी शराब के कारण मालखाना में बदबू हो जाती है, वहीं मालखाना से अन्य माल मुकदमा निकालने में भी परेशानी होती है।



## 2026 की वार्षिक कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा की गई

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा वर्चुअल बैठक की गई। बैठक में गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, मानेसर, रोहतक और करनाल सहित हरियाणा के प्रमुख शहरों की वर्ष 2026 की वार्षिक कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा की गई। पिछले वर्षों के आंकड़ों के आधार पर वर्ष 2026 तक एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) को 189 से घटाकर 170 करने तथा पीएम 2.5 और पीएम 10 के स्तर में 10 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# किसी भी ज्ञान को सीखने में भाषा बाधा नहीं: कुलपति

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में आयोजित प्रभाषणम्- कार्यक्रम के समापन अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि भाषा किसी भी ज्ञान को सीखने में बाधा नहीं होती, बल्कि सीखने की सच्ची लगन ही सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने कहा कि प्रारंभ में विद्यार्थियों को संस्कृत के कारण आयुर्वेद के ग्रंथों को समझने में कठिनाई आती है, लेकिन निरंतर अभ्यास और सही मार्गदर्शन से इसे आसानी से सीखा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के बीएएमएस पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम हाल के वर्षों में उत्कृष्ट रहा है, जो विद्यार्थियों और शिक्षकों के समर्पण को दशार्ता है। वहीं, कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत ने कहा कि लर्निंग के छह स्तर होते हैं और जब विद्यार्थी स्वयं पढ़ते व समझते हैं, तभी ज्ञान स्थायी बनता है। उन्होंने ह्यप्रभाषणम्ह्न को एक सकारात्मक और उपयोगी पहल बताते हुए कहा कि संस्कृत सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसके माध्यम से आयुर्वेद को बेहतर ढंग से समझा जा सकता है।



उन्होंने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय का ब्रांड एंबेसडर बताते हुए उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में विषय के प्रति गहरी रुचि पैदा करते हैं और संस्कृत के माध्यम से आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों को समझने में सहायक होते हैं। इस अवसर पर आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धांत स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्ण कुमार, डॉ. सीमा वर्मा, आयुर्वेद अकादमी बेंगलुरु के विशेषज्ञ डॉ. संकेत वी शर्मा, डॉ. विकास कुमार, डॉ. समयाम एस.जी., डॉ. शांतनु अनिल पाटिल, डॉ. कृतिका यू.एस., डॉ. शिल्पा पांडे, डॉ. पंचमी के भट्ट व डॉ. विष्णुप्रिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

**मार्गदर्शन**

**सीखने की सच्ची लगन ही सबसे बड़ी ताकत होती है : कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान**

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पिंजौर पूनम देवी**

**पिंजौरः** हरियाणा के पिंजौर स्थित ऐतिहासिक यादवेन्द्र गार्डन में 'नारी शक्ति अधिनियम श्रृंखला एवं महिला संवाद' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नारी शक्ति की बढ़ती भूमिका और उनके सशक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालका से बीजेपी विधायक शक्ति रानी ने की, जबकि सांसद कार्तिकेय शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभा को संबोधित किया।

**लोकतंत्र में महिलाओं को मिलेगा उचित हकः कार्तिकेय शर्मा**

सांसद कार्तिकेय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हमारी मातृशक्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें उनका वाजिब हक और आरक्षण मिलने जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि 33 फीसदी आरक्षण मिलने से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग इस बदलाव का विरोध कर रहे हैं, वे केवल जनता को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। सांसद ने जोर देकर कहा कि महिलाओं को भी पुरुषों के समान अधिकार और अवसर मिलना अनिवार्य है।



**नारी अब केवल सहभागी नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता है: शक्ति रानी**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विधायक शक्ति रानी ने महिलाओं की क्षमताओं पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि भारत की नारीशक्ति ने जमीनी स्तर पर अपनी योग्यता पहले ही सिद्ध कर दी है। पंचायती राज संस्थाओं में आज 14 लाख से अधिक महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं और देश के लगभग 21 राज्यों में पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी 50 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है। उन्होंने आर्थिक सशक्तिकरण का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले वर्षों में 10 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए 6 करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 3 करोड़ महिलाएं इस मुकाम को हासिल कर चुकी हैं। आज महिलाएं तकनीक से जुड़कर 'ड्रोन दीदी' के रूप में कृषि क्रांति का हिस्सा बन रही हैं।

**सशक्तिकरण**

**इस कार्यक्रम में नारी शक्ति की बढ़ती भूमिका और उनके सशक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा की गई**

**सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण में बढ़ता योगदान**

शक्ति रानी ने सेना और सुरक्षा के क्षेत्र में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह जैसी बेटियों का उदाहरण देते हुए कहा कि यह बदलते भारत की तस्वीर है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं है, बल्कि महिलाओं को समान अवसर देने का संकल्प है।

**गाँव-गाँव तक पहुँचेगा जागरूकता**

## निगम चुनाव में आदर्श आचार संहिता की कड़ाई से पालन करवाना सुनिश्चित करें अधिकारी- आयुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** नगर परिषदों, नगर समितियों एवं नगर निगमों के आगामी चुनावों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयुक्त देवेंद्र सिंह कल्याण ने शुक्रवार को राई रेस्ट हाउस में सोनीपत व रेवाड़ी के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने नगर निगम चुनाव को लेकर की गई सभी तैयारियों पर बारिकी से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता की पालना किसी भी स्थिति में सुनिश्चित की जाए तथा उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में आयुक्त श्री कल्याण ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महत्वपूर्ण पर्व है, जिसकी पवित्रता बनाए रखना प्रशासन, राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों एवं आमजन सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे चुनाव प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता बनाए रखें तथा कानून व्यवस्था को हर हाल में सुदृढ़ रखें। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता की पालना को लेकर उपायुक्त सभी राजनैतिक दलों के साथ बैठक करें।



चुनाव को लोकतंत्र के एक उत्सव के रूप में आयोजित किया जाना चाहिए, जिसमें मतदाताओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता हो।

# आधुनिक सुविधाओं से युक्त बैडमिंटन हाल का नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने किया उद्घाटन

**उद्घाटन**

**लंबे इंतजार के बाद गन्नौर को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बैडमिंटन हाल मिल गया है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** करीब 10 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार गन्नौर को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बैडमिंटन हाल मिल गया है। वर्षों से अधूरी पड़ी इस परियोजना के पूरा होने के बाद शुक्रवार को नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने हाल का उद्घाटन किया। अरुण त्यागी ने पूर्व नपाध्यक्ष सतप्रकाश शर्मा व पार्षदों के साथ बैडमिंटन खेलकर हाल का उद्घाटन किया और इसे खिलाड़ियों को समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री घोषणा के तहत वर्ष 2016 में शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट लंबे समय तक अधूरा रहा था। बीच में ठेकेदार द्वारा काम छोड़ देने से निर्माण कार्य ठप हो गया था, जिसके बाद नगरपालिका ने पुराना टेंडर रद्द कर नई एजेंसी को कार्य सौंपा। नई एजेंसी द्वारा शेष निर्माण कार्य को तेजी से पूरा किया गया। नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा कि तकनीकी कारणों के चलते यह प्रोजेक्ट लंबे समय से लंबित था, लेकिन उन्होंने इसे प्राथमिकता से लेते हुए सभी तकनीकी खामियों को दूर कर हाल का निर्माण पूरा करवाया। तैयार हुए बैडमिंटन हाल में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए तीन कोर्ट बनाए गए हैं। इसके अलावा शौचालय की व्यवस्था और प्रथम तल पर दर्शक दीर्घा का निर्माण भी किया गया है, जिससे प्रतियोगिताओं के दौरान दर्शकों को बैठने की सुविधा की गई है। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष सतप्रकाश शर्मा, पार्षद विकास शर्मा, अंकित त्यागी, सचिन कोच, नरेश वर्मा, मनोनित पार्षद मनिंदर सन्नी, पार्षद प्रतिनिधि गौरव जैन, हरविंद्र त्यागी, रोहित त्यागी, बेडमिंटन कोच वरुण आदि मौजूद रहे।

## औद्योगिक क्षेत्र में ईएसआई डिस्पेंसरी का निर्माण अंतिम चरण में, जल्द मिलेगी राहत



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में कर्मचारियों के लिए बन रही ईएसआई डिस्पेंसरी का निर्माण कार्य अब अंतिम चरणों में पहुंच गया है। लंबे समय से इंतजार कर रहे हजारों श्रमिकों को इस सुविधा के शुरू होने से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। वर्ष 2014 में मंजूरी मिलने के बावजूद यह परियोजना वर्षों तक अटकी रही, लेकिन अब भवन निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। वर्तमान में ईएसआई की अस्थायी व्यवस्था दो कमरों में संचालित हो रही है, जहां सीमित संसाधनों के चलते श्रमिकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नई डिस्पेंसरी के शुरू होने के बाद इस अस्थायी व्यवस्था से छुटकारा मिल जाएगा और श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग ने बताया कि विभाग ने भवन निर्माण का कार्य लगभग पूरा कर लिया है। अब परिसर में पानी की व्यवस्था के लिए एक लाख लीटर क्षमता का अंडरग्राउंड टैंक बनाया जाएगा। इसके लिए एस्टीमेट तैयार किया जा चुका है और औपचारिकताएं पूरी होते ही निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। टैंक बनने के बाद भवन को ईएसआई विभाग को सौंप दिया जाएगा। इसके बाद विभाग द्वारा स्टाफ की नियुक्ति और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, जिससे डिस्पेंसरी को जल्द शुरू किया जा सकेगा। एमएसएमई इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने बताया कि इस डिस्पेंसरी के शुरू होने से औद्योगिक क्षेत्र के हजारों श्रमिकों को समय पर और बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी जिससे उनकी कार्यक्षमता और जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से डिस्पेंसरी का उद्घाटन करवाने की मांग की है।

**न्यूज फ्लैश**

## नागरिकों को पहली बार मिला स्व-गणना का अवसर,30 अप्रैल तक घर बैठे पोर्टल पर करें जानकारी अपलोड : एसडीएम राजेश खोथ



**हांसी (दिनकर गावड़ी):झ** स्थानीय एसडी महिला महाविद्यालय में जनगणना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम राजेश खोथ ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की, जबकि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश कुमार गुप्ता भी इस अवसर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम राजेश खोथ ने कहा देश में जनगणना हो रही है। आजादी के बाद यह आठवीं जनगणना है। इस बार जनगणना में नागरिकों को पहली बार स्व-गणना का अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि नागरिक 30 अप्रैल तक घर बैठे जनगणना पोर्टल के माध्यम से अपनी घरेलू जानकारी स्वयं अपलोड कर सकते हैं, जिससे प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक हो गई है।
उन्होंने जनगणना की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहले चरण में घर सूचीकरण एवं आवासीय गणना का कार्य किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक घर की स्थिति, सुविधाएं और मूलभूत जानकारियां एकत्रित की जाएंगी। इसके बाद दूसरे चरण में जनसंख्या गणना की जाएगी, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्रित की जाएगी।
एसडीएम ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार घरों की गणना का कार्य पहले चरण में किया जाएगा, जबकि इसके पश्चात जनसंख्या गणना का कार्य शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा इन दोनों चरणों को व्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से पूरा करने के लिए सभी तैयारियां की जा चुकी हैं।

## मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 100% रहा



**लाडवा, 17 अप्रैल (विजय कौशिक)** लाडवा पिपली मार्ग पर मथाना चौंकी के निकट मदर टेरेसा मॉडर्न पब्लिक स्कूल की कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय की प्रिंसिपल पूजा सक्सेना के कुशल नेतृत्व एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस वर्ष सनरीत पंजेटा ने 96.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मनसिमरत कौर (94.8%) द्वितीय तथा भावेश पंजेटा (94.2%) तृतीय स्थान पर रहे।अन्य मेधावी विद्यार्थियों में पलक सैनी (93.6%), कशिश (91.6%), आस्था (91.2%), दीपांशी (89.4%), रितिका सैनी (89.4%), वंशिका ग्राक (89%), रुदर (88.8%), आरुष काजल (88.6%), जानवी (88.6%), हरमन सिंह (88.4%), प्रतीक (88.2%), हर्षित भार्तिया (87.6%), विकास (86.6%), हर्षप्रीत कौर (85.8%), सूर्यश बैंस (85.2%), यशमीत कौर (83.8%), यक्षित सैनी (83.4%), हिमांक शर्मा (83.4%), अवनीश कुमार (83%), आक्शी (81.6%), ओंकार सिंह (81.4%), लविश सैनी (80.4%), वंदना (80.2%), सक्षम (80%), अंशदीप सिंह (80%), जसकीरत (78.6%), दीक्षा (78%), लवप्रीत कौर (78%), परविंदर कौर (77.6%), हिमांक शर्मा (77.4%), एकमदीप सिंह (77.2%), हर्षप्रीत कौर (77.2%) तथा प्रीत जज (76%) शामिल रहे। वही विकास ने हेल्थकेयर विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त किए विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्रिंसिपल मैम ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों की समर्पित शिक्षा को दिया।

## फैक्टरी मालिक को गोली मारने के मामले में दो आरोपितों पर केस दर्ज



**गन्नौर ।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में फैक्टरी मालिक पर फायरिंग के मामले में थाना बड़ी पुलिस ने दो अज्ञात आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वहीं हमले में घायल हुए फैक्ट्री मालिक देव बंसल उर्फ शुभम का इलाज दिल्ली के निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी हालत अभी खतरे से बाहर है। पुलिस को दी शिकायत में गोली लगने से घायल हुए देव बंसल उर्फ शुभम निवासी सेक्टर-7 रोहिणी दिल्ली ने बताया कि वह वीरवार को बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 1 प्लाट नंबर 375 स्थित अपनी कंपनी पेक्सटन ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड में मौजूद था। इसी दौरान एक ठेकेदार की लेबर में आपसी कहासुनी हो गई, जिसे उन्होंने कंपनी से बाहर भेज दिया। आरोप है कि जाते समय एक युवक ने उसे धमकी दी थी। शाम करीब साढे छह बजे जब वह अपनी कार से दूसरी फैक्टरी से वापस प्लाट नंबर 375 की ओर जा रहा था, तो रास्ते में एक बाइक पर सवार दो युवक उसकी कार के पास पहुंचे और उसे रुकवा लिया। जैसे ही उसने कार का शीशा नीचे किया, एक युवक ने उसे पहचानने की बात कहकर फायरिंग कर दी। गोली उसकी बाई जांघ में लगी। घटना के बाद दोनों आरोपित मौके से फरार हो गए। फिलहाल उसका इलाज दिल्ली में चल रहा है। मामले की सूचना मिलने पर थाना बड़ी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने देव बंसल की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- एसोसिएशन ने की बैठक, एसीपी ने दिया आश्वासन

औद्योगिक क्षेत्र में फैक्टरी मालिक पर हुई फायरिंग की घटना के विरोध में बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन व एमएसएमई औद्योगिक एसोसिएशन ने चएसआइआइडीसी कार्यालय के सामने एकत्रित होकर प्रशासन के प्रति कड़ा रोष जताया। इस दौरान एसीपी गन्नौर ऋषिकांत व बड़ी थाना प्रभारी कुलदीप मौके पर पहुंचे। बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गोयल ने ज्ञापन सौंप कर आरोपितों की जल्द गिरफ्तार करने, पुलिस गश्त बढ़ाने और सीसीटीवी निगरानी को प्रभावी बनाने की मांग की।
इसके साथ ही लेबर सप्लायर ठेकेदारों द्वारा कामगारों का पूरा सत्यापन सुनिश्चित करने की भी मांग की। एमएसएमई औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से उद्योगपतियों और कामगारों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है

## जनगणना 2027 के लिए 100 अध्यापकों व कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण : अनुभव मेहता

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 17 अप्रैल (विजय कौशिक)** एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि जनगणना 2027 के अंतर्गत उपमंडल लाडवा में आयोजित बैच-3 व बैच-4 का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 100 अध्यापकों व कर्मचारियों ने भाग लिया। संत निश्चल सिंह पब्लिक स्कूल लाडवा में चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। लाडवा में नायब तहसीलदार बलकार सिंह को चार्ज ऑफिसर तथा सहायक चार्ज ऑफिसर विशाल शर्मा को नियुक्त किया गया है।
उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन, मोबाइल ऐप के उपयोग, डेटा संकलन प्रक्रिया एवं फील्ड में किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया ताकि वे अपने दायित्वों का निर्वहन प्रभावी रूप से कर सकें। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त सभी प्रतिभागी अब आगामी जनगणना कार्यों के लिए पूर्णतः तैयार हैं।

## पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत खंड गुहला की सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय चीका में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत टॉयज वर्कशाप लगाई गई। इसकी अध्यक्षता सीडीपीओ गुरजीत कौर द्वारा की गई।
कार्यक्रम का उद्देश्य वेस्ट मटेरियल से खिलौने बनाकर बच्चों के समग्र विकास के प्रति जागरूकता को बढ़ाना था। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ ने पुराने डिब्बो, बोतलों व अन्य उपलब्ध सामग्री से आकर्षक व शैक्षणिक खिलौने तैयार किए और बच्चों की शिक्षा को रोचक बनाने का संदेश दिया। इस दौरान संतुलित आहार स्वच्छता और बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में सुपरवाइजर नवजीत कौर, सविता, सोनिया व पूजा आदि भी उपस्थित रही।

## जैन स्कूल गनौर की एन.सी.सी. अधिकारी जोनम त्यागी बनी एएनओ



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल गनौर की साइक्लोजी विभाग की लैक्चरर जोनम त्यागी ने ऑफिसर ट्रैनिंग अकादमी ग्वालियर से प्रशिक्षण लेकर एसोसिएट एन.सी.सी ऑफिसर का दर्जा हासिल किया। उन्होंने बताया कि 12 एच.आर बटालियन,एन.सी.सी सोनीपत की तरफ से महिला वर्ग में चयन कर 1 मार्च को उन्हें प्रशिक्षण के लिए ग्वालियर भेजा गया जहाँ उन्होंने 45 दिन प्रशिक्षण लिया ,पास आऊट प्रेड में उन्हें सेकंड रैंक अधिकारी के रूप में पदोन्नति मिली व 2 स्टार लगाकर एनसीसी अधिकारी के रूप में विधिवत जिम्मेदारी मिली। उपलब्धि पर जैन स्कूल में प्रिंसिपल भूषण भाटिया व वाईस प्रिंसिपल शालिनी जैन व स्टाफ, एन सी सी कैडेट्स ने उनका स्वागत किया।

## एसडीएम ने अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद कार्य का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहलाचीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने चीका अनाज मंडी व अतिरिक्त अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से गेहूं की आवक की पुख्ता जानकारी ली। उन्होंने मार्किट कमेटी सचिव को निर्देश दिए कि मंडी में यातायात को सुचारू बनाए रखें, ताकि मंडियों में जाम की स्थिति पैदा न हो। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उनकी शिकायतों को प्राथमिकता से सुन कर दूर करने का कार्य करें।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रचार के तहत जागरूकता पदयात्रा का आयोजन

**पदयात्रा**

**आमजन को महिला अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा और समानता के प्रति जागरूक किया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 17 अप्रैल (विजय कौशिक)** : लाडवा आईजीएन कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रचार अभियान के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के अधिकारों, समानता तथा उनके सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। पदयात्रा का शुभारंभ कॉलेज परिसर से हुआ, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में जागरूकता संदेशों से युक्त तख्तियां और बैनर लिए छात्राओं ने शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए आमजन को महिला अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा और समानता के प्रति जागरूक किया। नारी सम्मान, देश का मान और समान अधिकार, सबका अधिकार जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।इस दौरान छात्राओं ने लोगों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम की विशेषताओं और इसके महत्व के बारे में जानकारी दी। पदयात्रा के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक यह संदेश पहुंचाने का प्रयास किया गया कि महिलाओं का सशक्तिकरण ही एक विकसित और प्रगतिशील राष्ट्र की आधारशिला है।
इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो. कुशल पाल एवं महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. वंदना गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की पदयात्राएं समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रभावी माध्यम होती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक मुद्दों के प्रति सजग रहने और सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और समान अधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा यह संकल्प लिया कि वे समाज में व्याप्त भेदभाव और कुरीतियों को समाप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## भारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में जॉब एक्सपो 2026 का सफल आयोजन

**लाडवा 17 अप्रैल (विजय कौशिक)** : भारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स प्रहलादपुर(बाबैन) द्वारा जॉब एक्सपो 2026 का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नए अवसर लेकर आया और उनके उज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। कार्यक्रम पूर्व सांसद एवं संस्थान की चेयरमैन प्रो. कैलाशो सैनी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। संस्थान के चेयरमैन ओम नाथ सैनी, वाइस चेयरमैन भारत सैनी तथा डायरेक्टर रुबेल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस जॉब एक्सपो 2026 में विभिन्न कंपनियों द्वारा 50 बच्चों का चयन किया गया। जॉब एक्सपो में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों और संस्थानों ने भाग लेकर विद्यार्थियों को करियर के बेहतर अवसर प्रदान किए। इस अवसर पर करीब 200 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के लिए साक्षात्कार दिए। फामेर्सी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए लैबोरेट फार्मास्यूटिकल, धानुका फार्मास्यूटिकल्स, बायोमैक्स बायोटेक्निक्स प्रा. लि., बायोफील्ड फार्मा, ओम साई हेल्थकेयर, उजाला सिग्नस हॉस्पिटल तथा पार्क हॉस्पिटल सहित कई प्रमुख संस्थाओं ने इंटरव्यू आयोजित किए।

## युक्त धारा प्लेटफॉर्म के उपयोग से काम में आएगी पारदर्शिता : डॉ. चौहान



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** युक्तधारा प्लेटफॉर्म के माध्यम से योजनाओं की सटीक योजना बनाना, उनकी वास्तविक समय में निगरानी करना और संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग सुनिश्चित करना संभव होगा। इससे न केवल कार्यों की गुणवत्ता में सुधार आएगा, बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी और भ्रष्टाचार की संभावनाओं में कमी आएगी।
यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कही। वे संस्थान में तीन दिवसीय वीबी-जी राम जी के अंतर्गत युक्त धारा द्वारा ग्राम पंचायतों की जीआईएस आधारित निगरानी विषय पर कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। डॉ चौहान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।
कार्यक्रम समन्वयक संस्थान के संकाय सदस्य डॉ. कमलदीप सांगवान ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी और बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम पंचायतों के कार्यों में आधुनिक तकनीक के माध्यम से पारदर्शिता और प्रभावशीलता लाना है।
निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि जीआईएस आधारित निगरानी से ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता, सटीकता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी, यही डिजिटल ग्रामीण विकास की दिशा है। उन्होंने कहा कि जीआईएस आधारित निगरानी प्रणाली ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में एक नई क्रांति लेकर आएगी।
डॉ. चौहान ने कहा कि प्रतिभागियों को जीआईएस तकनीक और युक्तधारा के व्यावहारिक उपयोग में दक्ष बनाना है, ताकि वे अपने.अपने क्षेत्रों में योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही योजना निर्माण, संसाधनों का संतुलित उपयोग और कार्यों की निरंतर निगरानी ही विकास को गति देती है। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मचारियों की कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं और उन्हें नवीन तकनीकों के प्रति जागरूक बनाते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र और सतत विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।
उन्होंने कहा कि वे एनआईआरडीपीआर हैदराबाद के हृदय से आभारी हैं कि उन्होंने इस देशव्यापी अभियान के लिए हरियाणा को पहला राज्य चुना। वीबी-ग्राम जी योजना नए प्रावधानों के साथ आगे आएगी, जिससे ग्राम स्तर पर विकास कार्यों की निगरानी और अधिक प्रभावी होगी। डॉ. चौहान ने कहा कि यह योजना कर्मचारियों के माध्यम से ही आगे बढ़ेगी, इसलिए सभी प्रतिभागियों के लिए इसे सीखना और इसके बारे में पूरी जानकारी रखना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे इसे जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक लागू कर सकें।

## पुलिस चोरों को जल्द पकड़े: राजीव जैन




**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 17 अप्रैल।** कच्चे क्वार्टर मार्किट में तीन दुकानों के शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया और दो दुकानों के शटर भी उखाड़ने का प्रयास किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।
सूचना मिलने पर नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन एवं भाजपा नेता संजीव वलेचा को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और दुकानों पर जाकर घटना की जानकारी ली। सब्जी दुकानदार अमित ने बताया कि सुबह लगभग साढ़े चार पांच बजे शटर तोड़कर गल्ले में रखी नकदी उठा ले गए, इसी तरह एक दुकान में सामान नहीं मिला। सबसे ज्यादा नुकसान लवली की दुकान में हुआ, चोर लगभग दो ढाई लाख रुपए की जींस पेंट उठाकर ले गए।
राजीव जैन ने सिविल लाइन थाना प्रबंधक को फोन करके चोरों को पकड़ने के निर्देश दिए और मार्किट में रात्रि गश्त बढ़ाने को कहा। दुकानदारों ने मार्किट में स्ट्रीट लाइट ठीक करवाने एवं नई लाइट लगवाने की मांग रखी, जिस पर उन्होंने निगम कर्मचारियों को फोन करके स्ट्रीट लाइट की वयवस्था ठीक करवाने के निर्देश दिए ।

## न्यूज फ्लैश

### वर्टिकल फार्मिंग को बढावा देने, पॉली हाउस-ग्रीन हाउस के लिए सरकार दे रही 85 प्रतिशत तक अनुदान

**सिरसा, (रणबीर खटक)** प्रदेश के किसानों के लिए संरक्षित खेती और वर्टिकल फार्मिंग को बढ़ावा देने, आधुनिक कृषि तकनीकों जैसे पॉली हाउस, ग्रीन हाउस और हाइड्रोपोनिक्स अपनाने वाले किसानों को उद्यान विभाग द्वारा 85 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके और वे बेमौसम सब्जियों व फलों का उत्पादन कर सकें।

इन योजनाओं के तहत प्राकृतिक रूप से पॉलीहाउस, हाई-टेक ग्रीन हाउस, वॉक-इन टनल, शेड नेट हाउस, प्लास्टिक टनल, एंटी-इंसेक्ट नेट हाउस और बंबू/बेलन आधारित नेट हाउस जैसी संरचनाओं पर 50 प्रतिशत से 85 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। सामान्य वर्ग के किसानों को 50 प्रतिशत तथा अनुसूचित वर्ग के किसानों को 85 प्रतिशत तक अनुदान का लाभ मिलेगा, जबकि अनुसूचित जाति के भूमि पट्टा धारकों को 65 प्रतिशत तक सहायता दी जाएगी। अधिकतम अनुदान सीमा 2500 वर्ग मीटर तक निर्धारित की गई है।

इसके अतिरिक्त, संरक्षित खेती से जुड़े अन्य आवश्यक घटकों जैसे एरोपोनिक्स यूनिट, हाइड्रोपोनिक इकाई, हाई-टेक नर्सरी, एंटी हेल नेट, बेड तैयार करने का सामान, मल्चिंग प्लास्टिक, ड्रिप इरिगेशन सिस्टम और प्लास्टिक टनल आदि पर भी 50 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से किसानों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में सुधार संभव हो सके।

सहायता योजनाओं में मधुमक्खी पालन, फसल संरक्षण, जल संरक्षण और आधुनिक सिंचाई तकनीकों को भी शामिल किया गया है। इसके तहत विभिन्न उपकरणों और सामग्रियों पर निर्धारित सीमा तक अनुदान दिया जा रहा है, जिससे किसानों का खर्च कम हो और उत्पादन लागत में कमी आए।

विभाग द्वारा किसानों के लिए बड़े स्तर पर संरचनाओं के निर्माण जैसे पौधशालाओं में वॉक-इन टनल और नेट हाउस स्थापित करने के लिए भी विशेष अनुदान का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही पुराने पॉलीहाउस और नेट हाउस की मरम्मत व क्लैडिंग शीट बदलने के लिए भी 70 प्रतिशत तक की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे पहले से स्थापित संरचनाओं का पुनः उपयोग किया जा सके।

जिला उद्यान अधिकारी दीन मोहम्मद ने बताया कि इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ना, उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ाना और कृषि को अधिक लाभकारी बनाना है। संरक्षित खेती और नवीन तकनीकों के उपयोग से किसान कम भूमि पर अधिक उत्पादन कर सकते हैं और अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। किसानों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए विभाग द्वारा समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

### नूंह में डेंगू-मलेरिया को लेकर अलर्ट

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिला में बरसात के मौसम के आगमन के साथ ही मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। इसको लेकर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनप्रीत सिंह ने आमजन को सतर्क रहने की अपील करते हुए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता और सावधानी बेहद जरूरी है।

डॉ. मनप्रीत सिंह ने बताया कि बरसात के दौरान जगह-जगह पानी जमा होने से मच्छरों का प्रजनन तेजी से होता है, जिससे संक्रमण फैलने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में नागरिकों को अपने घरों और आसपास विशेष सफाई रखने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों के आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें। कूलर, पुराने टायर, गमले और छतों पर जमा पानी को नियमित रूप से साफ करें। कूलर का पानी हर सप्ताह बदलें और उसे सूखा रखें। इसके अलावा पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, मच्छरदानी का उपयोग करें और मच्छरों से बचाव के लिए रिपेलेंट का प्रयोग करें। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द, उल्टी या प्लेटलेट्स कम होने जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना डॉक्टर की सलाह के स्वयं दवा लेना खतरनाक हो सकता है।उन्होंने जानकारी दी कि जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से समय-समय पर फॉगिंग, एंटी-लार्वा छिड़काव और जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

# इनसो कार्यकर्ताओं को आधी रात घरों से उठाना पुलिस की ज्यादती- दुष्यंत चौटाला

**विरोध**

- इनसो कार्यकर्ता एक भ्रष्ट वाइस चांसलर के कार्यालय के बाहर दिन में प्रदर्शन करने गए थे: दुष्यंत चौटाला



**हिसार (रणबीर खटक)** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हिसार में जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि लोकतंत्र में प्रदर्शन करना सभी का अधिकार है और इनसो कार्यकर्ता एक भ्रष्ट वाइस चांसलर के कार्यालय के बाहर दिन में प्रदर्शन करने गए थे, लेकिन देर रात करीब दो बजे पुलिस की 12 टीमों ने कार्यकताओं के घर जाकर उन्हें उठाया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कार्यकताओं के परिवार की महिलाओं और अन्य लोगों के साथ न केवल बदतमीजी की बल्कि महिला पुलिस कांस्टेबल की अनुपस्थिति में घर की तलाशी भी ली। शुक्रवार को इनसो कार्यकताओं की रिहाई की मांग को लेकर दुष्यंत चौटाला हिसार पहुंचे थे। इस दौरान हिसार एसपी से मुलाकात करने लघु सचिवालय जा रहे पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के साथ सीआईए स्टाफ द्वारा बदसलूकी भी की गई। दुष्यंत चौटाला ने एसपी से मुलाकात कर इसकी शिकायत दी और तुरंत कार्रवाई की मांग उठाई। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सीआईए स्टाफ द्वारा चलती गाड़ी रुकवाकर उनके ऊपर गाड़ी चढ़ाने और हथियार दिखाकर उन्हें डराने का प्रयास किया गया, जो कि वहां लगे सीसीटीवी फुटेज में भी दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह पुलिस का गुंडाराज है। दुष्यंत चौटाला ने सोशल मीडिया पर पुलिस की बदसलूकी का वीडियो जारी करते हुए लिखा कि "जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो व्यवस्था पर सवाल उठना तय है और बीजेपी का नायब हरियाणा, पुलिस के भेष में गुंडे"। इससे पहले दोपहर को पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और युवा जेजेपी अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला अपने कार्यकर्ताओं के साथ हिसार सिटी थाना पहुंचे और गिरफ्तार किए गए युवाओं को रिहा करने की मांग की। पत्रकारों से रूबरू होते हुए दुष्यंत चौटाला ने कहा कि घर में बिना महिला कांस्टेबल के देर रात कार्यकर्ताओं के घर हुई कार्यवाही कतई जायज नहीं है।

## एसवीएसयू सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सीबीएसई कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा योगिता ने 94.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विनीता 93% अंक प्राप्त कर द्वितीय और योगिता एवं भव्य शर्मा 92.8% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार, कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा, अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर विक्रम सिंह और छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर कुलवंत सिंह आदि ने विद्यालय के समस्त अध्यापकों व विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। प्राचार्य सतेंद्र सौरोत ने बताया कि मेधावी विद्यार्थियों में संजना ने 92.6%, सचिन ने 92.4%, भविष्य पाठक, दीया एवं वृष्टि 92%, निशि 90.2%, तथा गीत एवं दीक्षा ने 90% अंक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने बताया कि कुल 46 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। अनेकों विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 194 विशेष योग्यताएं अर्जित की।

विशेष उपलब्धि के रूप में विनीता, संजना एवं दीया ने ब्यूटी एंड वेलनेस विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस शानदार सफलता के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया गया। विद्यार्थियों का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया गया तथा मिठाइयां बांटी गईं।

## मेवाती सिंगर असलम गिरफ्तार, आपत्तिजनक गाने के मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**नूंह मेवात ( लियाकत अली) :** जिले में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और गैर-कानूनी सामग्री प्रसारित करने के मामले में साइबर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मेवाती सिंगर असलम को गिरफ्तार कर लिया है। पहले दर्ज किए गए केस में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार यूट्यूब चैनल असलम सिंगर जमीदार टॉपिकह्व पर प्रकाशित एक गाने में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने वाली सामग्री पाई गई थी। शिकायत में बताया गया था कि गाने में अवैध हथियारों का महिमामंडन, रंगदारी की मांग और गोलीबारी जैसी आपराधिक घटनाओं का उल्लेख है, जिससे समाज में भय और असुरक्षा का माहौल बन सकता है और युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

जिला पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी असलम को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे गहन पूछताछ की जा रही है। साथ ही, इस मामले में अन्य संभावित आरोपियों की गिरफ्तारी के भी संकेत दिए गए हैं। पुलिस आरोपी को जल्द ही अदालत में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है, ताकि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की गहराई से जांच की जा सके। इससे पहले जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन द्वारा सोशल मीडिया पर आपराधिक प्रवृत्तियों को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए थे। उसी के तहत यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। पुलिस ने संबंधित यूट्यूब चैनल और फेसबुक अकाउंट को बंद कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।पुलिस का कहना है कि भविष्य में भी सोशल मीडिया पर इस प्रकार की गैर-कानूनी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## हरियाणा सीमा पर यमुना नदी में अवैध खनन का बड़ा खुलासा हुआ है

**नितिन सिंगला जगाधरी**

**जिलाधिकारी** की सख्ती के बाद खनन विभाग सक्रिय हुआ और अभिलाष चौबे की तहरीर पर दर्जन भर स्टोन क्रेशर, पोकलेन, डंपर व ट्रैक्टर-ट्रॉली स्वामियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा कराया गया हैं दर्ज- हरियाणा के साथ यूपी के भी कई बड़े चेहरे रडार पर.बेहट सहारनपुर : जनपद की बेहट तहसील क्षेत्र में यमुना नदी के किनारे अवैध खनन का बड़ा मामला सामने आया है - जहां उत्तर प्रदेश की सीमा में हरियाणा के स्टोन क्रेशर संचालकों द्वारा बड़े पैमाने पर उपखनिज पढ्ढट का खनन किया जा रहा था - इस पूरे मामले का खुलासा सोशल मीडिया पर वायरल खबर के बाद हुआ- जिसके संज्ञान में आते ही जिलाधिकारी की सख्ती के बाद खनन विभाग हरकत में आया - खनन अधिकारी अभिलाष चौबे एवं थाना बेहट पुलिस टीम द्वारा संयुक्त निरीक्षण में ग्राम असलमपुर बरस्था क्षेत्र में लगभग 43,645 वर्गमीटर क्षेत्रफल में औसतन 2 मीटर गहराई तक खनन पाया गया, जिससे करीब 87,306 घनमीटर उपखनिज निकाला गया - मौके पर पोकलेन और खउइ मशीनों के उपयोग के स्पष्ट चिन्ह मिले - साथ ही डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली के आवागमन के सबूत भी मिले।

## पुलिस और पब्लिक के बीच सीधा संवाद, कनीना में पुलिस ने गांवों में फ्लैग मार्च निकाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक के दिशा-निदेर्शों के तहत, दिनांक 16 अप्रैल को शाम के समय थाना सदर कनीना के प्रबंधक, आईपीएस वैशाख बागी ने पुलिस बल के साथ कनीना क्षेत्र के पड़तल, भोजावास और सुंदरह गांवों में फ्लैग मार्च निकाला। इस मार्च का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था को ओर सुदृढ़ करना और पुलिस तथा आम जनता के बीच सीधा संवाद व विश्वास स्थापित करना था।

फ्लैग मार्च के दौरान तीनों गांवों में लोगों के साथ बैठकें भी आयोजित की गईं। इन बैठकों में मुख्य रूप से पुलिसझ्रपब्लिक तालमेल बढ़ाने और नशे पर प्रभावी अंकुश लगाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठकों के दौरान थाना प्रबंधक ने इन तीनों गांवों के सरपंचों, ग्राम प्रधानों और अन्य गणमान्य नागरिकों से सीधा संपर्क किया। उन्होंने विशेष रूप से गांव के युवा वर्ग के साथ बातचीत करते हुए उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने की सलाह दी। ग्रामीणों और युवाओं को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि यह किस प्रकार पूरे परिवार और समाज को नष्ट कर देता है। इसके साथ ही, मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 के बारे में भी लोगों को सूचित किया गया।

समाज में डिजिटल अपराधों को

# श्रीकृष्णा स्कूल का सीबीएसई 10वीं परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**उत्सव**

- सीबीएसई) द्वारा घोषित 10वीं वार्षिक परिणाम में श्रीकृष्णा स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित 10वीं वार्षिक परिणाम में श्रीकृष्णा स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। जैसे ही परिणाम की घोषणा हुई, स्कूल परिसर उत्सव के माहौल में डूब गया और विद्यार्थियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पीआरओ सुधीर यादव ने बताया कि बोर्ड के दिशा-निदेर्शानुसार फरवरी और मार्च माह में आयोजित परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों ने कड़ा अभ्यास किया था। सीनियर हेड संदीप यादव ने बताया कि छात्रा गरिमा ने 98.6 प्रतिशत अंक व प्रमोद सिंह ने 98 प्रतिशत अंक लेकर टॉपर रहे। वहीं पीयूष ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि कक्षा दसवीं के 241 विद्यार्थियों में से 133 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया। विशेष रूप से 47 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 15 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी मेधा का परिचय दिया। विद्यालय के टॉपर छात्रा गरिमा ने 98.6 प्रतिशत अंक हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव ने कहा कि परीक्षा परिणाम हमेशा से ही एक बहुप्रतीक्षित विषय रहा है, क्योंकि यह हमारी साल भर की मेहनत का पारितोषिक होता है। हमारे अध्यापकों के श्रेष्ठ मार्गदर्शन और विद्यार्थियों के निरंतर कड़े परिश्रम ने इस सत्र में सफलता को एक नई परिभाषा दी है। सीईओ कर्मवीर राव व डॉ. कविता राव ने कहा कि आज आपकी आंखों में जो चमक है, वह आपकी रातों की नींद और दिन के संघर्ष का परिणाम है। सफलता ही श्रेष्ठता की असली पहचान है, लेकिन याद रखें कि शिखर पर पहुंचना आसान है, वहां टिके रहना कठिन होता है। श्रेष्ठ से सर्वश्रेष्ठ बने रहना ही श्रीकृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की दूरगामी सोच रही है। प्राचार्य रवि प्रकाश ने बताया कि श्रीकृष्णा ग्रुप पिछले 27 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के सटीक मार्गदर्शन, अभिभावकों के अटूट विश्वास और मैनेजमेंट की कुशल रणनीति को दिया। उन्होंने बताया कि सुबह से ही परिणामों को लेकर स्कूल में भारी उत्साह का माहौल था और जैसे ही परिणाम घोषित हुए, स्कूल परिसर खुशियों से झूम उठा।

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर कड़ी कार्रवाई, 7 व्यापारियों पर जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल ।** सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पलवल और नगर पालिका हथीन की संयुक्त टीम ने बुधवार को शहर के मुख्य बाजार हथीन में सख्त कार्रवाई की। टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक का भंडारण एवं उपयोग करते पाए गए 7 व्यापारियों पर कुल?15000 रुपए का जुमार्ना लगाया तथा उन्हें भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी दी।

कार्रवाई के दौरान संयुक्त टीम ने बाजार क्षेत्र में दुकानों पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पॉलीथिन सहित अन्य प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री का भंडारण पाए जाने पर चालान किए गए तथा मौके से प्लास्टिक सामग्री भी जब्त की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब तक जिले में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ 160 चालान किए जा चुके हैं।

क्षेत्रीय अधिकारी सिद्धार्थ भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि इससे कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाएं और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करें। खरीदारी के लिए कपड़े, कागज या जूट के थैलों का उपयोग करें तथा खाने-पीने की वस्तुओं के लिए स्टील या मिट्टी के बर्तनों को प्राथमिकता दें।

## आयुष्मान योजना की जांच में जुटी सीएम फ्लाइंग, निजी अस्पताल में 12

**नितिन सिंगला, जगाधरी** यमुनानगर में आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन को लेकर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता (सीएम फ्लाइंग) की टीम लगातार सक्रिय नजर आ रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को टीम ने शहर के एक निजी अस्पताल में औचक निरीक्षण किया, जहां योजना के तहत भर्ती मरीजों की गहन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में करीब 12 मरीज आयुष्मान योजना के तहत भर्ती पाए गए। टीम ने सभी मरीजों से अलग-अलग बातचीत कर यह सुनिश्चित किया कि कहीं उनसे आयुष्मान कार्ड के अलावा कोई अतिरिक्त शुल्क तो नहीं लिया गया। मरीजों ने संतोषजनक जवाब देते हुए बताया कि उनसे इलाज के बदले कोई अतिरिक्त राशि नहीं ली गई और पूरा उपचार योजना के तहत ही किया जा रहा है।

## 10 ग्राम 08 मिलीग्राम हेरोइन सहित बाइक सवार युवक काबू

**सिरसा(शुभम-खटक)**-पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निदेर्शानुसार सिरसा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने डिंग क्षेत्र से बाइक सवार एक युवक को 10 ग्राम 08 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान सिरसा



से डिंग मोड़ की तरफ जा रही थी । इसी दौरान पुलिस पार्टी जब गुरु तेज बहादुर स्कूल डिंग मोड़ के नजदीक पंहुची तो सामने से बाइक सवार एक नौजवान युवक आता दिखाई दिया । उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक बाइक को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया तो पुलिस पार्टी ने शक के आधार बाइक सवार युवक राजेश उर्फ सागर पुत्र अग्रसेन निवासी गांव दरियापुर जिला फतेहाबाद को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्ज से 10 ग्राम 08 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई । सेल प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना डिंग में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर जांच डिंग थाना को सौंपी गई है ।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से पूछताछ कर हेरोइन तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

# एसपी दीपक सहारन ने पर्यवेक्षण अधिकारियों एवं प्रभारियों की ली समीक्षा बैठक

**सिरसा(शुभम,खटक)** बरनाला रोड स्थित पुलिस लाइन के प्रशासनिक भवन में आज पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने जिला के सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर उनके कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।पुलिस अधीक्षक ने निर्देश देते हुए कहा कि अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए। उन्होंने गैर कानूनी धंधों में संलिप्त व्यक्तियों तथा विभिन्न मामलों में वांछित भगोड़ों की धरपकड़ तेज करने के आदेश दिए। इसके साथ



ही आदतन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने तथा समय-समय पर उनकी गतिविधियों की निगरानी करने पर जोर दिया, ताकि किसी भी संभावित आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम विंडो, सीएम विंडो और हरसमय पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में निपटारा सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पीड़ितों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उन्हें शीघ्र न्याय दिलाने के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए। एसपी दीपक सहारन ने नशा विरोधी अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल देते हुए कहा कि इसमें आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसके लिए निरंतर जन-जागरूकता अभियान चलाए जाएं। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आधुनिक तकनीक के प्रति प्रशिक्षित रहने के निर्देश दिए, ताकि वे अपने कार्यों को अधिक दक्षता और पारदर्शिता के साथ कर सकें।

साथ ही उच्च अधिकारियों द्वारा मांगी गई सूचनाओं और रिपोर्ट्स को समय पर भेजना सुनिश्चित करने को कहा।बैठक के दौरान लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाने के निर्देश भी दिए गए। महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया गया।इसके अलावा, चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नियमित पुलिस चेकिंग और पैदल गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए, ताकि गृहभेदन और वाहन चोरी जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक सप्ताह थाना प्रभारियों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# विभागीय कलाकारों ने महिला सशक्तिकरण आधारित योजनाओं के बारे में किया जागरूक

**सिरसा, (रणबीर खटक)** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 व महिला सशक्तिकरण आधारित योजनाओं के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है।

शुक्रवार को विभागीय कलाकारों ने गांव कोटली व लंबी में कार्यक्रम आयोजित किए। इसमें लीडर भजन पार्टी जुगती राम, रविंद्र कुमार, लाला राम, सदस्य रामपाल शामिल रहे। कलाकारों ने लोकगीतों के माध्यम से लोगों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम और विभिन्न कल्याणकारी



योजनाओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यह कानून विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक अहम कदम है। इसके जरिए और महिला नेतृत्व को बढ़ावा मिलेगा। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से नागरिकों को बताया कि यह अधिनियम न केवल महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण को मजबूत करेगा, बल्कि समाज के समावेशी और संतुलित विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### क्रोमा की गोल्डन डील्स का लाभ उठाएं, इस अक्षय तृतीया अपने घर को अपग्रेड करें

**गुरुग्राम।** इस अक्षय तृतीया, भारत के भरोसेमंद ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा समूह का एक ब्रांड, क्रोमा आपकी त्यौहार की खरीदारी को गोल्डन अवसर में बदल रहा है। क्रोमा में एयर कंडीशनर, बड़े स्क्रीन वाले टेलीविजन, साउंडबार और अन्य उत्पादों पर 50 * तक की भारी छूट मिल रही है। 19 अप्रैल को उपलब्ध इन सीमित अवधि के ऑफर्स में आपको मिलेगी भारी छूट, कैशबैक, एक्सचेंज बेनिफिट्स और आसान ईएमआई भी, इनका लाभ उठाएं और अपने घर को अपग्रेड करने का सबसे सही मौका हाथ से जाने न दें। इतनाही नहीं, अगर आपके पास टाटा नेउ एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड है तो आपको मिलेगा चुनिंदा एप्पल और गूगल प्रोडक्ट्स पर नेउकॉइन्स के रूप में 10 प्रतिशत तक की बचत का आकर्षक अवसर। इन्फिनिटी रिटेल लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा, अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ग्राहक ऐसी खरीदारी करना चाहते हैं जो उनके लिए दीर्घकालिक मूल्य और समृद्धि लाए। हमारे 'गोल्डन ऑफर्स' के साथ, हम गर्मियों के जरूरी उपकरणों और अत्याधुनिक होम एंटरटेनमेंट पर बेहतरीन डील्स लेकर आए हैं। अब हमारे ग्राहकों के लिए बेहतरीन और सार्थक अपग्रेड के साथ इस त्यौहार को मनाना और भी आसान हो जाएगा। ये फेस्टिव ऑफर्स पूरे भारत के सभी क्रोमा स्टोर्स पर सीमित समय के लिए उपलब्ध हैं। हर बजट के ग्राहकों को बेहतरीन कीमतों पर प्रीमियम टेक्नोलॉजी अपनाने का एक शानदार अवसर क्रोमा दे रहा है। त्यौहारों की खुशी होगी दोगुनी क्योंकि क्रोमा में रु 25,000 से ऊपर के उत्पादों पर रु 3,200 तक की बचत के साथ फ्लैट 10 प्रतिशत की छूट भी मिल रही है। यह ऑफर टॉप ब्रांड्स के एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, टेलीविजन और एंड्रॉइड स्मार्टफोन की चुनिंदा रेंज पर लागू है।

### नवनीत ने पेश की नई नारुटो कलेक्शन

**गुरुग्राम।** नवनीत के स्टेशनरी ब्रैंड यूवा ने नारुटो थीम पर आधारित अपनी नई कलेक्शन पेश की है। यह एक विशेष प्रीमियम श्रेणी है, जिसमें लॉन्ग बुक्स, नोटबुक्स, स्पाइरल लॉन्ग बुक्स और ड्रॉइंग बुक्स शामिल हैं। यह श्रृंखला विल ऑफ फायर की भावना को कक्षा तक लेकर आती है और यूवा के उच्च गुणवत्ता वाले पेपर उत्पादों को नारुटो की लोकप्रिय दुनिया के साथ जोड़ती है। यह कलेक्शन हर छात्र और उपयोगकर्ता को शिनोबी जैसी दृढ़ता के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करने का प्रयास है। चाहे आप अपने विचारों को स्केच कर रहे हों या विस्तार से नोट्स बना रहे हों, यह सीरीज आपको अपने निंजा वे को अपनाने के लिए उपयुक्त साधन प्रदान करती है। यह साझेदारी नारुटो की व्यापक लोकप्रियता और सांस्कृतिक प्रभाव से प्रेरित है, जो आज भी बिग थ्री एनीमे सीरीज में एक प्रमुख स्थान बनाए हुए है।

यूवा के चीफ स्ट्रैटेजी ऑफिसर अभिजीत सान्याल ने कहा, हम अपनी नई यूवा कलेक्शन के माध्यम से नारुटो की ऊर्जा और उत्साह को लेकर आने के लिए बेहद उत्साहित हैं। यह सहयोग केवल स्टेशनरी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसे ब्रैंड और एक ऐसी लोकप्रिय श्रृंखला के मेल को दशार्ता है, जो युवाओं की रचनात्मकता का उत्सव मनाती है और उन्हें बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करती है। हमें विश्वास है कि हमारे छात्रों के लिए ये किरदार उनके विकास की प्रेरणादायी यात्रा का प्रतीक हैं, और हम यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि वे इसी प्रेरणा के साथ हमारी किताबों का उपयोग करते हुए अपने भविष्य को आकार देंगे। इस उत्पाद श्रृंखला को उपयोगिता और आकर्षक डिजाइन, दोनों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें नोट्स लिखने के लिए उपयुक्त लॉन्ग बुक्स, आसान उपयोग के लिए स्पाइरल लॉन्ग बुक्स, अधिक लिखने की सुविधा देने वाली जंबो नोटबुक्स और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने वाली ड्रॉइंग बुक्स शामिल हैं। हर उत्पाद में नारुटो से प्रेरित विजुअल्स का उपयोग किया गया है, जिससे ये केवल उपयोगी स्टेशनरी उत्पाद ही नहीं, बल्कि छात्रों और प्रशंसकों के लिए सांस्कृतिक रूप से जुड़ाव बनाने वाले माध्यम भी बनते हैं।

### यादव सभा विवादः बार-बार सुनवाई से उठे सवाल साजिश की आशंका गहराई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** यादव सभा (रजि.) महेंद्रगढ़ के चल रहे विवाद में शुक्रवार को हुई ताजा सुनवाई के बाद पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है। यादव सभा (रजि.) महेंद्रगढ़ के एड-हॉक कमेटी का कार्यकाल के समाप्त होने के बाद उठे विवाद में प्रशासनिक कार्यप्रणाली अब सीधे संदेह के घेरे में आ गई है।

# कांग्रेस प्रदेश में होने वाले तीन नगर निगमों के सिंबल पर लड़ेगी चुनावः हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 17 अप्रैल (बिजेंद्र सिंह)।** नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में होने वाले तीन नगर निगमों का चुनाव कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ पार्टी सिंबल पर लडेगी। कांग्रेस पार्टी शहरों में मजबूत है और पार्टी ने चुनाव को लेकर सारी तैयारियां कर ली है। मेयर पद के प्रत्याशियों का फैसला शनिवार को होने वाली मीटिंग में कर लिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा शुक्रवार को एल्डिको के पास सेक्टर 40 में वरिष्ठ कांग्रेस नेता डा. कर्ण सिंह कादियान के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों को आज अनाज मंडियों में गेट पास के लिये ट्रैक्टर ट्राली का फोटो और किसानों को बायोमीट्रिक के नाम पर परेशान किया जा रहा है। मौजूदा सरकार ऐसा करके देश के



अन्नदाता का अपमान कर रही है। सरकार को इस तरह के नियमों को किसान हित में तुरंत वापस लेना चाहिये। वहीं उन्होने पत्रकारों के सवाल पर कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के चार विधायकों के वोट रद्द होने मामले में कहा कि इसमें विधायकों की गलती नहीं है और इस संबंध में कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग में शिकायत की हुई है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता डा. कर्ण सिंह कादियान, पूर्व विधायक बलबीर वाल्मीकि, वरिष्ठ नेता वरिंदर बुल्ले शाह, कंवर सिंह छौक्कर, धर्मबीर मलिक, खुशी राम जागलान, शहरी जिला अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह कादियान एडवोकेट, जिला पार्षद प्रतिनिधि अनिल मलिक, पार्षद डा. जगबीर व नरायण दत शर्मा, शशी लूथरा, चरणजीत सिंह, बलवान वाल्मीकि, सुरेंद्र गोड, राजबीर कादियान, नैनपाल राणा व जसमेर मान आदि मौजूद रहे। वहीं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा कांग्रेस नेता वरिंदर शाह के पानीपत शहर स्थित होटल पर भी पहुंचे और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

## भारत के युवा वर्ग और छोटे शहरों में लिवर की बीमारियों के दावे बढ़े, इलाज का खर्च भी बढ़ाः केयर हेल्थ इंश्योरेंस

**नोएडा। भारत लिवर (यकृत) के** स्वास्थ्य से जुड़ी बड़ी समस्या का सामना कर रहा है जो लगातार बढ़ रही है लेकिन इस पर अभी बहुत ध्यान नहीं गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, एनएएफएलडी (नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज) से 9% से 32% आबादी प्रभावित है, यानी हर तीन में से लगभग एक व्यक्ति इसकी चपेट में है, और इसे अब एक अनदेखी महामारी माना जा रहा है। लिवर से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का विभिन्न वजहों से होने वाली कुल मौत में 66% से अधिक का योगदान है, और इलाज के बढ़ते खर्च की वजह से यह बड़ा आर्थिक बोझ बनाता जा रहा है। विश्व लिवर दिवस के अवसर पर केयर हेल्थ इंश्योरेंस के आंकड़े यह दशार्ते हैं कि व्यक्तिगत और पारिवारिक, दोनों ही स्तरों पर यह चुनौती गंभीर है। विश्लेषण से पता चलता है कि पिछले तीन साल में लिवर से जुड़े दावे दोगुने हो गए हैं; इसकी मुख्य वजह इलाज की बढ़ती जटिलताएं और भौगोलिक व जनांकिकी (डेमोग्राफिक) स्तर पर इसका लगातार बढ़ता दायरा है। आज, लिवर की बीमारियों के इलाज का खर्च 3 साल पहले के मुकाबले लगभग 100% ज्यादा हो गया है। केयर स्वास्थ्य इंश्योरेंस के मुख्य परिचालन अधिकारी, मनीष डोडेजा ने इन निष्कर्षों पर अपनी टिप्पणी में कहा, लिवर की बीमारी अब कुछ जोखिम वाले क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि तेजी से फैल रही हैं और यह चिंताजनक है। हमने इन बीमारियों के स्वरूप के साथ-साथ तीव्रता में भी स्पष्ट बदलाव देखा है। मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है, युवा प्रभावित हो रहे हैं , और परिवारों पर इसका वित्तीय बोझ काफी बढ़ रहा है। यह केवल नैदानिक समस्या नहीं है, बल्कि यह आर्थिक समस्या भी बनती जा रही है।

## थाना शहर कनीना पुलिस ने बाइक चोर को पकड़ा, मोटरसाइकिल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** थाना शहर कनीना की पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान सुखबीर निवासी ढाणी ठेठरबाड़ रेवाड़ी के रूप में हुई। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया है। शिकायत में बताया कि रेवाड़ी रोड कनीना स्थित उनकी वर्कशॉप के बाहर से दिनांक 12 अप्रैल को दोपहर करीब 2 बजे उसकी स्पलेंडर मोटरसाइकिल चोरी हो गई।

## डॉ. सुमिता ने मंडी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूलाः** वित्त आयुक्त, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा डॉ सुमिता मिश्रा ने आज बरवाला अनाजमंडी का निरीक्षण किया और रबी सीजन 2026-27 के लिए गेहूं की खरीद व उठान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी में किसानों और आढ़तियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डॉ. सुमिता मिश्रा के साथ उपायुक्त सतपाल शर्मा, एसडीएम कालका श्री सयंम गर्ग, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक श्री जतिन मित्तल, बरवाला मंडी के सचिव सुरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। डॉ. मिश्रा ने गेट पास और बायोमैट्रिक प्रणाली की जांच की तथा गेहूं की बोरियों



का वजन भी चेक किया, जो संतोषजनक पाया गया। उन्होंने अधिकारियों से मंडी में गेहूं की आवक, खरीद और उठान की स्थिति की जानकारी ली तथा किसानों और आढ़तियों से सीधे संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया। डॉ. सुमिता मिश्रा ने मंडी में किसानों और मजदूरों के लिए संचातिल अटल कैंटीन का निरीक्षण किया और वहां मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। उन्होंने अपने प्रशासनिक दायित्व को पूरा करने के साथ साथ एक आम नागरिक की तरह कैंटीन में भोजन ग्रहण किया और भुगतान भी किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता के लिए कैंटीन संचालकों की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि अब तक मंडी में 1 लाख 56 हजार क्विंटल की आवक हुई है जिसमें से 1 लाख 27 हजार क्विंटल की खरीद और 46 हजार 700 क्विंटल गेहूं का उठान हो चुका है। उन्होंने बताया कि मंडी में फसल की खरीद और उठान प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। मंडी में विभिन्न स्थानों पर बॉयोमैट्रिक मशीने लगाई गई है ताकि किसान और आढ़ती अपनी सुविधा अनुसार अपना बॉयोमैट्रिक सत्यापन कर सके। गेट पास के लिए विभिन्न मोबाईल प्वाईंटस स्थापित किए गए है ताकि भीड़ से बचा जा सके।

## मायबियस ग्रुप को डिजाइन और क्रिएटिविटी के क्षेत्र में कई राष्ट्रीय सम्मान

**नई दिल्लीः** मायबियस ग्रुप ने डिजाइन, क्रिएटिविटी, टेक्नोलॉजी और स्टोरीटेलिंग में उत्कृष्टता को सम्मानित करने वाले एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच पर 1 गोल्ड और 3 ब्रॉन्ज पुरस्कार प्राप्त किए हैं। यह उपलब्धि उस सशक्त दृष्टिकोण का परिणाम है, जिसे समूह पिछले दो दशकों से निरंतर अपनाता आ रहा है। विशेष उल्लेखनीय है कि एजेंसी पूर्वी भारत से एकमात्र प्रतिभागी के रूप में उभरी, जिसे प्रमुख बहुराष्ट्रीय नेटवर्क एजेंसियों और शीर्ष ब्रांड्स के साथ सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों के माध्यम से डिजाइन, क्राफ्ट और नवाचार के विविध आयामों में उत्कृष्ट रचनात्मकता को मान्यता दी गई। देशभर से आए ब्रांड्स और एजेंसियों ने अपनी प्रविष्टियाँ प्रस्तुत कीं, जो छह प्रमुख श्रेणियों–प्रोडक्ट डिजाइन, डिजाइन एक्सीलेंस, ब्रांड एवं कम्युनिकेशन, एक्सपीरियंस एवं इंटरैक्शन एक्सीलेंस, टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन तथा हॉल ऑफ फेम–में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं। प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत अनेक उप-श्रेणियाँ भी शामिल थीं। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मायबियस ग्रुप के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अखिल बी. पॉल ने कहा, ये सम्मान हमारे पिछले दो दशकों के सतत प्रयासों और टेक्नोलॉजी को कम्युनिकेशन के साथ प्रभावी रूप से एकीकृत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। प्रतिष्ठित नेटवर्क एजेंसियों और राष्ट्रीय ब्रांड्स के साथ पहचान मिलना हमारे लिए अत्यंत प्रेरणादायक है।

## आम आदमी पार्टी की जिला कार्यकारिणी बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** आम आदमी पार्टी जिला अंबाला की कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय, अंबाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने की। इस दौरान कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को आगामी चुनावों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न वार्डों से चुनाव लड़ रहे पार्टी प्रत्याशियों के साथ भी विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रत्याशियों से चुनाव




प्रचार की रणनीतियों, जनसंपर्क बढ़ाने और संगठन को मजबूत करने के विषय में विचार-विमर्श किया। उन्होंने कार्यकताओं को एकजुट होकर पूरी मेहनत और लगन से चुनावी मैदान में उतरने का आान किया। इस अवसर पर डॉ. गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरे आत्मविश्वास के साथ जिला अंबाला में अपने प्रत्याशियों को ह्यझाडूह्न चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़वाएगी और जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियां और जनहित के कार्य जनता के बीच मजबूत पकड़ बना रहे हैं, जिसका लाभ आगामी चुनावों में मिलेगा। बैठक में जिला अध्यक्ष रजनीश शर्मा, महिला विंग की जिला अध्यक्ष नीतू सिंह, लोकसभा जॉइंट सेक्रेटरी राजेश सहोता, स्टेट जॉइंट सेक्रेटरी चंद्रशेखर, ओबीसी जिला अध्यक्ष शमी, सुखविंदर सिंह हैप्पी (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट), एडवोकेट हरनीत सिंह, संजय मौर्य, सतीश, सुधीर राणा, गुरचरण सिंह, दिलबाग सिंह, गुरदेव, सनी, कुलबीर सिंह, निशा, मनजीत सरपंच, विवेक और बबनित शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने 10 रेहड़ी-ठेले जब्त किए, ऑटो इंपाउंड

**पंचकूला/ 17 अप्रैल :-** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु और सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से पंचकूला ट्रैफिक पुलिस द्वारा आज एक विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई थाना यातायात शहर पंचकूला की टीम द्वारा एसीपी ट्रैफिक श्री सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कमांड अस्पताल के समीप सड़क पर की गई। अभियान के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए कुल 10 रेहड़ी-ठेलों को नगर निगम की टीम के सहयोग से जब्त किया गया। ये रेहड़ी-ठेले यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहे थे, जिससे आमजन को



आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इसके अलावा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए एक ऑटो को भी ट्रैफिक पुलिस द्वारा इंपाउंड किया गया। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला है। पुलिस के अनुसार, इस प्रकार के अतिक्रमण न केवल ट्रैफिक जाम का कारण बनते हैं, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना को भी बढ़ाते हैं। इसलिए ऐसे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

**डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहाः** पंचकूला पुलिस का मुख्य उद्देश्य शहर में सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखना है। सड़क पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## 12 ग्राम 02 मिलीग्राम हेरोइन सहित बाइक सवार युवक काबू

**सिरसा-(शुभम-खटक)** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निदेर्शानुसार सिरसा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गांव सूखचैन क्षेत्र से बाइक सवार एक युवक को 12 ग्राम 02 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव सुखचैन की तरफ जा रही थी।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सुचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| Sn | Lot No. | Description | Auction Start Date Time |
|---|---|---|---|
| 1 | MSS-UMB-UMB-PS-75-26-1 | अंबाला कैंट में सिंगल ब्रांड कंपनी के स्वामित्व वाली / संचालित प्रीमियम आउटलेट की स्थापना और संचालन अंबाला डिवीजन के रेलवे स्टेशन पर 05 वर्षों की अवधि के लिए (साइट–योजना के अनुसार) | 27.04.2026 12.00.00 hrs |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये। 1269/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## जानलेवा हमले के तीन आरोपी काबू

**कैथल।** थाना सीवन क्षेत्र के गांव कांगथली में पुरानी रंजिश के चलते हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई लाइसेंसी बंदूक भी बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गांव कांगथली निवासी राकेश कुमार ने शिकायत दी कि 15 अप्रैल की शाम जब वह घर से बाहर जा रहा था, तो रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे बोबी, गुरुचरण और राजू ने उसे रोक लिया। आरोपियों के पास टकूआ और कृपाण जैसे हथियार थे, जिनसे उन्होंने हमला कर दिया।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 03–अम्बाला / 2026–27, दिनांकः 17.04.2026**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय / अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यो के सामने दी गयी तिथि को **15:00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BTI में TMC स्टाफ हेतु POH/IOH शेड, निरीक्षण पिट एवं निरीक्षण कक्ष, विदयुत एवं इलेक्ट्रोनिक परीक्षण प्रयोगशाला, न्यूमैटिक परीक्षण प्रयोगशाला, प्रशासनिक भवन तथा विश्राम कक्ष का विस्तार एवं ART/SRE, KLK तथा SPARMV BTI के लिए आधारभूत संरचनात्मक सुविधाओं का सृजन (केवल BTI में सिविल कार्य)। | 2,56,14,463/- | 5,12,300/- | 12 महीने | 11.05.2026 |
| 2 | ADEN/PTA के अधीन LDH-DUI एवं JHL-HSR सेक्शन में ट्रैक की सुरक्षित संचालन हेतु CRO स्थानों पर ट्रैक के साथ सुरक्षा फेंसिंग (RCC दीवार / एंटी क्रैश बैरियर) की व्यवस्था। | 4,13,57,818/- | 8,27,200/- | 12 महीने | 11.05.2026 |
| 3 | सेखा, हादियाया, तपा, रामपुरा फूल, लेहरा मुहब्बत, भुच्चू, बठिंडा कैंट, गिद्दड़बाहा, मलोट, नाभा, सुनाम उधम सिंह वाला, धबलान, कौलसेरी, छितनवाला, दौण कला एवं अहमदगढ स्टेशनों के मौजूदा प्लेटफार्मो पर टैक्टाइल गाइडिंग एवं चेतावनी टाइल्स की व्यवस्था। | 1,64,40,372/- | 3,28,800/- | 12 महीने | 11.05.2026 |
| 4 | राजपुरा–धुरी, धुरी–बठिंडा, बठिंडा–श्रीगंगानगर, लुधियाना–धुरी–जाखल एवं जाखल–हिसार सेक्शनों के विभिन्न NSG-1 से NSG-5 श्रेणी के स्टेशनों पर दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं का उन्नयन। | 56,36,286/- | 1,12,700/- | 08 महीने | 11.05.2026 |

नोटः 1. ठेकेदार को शर्तो के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग / गेटवे पेमेन्ट / बैंक गारंटी बांड, अनुबंध–IV के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

1270/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**जना स्मॉल फाइनेंस बैंक**
अनुसूचि कॉमर्शियल बैंक

पंजीकृत कार्यालयः जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड– द फेयरवे, ग्राऊंड & पहली मंजिल
सर्वे नं. 10/1, 11/2 & 12/2/बी, कार्यालय डोमलर, कोरामंगला, इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, छल्लाघाटा, बैंगलोर- 560071 क्षेत्रीय शाखा कार्यालय 16/12, दूसरी मंज़िल, डब्ल्यू.ई.ए., आर्य समाज रोड, करोल बाग, दिल्ली – 110005, भारत।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस।**

जबकि आप, नीचे बताए गए उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, गारंटर और बंधककर्ता, ने अपनी अचल संपत्तियों को बंधक रखकर जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड से ऋण प्राप्त किया है। आप सभी द्वारा की गई चूक के परिणामस्वरूप, आपके ऋण खाते को 'गैर-निष्पादित संपत्ति' के रूप में वर्गीकृत किया गया है; जबकि जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड अधिनियम के तहत एक सुरक्षित लेनदार होने के नाते, और उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 'सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002' के नियम 2 के साथ पढ़ा जाए), एक 'मांग नोटिस' जारी किया। इस नोटिस में कॉलम संख्या 2 में उल्लिखित उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं से यह मांग की गई थी कि वे नोटिस में उल्लिखित राशि को, उस पर लगने वाले भविष्य के ब्याज सहित, नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुका दें; परंतु विभिन्न कारणों से, उनमें से कुछ लोगों को ये नोटिस तामील नहीं किए जा सके।

| क्रमांक सं. | ऋण लेने वाले/ सह-ऋण लेने वाले/ गारंटर/ बंधककर्ता का नाम | ऋण खाता नंबर और ऋण राशि | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | एनपीए की तिथि और मांग नोटिस की तिथि | रुपये में देय राशि। / के रूप में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1) श्रीमती मीनू रानी (आवेदक), 2) श्री पिंटू (सह-आवेदक) | ऋण खाता संख्याः 45289610000544, ऋण राशिः 18,50,000/- | बंधक अचल संपत्ति (अनुसूची संपत्ति): वह समस्त भूमि एवं संपत्ति जो 1 किट्टा संपत्ति, खसरा संख्या 85/9/2 (3-0), 10 (7-11) में स्थित है, कुल क्षेत्रफल 10 कनाल 11 मरला में से 75/6382 हिस्सा अर्थात 75 वर्ग गज, जो पट्टी मकदूमजादगान, आबादी जगदीश नगर, एम.सी. सीमा के अंदर, तहसील पानीपत, जिला पानीपत, हरियाणा में स्थित है (जिसका विस्तृत वर्णन दस्तावेज संख्या 19528 दिनांक 28.03.2025 में किया गया है), जो श्रीमती मीनू रानी, पत्नी श्री पिंटू के स्वामित्व में है। | एनपीए की तिथिः 03.04.2026, मांग नोटिस की तिथिः 15.04.2026 | 19,13,314/- (रुपये उन्नीस लाख तेरह हजार तीन सौ चौदह मात्र), दिनांक 13.04.2026 के अनुसार। |
| 2 | 1) श्री इसरान अली (आवेदक), 2) श्रीमती सरीना (सह-आवेदक) | ऋण खाता संख्याः 47910530000192, ऋण राशिः 4,00,000/- | बंधक अचल संपत्ति (अनुसूची संपत्ति): वह समस्त भू-खंड/मकान, जिसका यू.आई.डी. संख्या 58001 डब्लयूबी1एस1000 आर00850 है, क्षेत्रफल 69.992 वर्ग गज, जो ग्राम इस्माइलपुर के लाल डोरा क्षेत्र में, उप-तहसील सढौरा, तहसील बिलासपुर, जिला यमुनानगर में स्थित है (जिसका स्वामित्व पंजीकृत घोषणा/विलेख/स्वामित्व/कब्जा प्रमाण पत्र संख्या 6189 दिनांक 03.02.2022 के अनुसार है), जो श्री इसरान अली, पुत्र श्री गुलामुदीन के स्वामित्व में है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः 2.704 मी + 2.634 मी + 0.094 मी + 7.178 मी, पश्चिमः 6.626 मी + 10.004 मी + 0.89 मी, उत्तरः 1.504 मी, दक्षिणः 6.762 मी। | एनपीए की तिथिः 03.04.2026, मांग नोटिस की तिथिः 15.04.2026 | 4,26,266/- (रुपये चार लाख छब्बीस हजार दो सौ छियासठ मात्र), दिनांक 13.04.2026 के अनुसार। |

इसलिए, कॉलम नंबर 2 में बताए गए ऋणी / सह-ऋणी / गारंटर और बंधककर्ता को यह नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के अंदर, कॉलम नंबर 6 में दिखाई गई कुल राशि का भुगतान करें। यह राशि संबंधित ऋणी / सह-ऋणी के ऋण खाते के संबंध में, कॉलम नंबर 6 में दिखाई गई तारीख तक देय पाई गई है। यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि कुल राशि, साथ ही भविष्य का ब्याज और अन्य राशि जो भुगतान की तारीख तक देय हो सकती है, का भुगतान नहीं किया जाता है, तो ' जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड को कॉलम नंबर 4 में बताई गई संपत्तियों पर सुरक्षा हित को लागू करने के लिए उचित कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। कृपया ध्यान दें कि यह प्रकाशन उन अधिकारों और उपायों पर बिना किसी प्रतिकूल प्रभाव के किया गया है जो कानून के तहत, उक्त वित्तीय मामलों के ऋणी / सह-ऋणी / गारंटर / बंधककर्ता के खिलाफ खंल्लं रें''जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के लिए उपलब्ध हैं। आपसे आगे यह भी अनुरोध है कि आप ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको सुरक्षित ऋणदाता की पूर्व सहमति के बिना, ऊपर बताई गई सुरक्षित संपत्ति को बेचने या उससे किसी भी प्रकार का लेन-देन करने, या सुरक्षित संपत्ति को बिक्री, पट्टे या किसी अन्य तरीके से स्थानांतरित करने से रोका जाता है।

दिनांकः 17 .04 .2026, स्थानः हरियाणा
हस्ता/- अधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के लिए

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 18 अप्रैल 2026 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

## जन समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं अधिकारी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दूसरे दिन शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार, आपकी हर समस्या पर प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराएगी। शिकायतों को सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित करें। शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी करीब दो सौ लोगों से मिले। उनके पास जा-जाकर उनके प्रार्थना पत्र को अपने हाथ में लेकर उसका अवलोकन किया। जनता दर्शन में अलग-अलग मामलों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस



**आश्वस्त**

☐ लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार, आपकी हर समस्या पर प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराएगी

अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित और हस्तगत किया। साथ ही निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में हर बार की तरह शुक्रवार को भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार धन उपलब्ध कराएगी।

## इसरो की स्पेस ऑन व्हील्स से जशपुर में विज्ञान की नई उड़ान

**टीम एक्शन इंडिया**
**जशपुरनगरः जशपुर** जिले में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्पेस ऑन व्हील्स कार्यक्रम ने बच्चों में नई ऊर्जा भर दी है। रणजीता स्टेडियम जशपुर में आज भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो की इस विशेष मोबाइल प्रदर्शनी बस का आगमन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंतरिक्ष गाड़ी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित रॉकेट, उपग्रह एवं अंतरिक्ष मिशनों से जुड़े विभिन्न मॉडलों का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में अध्ययनरत कक्षा 12 वीं की छात्राएं कुमारी अंशु पासवान, भूमिका डाहरे एवं सारिका साहनी ने स्वयं आगे बढ़कर चंद्रयान,



मंगलयान सहित विभिन्न अंतरिक्ष तकनीकों की कार्यप्रणाली को सरल और प्रभावी ढंग से मुख्यमंत्री को समझाया। बच्चों के आत्मविश्वास और वैज्ञानिक समझ की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस प्रकार की पहलें दूरस्थ क्षेत्रों में विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दौर में विज्ञान और तकनीक ही विकास की आधारशिला है। ह्यस्पेस ऑन व्हील्सह्व जैसे कार्यक्रम हमारे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। इससे बच्चों में जिज्ञासा बढ़ेगी, नवाचार की भावना विकसित होगी और वे भविष्य में देश के वैज्ञानिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने जिले में स्पेस ऑन व्हील्स के माध्यम से विभिन्न स्कूलों में जानकारी देने के

**जिज्ञासा**

☐ मुख्यमंत्री को स्कूली बच्चों ने समझाया चंद्रयान, मंगलयान, पीएसएलवी, जीएसएलवी

लिए 17 बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान की जानकारी से संबंधित "द मैजिक ऑफ नाइट स्काई" पुस्तिका वितरित किया। इस दौरान विधायक पत्थलगांव गोमती साय, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, सरगुजा संभाग के कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह सहित स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

**जिले के 10 हजार से अधिक बच्चे होंगे लाभांवित* -**
उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जिले में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए अन्वेषण कार्यक्रम के तहत इस पहल का आयोजन किया जा रहा है।
कलेक्टर रोहित व्यास की पहल एवं विज्ञान भारती के सहयोग से यह कार्यक्रम जिले के सभी विकासखंडों में संचालित होगा। यह विशेष कार्यक्रम 07 अप्रैल से प्रारंभ होकर 14 दिनों तक जिले के विभिन्न विद्यालयों में संचालित किया जा रहा है। इसकी शुरूआत पत्थलगांव से हुई और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह बस प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक विभिन्न स्कूलों में उपलब्ध रहती है।

## राज्यपाल ने शिक्षा पर एआई के प्रभाव संवाद कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**मार्गदर्शन**

☐ एआई आज के समय की एक वास्तविकता है, शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों को तेजी से प्रभावित कर रही



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजपुर रोड, देहरादून स्थित एक होटल में शिक्षा विभाग एवं संपर्क फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित शिक्षा पर एआई के प्रभाव संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज के समय की एक वास्तविकता है, जो शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों को तेजी से प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि एआई को केवल तकनीक के रूप में नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा निर्धारित करने वाले एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में देखा जाना चाहिए।
राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मेटावर्स और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उन्नत तकनीकों का युग है, जिन्हें अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन तकनीकों का समावेश उत्तराखण्ड के छात्रों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेगा। राज्यपाल ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे छात्रों को नई तकनीकों के प्रति जागरूक करें और उन्हें इसके उपयोग के लिए सक्षम बनाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तराखण्ड के शिक्षक और छात्र मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति का सूत्रपात करेंगे। उन्होंने कहा कि एआई के माध्यम से शिक्षा को अधिक समावेशी बनाया जा सकता है, विशेष रूप से दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों के छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने में यह सहायक सिद्ध होगा। साथ ही, एआई भाषा की बाधाओं को दूर कर स्थानीय भाषाओं में शिक्षा को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करता है।

## बिहार में जनगणना 2027 का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** विश्व के सबसे बड़े प्रशासनिक एवं सांख्यिकीय अभियान 'भारत की जनगणना-2027' का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपओ सचिवालय से माउस क्लिक कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्यवासियों से जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना सुशासन की आधारशिला है, जो आगामी वर्षों में विकास योजनाओं, नीतियों और कल्याणकारी कार्यक्रमों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। जनगणना-2027 तकनीकी दृष्टि से एक ऐतिहासिक पहल है। इसमें पहली बार पूर्णतः डिजिटल डेटा संग्रहण तथा स्व-गणना की सुविधा 17 अप्रैल 2026 से 01 मई 2026 उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में

**भागीदारी**

☐ सीएम ने राज्यवासियों से प्रक्रिया में उत्साहपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया

जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 02 मई 2026 से 31 मई 2026 तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि वे इस राष्ट्रीय महत्व के अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें। स्व-गणना के माध्यम से या प्रगणकों को सहयोग प्रदान कर एक सटीक, समावेशी और विश्वसनीय जनगणना संपन्न करने में अपना सहयोग दें। 'जनगणना-2027' बिहार एवं देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करेगी।

## आदि शंकराचार्य का दर्शन, भारतीय संस्कृति, धर्म और आध्यात्मिक एकता का बना आधारः मोहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अद्वैत ज्ञान के सूर्योदय के केन्द्र ओंकारेश्वर की चेतना की अनुभूति आज सबको हो रही है। ज्ञान और ध्यान की धरती मध्य प्रदेश ने ऐतिहासिक रूप से धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया है। हर युग में इसके प्रमाण विद्यमान हैं।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को आचार्य शंकराचार्य जी की जयंती के अवसर पर खंडवा जिला स्थित ओंकारेश्वर के एकात्म धाम में आयोजित 5 दिवसीय प्रकटोत्सव के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर



रहे थे। कार्यक्रम में द्वारका शारदा पीठ के जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती, विवेकानंद केंद्र की उपाध्यक्ष पद्मनिवेदिता भिड़े, स्वामी शारदानंद सरस्वती सहित वरिष्ठ संतवृंद उपस्थित थे। राज्य सरकार के संस्कृति विभाग तथा आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास के तत्वावधान में 17 अप्रैल से 21 अप्रैल तक यह एकात्म पर्व मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश की धरती वास्तव में ज्ञान और आध्यात्म की स्थली है। श्रीरामचन्द्र जी वनवास मिलने पर मंदाकिनी माता के किनारे चित्रकूट के धाम पधारे और प्रभु श्रीराम का आगे का जीवन मानव मात्र के लिए पूजनीय हो गया, समाज ने रामराज्य का अनुभव प्राप्त किया। इसी प्रकार श्रीकृष्ण, कंस वध के बाद शिक्षा ग्रहण करने उज्जयिनी स्थित सांदीपनि आश्रम पधारे। इसके बाद

**अनुभूति**

☐ अद्वैत ज्ञान के सूर्योदय के केन्द्र ओंकारेश्वर की चेतना की अनुभूति आज सबको हो रही

भगवान श्रीकृष्ण ने कर्मवाद का संदेश दिया, जो वर्तमान में भी प्रासंगिक है। सनातन काल में कालड़ी केरल से चले 8 वर्षीय बालक शंकर ओंकारेश्वर पधारे, जहां परम पूज्य गुरू गोविंदपाद जी के आशीर्वाद से आदि शंकराचार्य बनकर सनातन धर्म की धारा को अविरल रूप से बहाने का आधार प्रदान किया। आदि शंकराचार्य का दर्शन भारतीय संस्कृति, धर्म और आध्यात्मिक एकता का आधार बना। हमारी सनातन विरासत, शास्त्र और आध्यात्मिक परम्पराएं यदि आज जीवित एवं जागृत हैं तो यह आदिगुरू शंकराचार्य के प्रयास और आशीर्वाद से ही संभव हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने द्वारका शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज के साथ वैशाख शुक्ल पंचमी के उपलक्ष में आयोजित आदि शंकराचार्य के प्रकटोत्सव 'एकात्म पर्व' कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।

## गैस सिलेंडर लीक होने से बिरयानी दुकान में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिलीगुड़ी।** सिलीगुड़ी के ईस्टर्न बाईपास के पास बानेश्वर मोड़ इलाके में एक बिरयानी दुकान में शुक्रवार को गैस सिलेंडर से आग लगने की घटना से अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को दुकान में खाना बनाते समय अचानक गैस लीक होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। स्थानीय लोगों की तत्परता से दुकान के अंदर रखे चार गैस सिलेंडरों को बाहर निकाला गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। उनकी कोशिशों से आग काफी हद तक नियंत्रित कर ली गई। बाद में मौके पर दमकल की एक गाड़ी पहुंची, साथ ही आशिघर पुलिस चौकी और ट्रैफिक पुलिस के कर्मी भी मौजूद रहे। दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।
हालांकि, स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि दमकल की टीम करीब आधे घंटे की देरी से पहुंची, जिससे नाराजगी देखी गई। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई बड़ा नुकसान या जनहानि नहीं हुई।

## सिलीगुड़ी में भजनलाल ने प्रत्याशी के समर्थन में किया रोड शो

**उत्साह**

☐ पूरे मार्ग पर पार्टी समर्थकों की भारी भीड़ देखने को मिली और जबरदस्त उत्साह नजर आया।




**टीम एक्शन इंडिया**
**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी कड़ी में सिलीगुड़ी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार शंकर घोष के समर्थन में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को रोड शो किया। इस रोड शो में बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। पूरे मार्ग पर पार्टी समर्थकों की भारी भीड़ देखने को मिली और माहौल में जबरदस्त उत्साह और जोश नजर आया। रोड शो के दौरान समर्थक पार्टी के झंडे और बैनर लेकर नारेबाजी करते दिखे। इससे इलाके में चुनावी माहौल और भी गर्म हो गया है। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए भजनलाल शर्मा ने कहा कि मैंने बंगाल का जो माहौल देखा है, उससे मैं पूरी तरह आश्वस्त हूं कि भाजपाइस बार बंगाल में सत्ता में आने वाली है।

## राजस्थान पुलिस स्थापना दिवसः डीजीपी ने समाज के तीन नायकों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** प्रदेशभर में ऐसे कई लोग हैं जो आपदा प्रबंधन के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में, महिला एवं बाल अत्याचार के मामलों में सहित विविध अपराधों की रोकथाम तथा अपराधियों की गिरफ्तारी में सहायक सूचनाएं उपलब्ध कराने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने सहित अन्य प्रकार से पुलिस कार्यों में उल्लेखनीय सहयोग देते हैं। सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने वाले इसी प्रकार के लोगों के के कार्यों को प्रोत्साहित करने व अन्य लोगों को भी प्रेरित करने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस के 77 वें स्थापना दिवस के गौरवशाली




अवसर पर राजस्थान पुलिस ने समाज के उन अनसंग हीरोज का सम्मान किया जिन्होंने निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा कर पुलिस का सहयोग किया है। समारोह की सांस्कृतिक संध्या के दौरान महानिदेशक पुलिस राजीव शर्मा ने सिरोही के प्रकाश प्रजापति, झालावाड़ के सुजीत कश्यप और उदयपुर की सिंधु बिनुजीत को उनके उल्लेखनीय सामाजिक योगदान के लिए राज्य स्तरीय प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीजीपी शर्मा ने कहा कि पुलिस और समाज के बीच की यह भागीदारी ही एक सुरक्षित और संवेदनशील प्रदेश की नींव है। उन्होंने इन तीनों के कार्यों को पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का पुंज बताया। शर्मा ने कहा कि पुलिसिंग केवल अपराधियों को पकड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के साथ मिलकर एक सुरक्षित वातावरण बनाना भी है। उन्होंने प्रकाश प्रजापति, राम कश्यप और सिंधु बिनुजीत के कार्यों को अनुकरणीय बताया।
सिरोही के समाजसेवी प्रकाश प्रजापति पिछले 27 वर्षों से पुलिस और प्रशासन के 'संकटमोचक' बने हुए हैं। इन्होंने अब तक 1584 लावारिस एवं दुर्घटना में मृत शवों को निःशुल्क गंतव्य तक पहुँचाया और विधि-विधान से अंतिम संस्कार कर मानवता का फर्ज निभाया। कोरोना काल जब लोग अपनों को छूने से कतरा रहे थे, तब प्रकाश जी ने 360 कोरोना पॉजिटिव शवों का अंतिम संस्कार करवाया।

## महिला आरक्षण को हमारा पूरा समर्थन, लेकिन केंद्र द्वारा यह सिर्फ चुनावी ड्रामा रचा जा रहा हैः मीत हेयर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी (आप) के संगरूर से सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने संसद के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण और परिसीमन बिल पर बोलते हुए कहा कि महिला आरक्षण बिल को हमारा पूरा समर्थन है, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा इसे लाने की मंशा और समय पर उन्होंने शंका जताते हुए इसे राजनीतिक लाभ ेने के उद्देश्य से उठाया गया कदम बताया। साथ ही उन्होंने परिसीमन बिल का सख्त विरोध करते हुए चेतावनी दी कि यह पंजाब जैसे राज्यों के संघीय



ढांचे को तोड़कर प्रतिनिधित्व को और कमजोर कर सकता है। संसद में देर रात हुई बहस को संबोधित करते हुए आप के सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि हम महिला आरक्षण बिल का पूरा समर्थन करते हैं, लेकिन इसके पीछे केंद्र सरकार की मंशा गंभीर शंकाएं खड़ी करती है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके और समय पर यह बिल लाया गया है, उससे पता लगता है कि इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम की बजाय राजनीतिक लाभ की कोशिश के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। अगर केंद्र सरकार का इरादा साफ और सही होता तो वह इस बिल को 2023 में ही पास कर सकती थी।